# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 02 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 88, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 1187 अंकों की उछाल

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी रही और सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। } 10

## कांग्रेस खुलकर घुसपैठियों का समर्थन करती है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भाजपा और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। } 12

### संक्षेप

### चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर विस्फोट

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने इलाके को घेर लिया। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख विनीत जोशी ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे ये आवाजें सुनाई दीं। सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और केंद्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला की एक टीम मुआइना करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। जोशी ने पत्रकारों से कहा, हमने विस्फोट की आवाज सुनी।

### रूसी सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 29 मरे

मॉस्को। रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी। खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं। रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### बस की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना तितावी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर-जलालपुर मार्ग पर हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि पीड़ितों की पहचान महिपाल (45), उनके बेटे अभि (8) और बेटी राधिका (12) के रूप में हुई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिपाल की पत्नी पूनम (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## डिजिटल भुगतान के लिए दो स्तरीय सत्यापन हुआ जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण बुधवार से अनिवार्य हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों के तहत सभी तरह के डिजिटल लेनदेन के लिए अब दो-स्तरीय सत्यापन करना अनिवार्य हो गया है।

नये नियम के तहत कोई भी डिजिटल लेनदेन पूरा करने के लिए उपयोगकर्ता को दो स्तरों पर सत्यापन करना होगा। इसका मतलब है कि अब केवल यूपीआई पिन डालने से ही भुगतान पूरा नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने की स्थिति में भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। आरबीआई ने कहा है कि सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन में दो-स्तरीय सत्यापन करना अनिवार्य है। हालांकि

**धोखाधड़ी पर लगेगी रोक**

इसके लिए किसी विशेष तरीके को अनिवार्य नहीं किया गया है। लेकिन अधिकांश मामलों में एसएमएस के जरिये आने वाले वनटाइम पासवर्ड (ओटीपी) का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने अपने निर्देश में कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जनता ने राजनीति से कचरा हटाकर विकास को चुना : योगी

○ सीएम ने 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को किया फ्लैग ऑफ ○ पूर्व सरकारों को पसंद था अंधेरा, रोशनी देने की नहीं थी सोच

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मण जी के नाम पर लक्ष्मणपुरी में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के 9 वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता



रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री जी की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### योगी ने बारिश से परेशान किसानों का जाना हाल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे ...शेष पृष्ठ 10 पर


# विमान ईंधन और वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम बढ़े

○ एटीएफ की कीमतें हुईं दोगुनी ○ घरेलू एयरलाइंस में 8.5 प्रतिशत वृद्धि ○ वाणिज्यिक सिलेंडर 195.50 रुपये तक हुआ महंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा गया। इसी के साथ 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर (होटल-रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाला) की कीमत भी 195.50 रुपये बढ़ा दी गई है। दिल्ली में अब इसकी कीमत 2,078.50 रुपये हो गई है। घरेलू रसोई गैस (14.2 किलोग्राम) की कीमत में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है और दिल्ली में यह 913 रुपये प्रति सिलेंडर बनी हुई है।

ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत रुझानों के बीच वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम पेट्रोल की दरों में भी वृद्धि की गई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन





कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। इसके साथ ही, व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर (19 किलोग्राम) की वृद्धि की गई। देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। इससे एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत (यानी 15 रुपये प्रति लीटर या 15,000 रुपये प्रति किलोलीटर) की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने भी इस आंकड़े का समर्थन किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार... शेष पृष्ठ 10 पर

### विधवा महिला ससुर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार : कोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई महिला अपने पति की मृत्यु के बाद ससुर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की पीठ ने हाल ही में दिए गए निर्णय में कहा यह सुस्थापित नियम है कि पति पर पत्नी के भरण पोषण का दायित्व होता है।

अदालत ने कहा यह स्थिति उन परिस्थितियों से उपजी है जहां पति-पत्नी अलग हो गए हों और पत्नी ने गुजारा भत्ता की मांग की हो। अदालत ने कहा इसी प्रकार पत्नी का भरण पोषण करने का यह दायित्व, पति की मृत्यु के बाद भी लागू रहता है और कानून विधवा को अपने ससुर से भरण पोषण करने का दावा करने की अनुमति देता है। अदालत ने अकुल रस्तोगी नाम के व्यक्ति की प्रथम अपील खारिज करते हुए उक्त टिप्पणी की। हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम के मुताबिक, एक विधवा बहू अपने ससुर से गुजारा भत्ता की मांग कर सकती है, बशर्ते वह अपनी कमाई से या अपनी स्वयं की संपत्ति से खुद का भरण पोषण करने में असमर्थ हो। कानून के अनुसार विधवा बहू अपने... शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर किया हमला

○ माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर ○ 2-3 हफ्ते में खत्म हो जायेगा युद्ध : ट्रंप

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।



इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके द्वारा अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह दावा अपनी ट्रुथ सोशल... शेष पृष्ठ 10 पर

### ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू

यरुशलम। ईरान के खिलाफ युद्ध में बड़ी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार शाम कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व पेसाच (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वोकल फॉर लोकल की भावना को किया मजबूत : धामी

आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्योगिक परिषद के बीच हुआ समझौता

एजेंसी

देहरादून। वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के बीच हुए समझौता सम्पन्न हुआ।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ समझौता राज्य के सीमावर्ती इलाकों के विकास और किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस पहल से न केवल स्थानीय उत्पादों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में





आत्मनिर्भरता को भी नई गति देने की उम्मीद जगाई है। इस समझौते के उपरांत चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और चंपावत जैसे दुर्गम और सीमावर्ती जनपदों के किसानों को अब अपनी उपज के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वहीं देहरादून जैसे प्रमुख केंद्रों तक भी इन उत्पादों की आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया जाएगा, जिससे मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित होगा। मुख्यमंत्री धामी ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 23.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


○ टाटा की लखनऊ यूनिट में 15 से बनेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल (पृष्ठ-02)

○ लोक निर्माण विभाग ने बजट खर्च में रचा इतिहास (पृष्ठ-02)

○ बिजली की खपत मार्च में बढ़कर 150 अरब यूनिट पर (पृष्ठ-14)

○ कच्चातेल 3 प्रतिशत टूटकर 9,265 रुपये बैरल (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — सीमापार हैकिंग, एआई-जनित फिशिंग, डीपफेक के खतरे से निपटने में सक्षम होगा यूपी

# वैश्विक साइबर सुरक्षा का कवच बनेगा यूपी का फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बदलते साइबर अपराध के तौर-तरीकों पर लगाम कसने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राजधानी लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में 500 से ज्यादा साइबर फॉरेंसिक वारियर तैयार किए जा रहे हैं,

**○ वन स्टॉप सेंटर में होगा क्वांटम कंप्यूटिंग के हर अत्याधुनिक विषय का समाधान : डॉ. गोरखामी**

जो भविष्य में सीमापार हैकिंग, एआई जनित फिशिंग, डीपफेक और उभरते डिजिटल खतरों से मुकाबला करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आयोजित मीट माई मेन्टोर कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक के विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में साइबर अपराध का स्वरूप और अधिक जटिल होगा, लेकिन यूपी की यह पहल इसे रोकने में निर्णायक साबित



होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, भारत सरकार के सदस्य डॉ. अजय सिंह ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विश्वस्तरीय बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और नए साइबर खतरों से निपटने में अत्यंत कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज साइबर खतरे केवल ईमेल या एसएमएस तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अब वॉइस क्लोनिंग, डीपफेक वीडियो और फर्जी वीडियो कॉल के जरिए भी बड़े पैमाने पर अपराध किए जा रहे हैं। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के जरिए इन खतरों से निपटना आसान हो जाएगा। डॉ. अजय सिंह ने चेताया कि अब ऐसे मालवेयर सामने आ रहे हैं जो खुद सीख सकते हैं और अपने आप विकसित होकर सुरक्षा तंत्र को

**○ नये साइबर खतरों से निपटने में कारगर साबित होगा इंस्टीट्यूट : डॉ. अजय सिंह**

भी चकमा दे सकते हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग की सीमाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि डेटा पर हमला कई संगठनों को प्रभावित करता है। ऐसे में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने वाली हैं और यही समय है जब युवाओं को इसके लिए तैयार किया जाए। उन्होंने छात्रों को कानूनी, फॉरेंसिक और तकनीकी ज्ञान को एक साथ जोड़कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी का सरगना शुभम भगोड़ा घोषित

जिला संवाददाता

वाराणसी। स्थानीय अदालत ने कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले के सरगना शुभम जायसवाल को नोटिस मिलने के बावजूद तय समय सीमा के अंदर अदालत में पेश नहीं होने पर भगोड़ा घोषित कर दिया है।

रोहनिया थाने के प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि फास्ट ट्रैक अदालत ने 27 फरवरी को एक नोटिस जारी किया था जिसमें जायसवाल को 30 दिन में पेश होने का निर्देश दिया गया था। सिंह ने कहा कि चूंकि उसने तय समय सीमा में आदेश का पालन नहीं किया इसलिए मंगलवार देर रात जांच अधिकारी दिनेश त्रिपाठी की शिकायत पर उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया और अब उसे फरार घोषित कर दिया गया है। जायसवाल पिछले साल 19 नवंबर को वाराणसी के भेलूपुर इलाके में लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के कोडीन युक्त कफ सिरप को नष्ट किए जाने से जुड़े एक मामले में आरोपी है।

सिंह ने बताया कि रोहनिया थाने में जायसवाल, उसके पिता भोला जायसवाल, आजाद जायसवाल और गाजियाबाद के सौरभ त्यागी समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि जायसवाल अब भी फरार है। यह घटनाक्रम राज्य में कोडीन-युक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार के खिलाफ जारी व्यापक कार्रवाई के बीच हुआ है। पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर



# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में सिल्वर जुबिली एलमुनाई रीकनेक्ट 2026

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 25 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज,बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय,लखनऊ द्वारा 29 मार्च 2026 को सिल्वर जुबिली 'एलमुनाई रीकनेक्ट - रीयूनाइटिंग स्माइल्स, रिवाइविंग मेमोरीजश् का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो-चांसलर विराज सागर दास तथा बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के मार्गदर्शन और सहयोग से किया गया।डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रिय संस्थान में लौटकर पुरानी यादों को ताजा किया तथा संस्थान की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के हार्दिक स्वागत एवं पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसके पश्चात छात्रों द्वारा प्रस्तुत मंगलमय गणेश वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद संस्थान की उपलब्धियों, विकास और अत्याधुनिक सुविधाओं को दशोर्ती एक वीडियो प्रस्तुति ने कार्यक्रम की दिशा निर्धारित की। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) नीता पसरीचा ने सभी का स्वागत करते हुए विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शैक्षणिक एवं क्लिनिकल उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान की विरासत को और सशक्त बनाया है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर श्री कृष्ण श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) एस सी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। कुलपति महोदय ने संस्थान की 25 वर्षों की सफल यात्रा पर बधाई दी तथा कॉलेज की पहचान निर्माण में पूर्व छात्रों के योगदान की सराहना की। कुलपति द्वारा उन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान एवं उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।उदघाटन सत्र के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ हुआ। इसमें छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं मित्रता पर आधारित मधुर समूह गीत ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के उत्साहपूर्ण वातावरण को और अधिक जीवंत बनाते हुए पूर्व छात्रों ने भी स्वतःस्फूर्त प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भावपूर्ण शायरी, मधुर गिटार वादन एवं गायन शमिल था। शिक्षकगणों द्वारा प्रस्तुत एक विशेष समूह गीत, जो पूर्व छात्रों को समर्पित था, को सभी ने सराहा।

एलुमनाई संवाद सत्र के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए, आपसी जुड़ाव को मजबूत किया और एक-दूसरें की जीवन यात्राओं से प्रेरणा ली। एक विशेष वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से 25 वर्षों की यादगार तस्वीरों ने सभी को अतीत की स्मृतियों में ले गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व डीनों के संदेशों ने अपने अनुभव, स्नेह और संस्थान के प्रति गहरे लगाव को व्यक्त किया।उनके शब्दों में अब तक की यात्रा पर गर्व तथा भंविष्य के लिए आशा और प्रेरणा सूपष्ट झलक रही थी। एलुमनाई समिति की अध्यक्षा डॉ., जिजी जॉर्ज, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर एक स्मरणीय समूह छायाचित्र लिया गया, जिसने इस पुनर्मिलन की भावना को साकार किया और स्थायीं सबधों का प्रतीक बना।इसके पश्चात हाई-टी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने शिक्षकों एव वर्तमान छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए और नए संबंधों को और मजबूत किया परिसर भ्रमण के दौरान पूर्व छात्रों को पिछले 25 वर्षों में हुए विकास एवं प्रगति की झलक दिखाईं गईं।

सिल्वर जुबिली 'एलुमनाई रीकनेक्ट - रीयूनाइटिंग स्माइल्स, रिवाइविंग मेमोरीजश् हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।पूर्व छात्रों ने संस्थान के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते ह्ए इस पुनर्मिलन को प्रतिवर्ष आयोजित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन संस्थान की समृद्ध विरासत एव उसके शैक्षणिक परिवार के बीच मजबूत संबंधों का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

# फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर आसानी से मिलेगा किसान हितैषी योजनाओं का लाभ : सीएम

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है।इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके।उन्होंने निर्देश

- **नाम या अभिलेखों में त्रुटि, आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाये**

दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए।

साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए।इसके माध्यम से लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग भी अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा और एक ही लाभार्थी को बार-बार लाभ मिलने की स्थिति की समीक्षा भी सहज रूप से की जा सकेगी।

# टाटा की लखनऊ यूनिट में 15 से बनेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी के कूड़ा प्रबंधन के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट, विशेषकर मेट्रो संचालन में अग्रणी बनकर उभरा है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा-ग्रेटर नोएडा सहित 7 शहरों में मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के कारण यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। केवल लखनऊ में ही प्रतिदिन लगभग एक लाख लोग मेट्रो से यात्रा कर रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि जनता को सुविधा चाहिए और उसे उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे सरकार प्रभावी ढंग से निभा रही है।

सीएम ने कहा इलेक्ट्रिक बस सेवा का तेजी से विस्तार किया जा रहा है और सिटी बस सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों में बदला जा रहा है।शहरों को आपस में जोड़ने और

- **अशोक लीलैंड के बाद अब टाटा की इलेक्ट्रिक बस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी शुरू होगी**
- **लखनऊ बन रहा क्लीन सिटी और ग्रीन सिटी**

सैटेलाइट सिटी को कनेक्ट करने के लिए भी इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क विकसित किया जा रहा है।लखनऊ में अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक बस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू हो चुकी है। साथ ही 15 अप्रैल से टाटा की लखनऊ स्थित ऑटोमोबाइल यूनिट में भी इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण को आगे बढ़ाया जाएगा।यह दर्शाता है कि सही दिशा में पहल होने पर निवेशक स्वतः आकर्षित होते हैं और विकास को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन जैसी व्यवस्था सामान्य लगती है, लेकिन 2017 से पहले इसकी सोच भी नहीं थी।सत्ता में बैठे लोगों के कारनामे भी कूड़े से भरे थे। अव्यवस्था और गंदगी का परिणाम इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आता था, जिसने उत्तर प्रदेश को बुरी तरह प्रभावित किया।जो राज्य विकास और विरासत का नेतृत्व कर सकता था, वह खुद बीमारू बन गया था, जहां मासूमों की असमय मौतें होती थीं।उस दौर में संवेदनहीनता और उपेक्षा हावी थी, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है और देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना रहा है।हमने बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ कूड़े से उत्पन्न समस्याओं का भी समाधान किया है। जहां स्वच्छता होगी, समृद्धि भी वहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पिछले दिनों लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह की ओर से 200 से अधिक ऐसे वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई थी, अब 250 नए वाहन लखनऊ के हर वार्ड में लगाए जा रहे हैं, जिससे घर-घर कूड़ा प्रबंधन को और सशक्त किया जाएगा और शहर को क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में गति मिलेगी। इसी क्रम में गोमती नदी के पुनरुद्धार और कुकरैल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर सौमित्र वन का विकास किया गया है। जो पहले उपेक्षित क्षेत्र था, आज वहां का परिवर्तित स्वरूप लोगों को आकर्षित कर रहा है और लखनऊ के सकारात्मक बदलाव की पहचान बन चुका है।सीएम योगी ने कहा कि हाल में बाहर से आए कुछ लोगों ने सौमित्र वन के बारे में पूछा, तो मैंने बताया कि पहले की सरकारों ने नदी पर अवैध कब्जे कराए थे, उसे हटाकर यह सिटी वन विकसित किया गया है। सौमित्र नाम भगवान लक्ष्मण जी के नाम पर रखा गया है, जो उनके प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। आज यह स्थान लखनऊ की शान बन चुका है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्वांचल की सांस्कृतिक विरासत को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को पूर्वांचल महोत्सव 'माटी-9' में एक विशिष्ट सभा को संबोधित किया। यह महोत्सव पूर्वांचल क्षेत्र की कला, खान-पान, पर्यटन और विरासत के जश्न को समर्पित है।

माटी (मिट्टी) विषय पर आधारित यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के लोगों और उनकी पैतृक जड़ों के बीच के गहरे संबंध का रेखांकित करता है। इस अवसर पर श्री बिरला ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में पूर्वांचल के योगदान की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्वांचल की माटी केवल मिट्टी नहीं है; यह लचीलेपन, परंपरा और जीवंत सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारी मिट्टी की खुशबू ही हमारी पहचान को परिभाषित करती है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि 'माटी 9' जैसे उत्सव यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि युवा वैश्विक सफलता प्राप्त करने के बाद भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने स्थानीय बोलियों, लोक कलाओं और पारंपरिक व्यंजनों को सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तत्व न केवल इतिहास को सहेजते हैं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय ताने-बाने को भी मजबूत करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने पूर्वांचल के सांस्कृतिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरने पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ की अनूठी विरासत स्थानीय उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। उन्होंने पूर्वांचल के प्रवासियों की भी प्रशंसा की और कहा कि विदेशों में रहने वाले यहां के लोग अपनी मातृभूमि के मूल्यों को बनाए रखे हुए हैं और वैश्विक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

श्री बिरला ने कहा, आज पूर्वांचल के लोगों ने देश और दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने उल्लेख किया कि संसद के गलियारों से लेकर ग्रामीण समाज के जमीनी स्तर तक और स्थानीय गांवों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक - पूर्वांचल के लोगों की प्रतिभा और प्रतिबद्धता राष्ट्र के लिए एक प्रेरक शक्ति बनी हुई है।

# रबी फसलों की खरीद के लक्ष्यों का आवंटन जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत विभिन्न फसलों की खरीद के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और लक्ष्यों का आवंटन जारी कर दिया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, तूर (अरहर-खरीफ), चना, मसूर एवं लाही-सरसों की अधिकतम अनुमन्य मात्रा के क्रय हेतु केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के मध्य लक्ष्यों का विभाजन सुनिश्चित कर दिया गया है।इस वर्ष इन फसलों की खरीद की कार्यवाही 07 अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी।इस संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन के समीक्षा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि मूल्य समर्थन योजना का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने के बाद ही किसानों को मिल सकेगा।

# भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से देश में असंतुलन : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने व्यापार जगत से अपील की है कि भाजपा के पक्षपात की वजह से देश के व्यापार जगत में भूचाल आ गया है।किसी को वैध तरीके से हासिल किये गये सौदे से वंचित किया जा रहा है। जिसकी वजह से वे खुलकर-लिखकर विरोध कर रहे हैं और उनके विरोध को देश के दूसरे बड़े कारोबारी लिखा-पढ़ी में आगे बढ़ा रहे हैं।

भाजपा की एकतरफा नकारात्मक नीतियों की वजह से एक तो देश में असंतुलन हो रहा है, दूसरी तरफ विदेशी निवेशक विश्वास खो रहे हैं क्योंकि उनको लगता है कि जब भारतीय कारोबारियों के बीच ही इतने बड़े स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है, तो हम तो विदेशी हैं, हमको न जाने कब इन का सामना करना पड़े। इन हालातों में भारतीय व्यापार जगत के बीच कटुता का माहौल बनने की आशंका जन्म ले रही है, जो भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए हर तरह से बेहद हानिकारक है। सच्चाई तो ये है कि ऐसे में हमें डॉ. लोहिया जी की वो बात याद करनी चाहिए जिसका मर्म यह था कि पक्षपात के कारण उपजे असमान अवसरों की वजह से जो व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है, उसकी वजह से पूंजीपति ही पूंजीपति को खत्म करने लगता है। जिसका नुकसान न सिर्फ. पूँजीपतियों, कारोबारियों, व्यापारियों को होता है बल्कि देश की जनता को भी होता है क्योंकि ऐसे में संसाधन एक-दूसरे को खत्म करने में लगने लगते हैं; न कि विकास-तरक्क़ी के लिए उद्योग-धंधों को आगे बढ़ाने में। इससे कच्चे माल की खपत घटती है और काम के अवसर भी।

संबंधित छोटे उद्योग भी इससे प्रभावित होते हैं और सबसे ज्यादा रोजगार देनेवाले टरटए का भट्ठा बैठ जाता है। साथ ही देश की इंटरनेशनल इमेज पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इससे मंदी, बेरोजगारी और बेकारी का संकटकाल और भी गहरा जाता है, आजकल ऐसा ही दौर चल रहा है।

ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दो-तीन लोगों का पक्षपात करने से नहीं बनेगी। हम पक्षपात झेल रहे व्यापार-जगत से कहते हैं कि वो निराश न हों क्योंकि बुरे दिन जाने वाले हैं। भाजपा जाए तो समान अवसर आए।

## कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं है। भाजपा में तो उनकी पूछ है जिनकी चोरी के पैसों की ही चोरी हो जाती है या जो निवेश तक में 5 प्रतिशत का प्रवेश शुल्क वसूल लेते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हर अच्छे अधिकारी से हमारी माँग है कि भावावेश में आकर कोई फैसला न करें, बुरे दिन जाने वाले हैं।पीडीए सरकार आएगी और सबको उचित मान-सम्मान-स्थान देगी क्योंकि पीडीए की सरकार जनता की सरकार होगी, जो समस्याओं के समाधान व असमानताओं को दूर करने के लिए सच में विकास के काम करेगी।क्वॉलिटी वर्क और तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करने के लिए हमेशा ही बेहतरीन ऑफिसर्स की जरूरत पड़ती है। अपने काम में पारंगत अधिकारियों की हमने हमेशा कद्र की है और आगे भी करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि पीड़ित अधिकारी हो या कर्मचारी सभी भाजपा को हटाने के लिए पीडीए के साथ हैं। पीड़ा बढ़ रही है, इसीलिए पीडीए बढ़ रहा है क्योंकि जो पीड़ित, वो पीडीए।उन्होंने कहा कि बुरे-दिन-जाने वाले-हैं।

# लोक निर्माण विभाग ने बजट खर्च करने में रचा इतिहास

## 36,293.95 करोड़ के बजट का 84.26 प्रतिशत किया खर्च

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट व्यय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार विभाग ने स्वीकृत बजट के सापेक्ष अभूतपूर्व व्यय सुनिश्चित कर राज्य के विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग की यह उपलब्धि राज्य सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों, सुदृढ़ वित्तीय अनुशासन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। विभाग द्वारा आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार जनहित एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को कुल लगभग 36,293.95 करोड़ (स्थापना सहित) का बजट प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष 30,581.98 करोड़ का व्यय किया गया, जो कुल बजट का 84.26 प्रतिशत है। वहीं स्थापना व्यय

- **बेहतर प्लानिंग,नियमित समीक्षा जवाबदेही से मिली बड़ी उपलब्धि**





को छोड़कर विभाग द्वारा 32,676.49 करोड़ के बजट के सापेक्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय करते हुए 85.95 प्रतिशत की उच्चतम उपलब्धि दर्ज की गई। विशेष रूप से, विभाग ने 28,000 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए 28,087 करोड़ का व्यय कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि विभाग की कार्यकुशलता, प्रभावी वित्तीय प्रबंधन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में भी विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें 23,850 करोड़ के व्यय के मुकाबले इस वर्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय दर्ज किया गया है, जो स्पष्ट रूप से विकास कार्यों में तीव्रता को दशार्ता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में विभाग द्वारा निरंतर प्रगति करते हुए 31 मार्च 2026 तक व्यय को निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़ाया गया। विभाग द्वारा सभी प्रमुख लक्ष्यों—23,000 करोड़ से लेकर 28,000 करोड़ तक—को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुरूप प्रमुख सचिव अजय चौहान और प्रमुख अभियंता ए.के. द्विवेदी का कुशल नेतृत्व और रणनीतिक प्रबंधन अहम माना जा रहा है।

पिछले दो महीनों से लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट खर्च की मॉनिटरिंग की वजह से कार्यों में तेजी आई और धनराशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित हुआ। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिली है, बल्कि विभाग की कार्यशैली में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

# दूर-दराज क्षेत्रों में बनें अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी एवं कृषि से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में गेहूँ खरीद व्यवस्था, पीएम किसान पंजीकरण और उर्वरक वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में गेहूँ खरीद 30 मार्च से शुरू हो चुकी है, इसलिए सभी जनपदों में शेष क्रय केन्द्रों को तत्काल सक्रिय किया जाए। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पंजीकरण के आने वाले किसानों का मौके पर ही पंजीकरण कर खरीद सुनिश्चित करने को कहा गया।उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए।

## योगी सरकार में कौशल विकास मिशन का बड़ा कदम

# पहले दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में कौशल विकास को नई गति देते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में इस वर्ष पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया। इसी आधार पर प्राइवेट, इंडस्ट्रियल और सरकारी पार्टनर्स को लक्ष्य आवंटित किए गए, जिससे जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर इस प्रक्रिया को पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाया गया है।

प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30

- **मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में ग्रेडिंग आधारित पारदर्शी व्यवस्था लागू**

दिन कर दी गई है। साथ ही स्मार्ट टॉप-अप व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थान बैच समाप्ति से पहले अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। अब इम्पैनलमेंट, लक्ष्य आवंटन और भुगतान पूरी तरह ऑनलाइन होंगे।

23 फरवरी 2026 के नए नियमों के तहत संस्थाओं को उनकी ग्रेडिंग और प्रशिक्षण गुणवत्ता के आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि अकसहित आधुनिक कौशल प्रशिक्षण, हर वर्ग को प्राथमिकता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल्स, लाइव क्लास और इंडस्ट्रियल विजिट को अनिवार्य किया गया है। साथ ही

- **मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल से तेज हुई प्रक्रिया, 90 दिन की जगह 30 दिन में तैयारी**

33% महिलाओं, 5% दिव्यांगजनों और वंचित वर्ग के युवाओं को प्राथमिकता देना सुनिश्चित किया गया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। मिशन अब क्वांटिटी से क्वालिटी की ओर बढ़ रहा है। डिजिटल पारदर्शिता और समयबद्ध रणनीति से युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विगत वर्ष जहाँ ट्रेनिंग पार्टनर्स को पूरे वर्ष के लिए 1.10 लाख प्रशिक्षणार्थियों का एकमुश्त लक्ष्य आवंटित किया गया था, वहीं इस वर्ष रणनीति में सुधार करते क्वार्टरली यानी कि तीन महीने में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्रथम तीन माह के लिए 99,075 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य जारी किया गया है।

# आवंटित सम्पत्तियों का डोर-टू-डोर होगा सत्यापन

## सम्पत्तियों का रिकॉर्ड होगा अपडेट, फर्जीवाड़े की संभावना होगी खत्म

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी सभी आवंटित आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन कराएगा। इससे सम्पत्तियों का रिकॉर्ड अपडेट होगा और फर्जीवाड़े की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नागरिक सेवाओं को और अधिक पारदर्शी व सुगम बनाने के उद्देश्य से सम्पत्ति की फाइलों का डिजिटाइजेशन कराया जा रहा है। इसमें कुछ सम्पत्तियों के रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं, जिससे प्राधिकरण का कार्य भी बाधित होता है और आवंटियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा रिकॉर्ड अपडेट न होने से फर्जीवाड़े की संभावना भी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए अब सभी योजनाओं की आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सत्यापन कराया जाएगा। जिसके लिए पीसीएस मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्रा. लि. को कार्यदायी संस्था के रूप में सम्बद्ध किया गया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि कार्यदायी संस्था के कर्मचारी डोर-टू-डोर सर्वे करके सम्पत्ति के स्वामित्व का सत्यापन करेंगे और इसी के अनुसार रिकॉर्ड को अपडेट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वे करने वाले कर्मचारियों को प्राधिकरण की ओर से आईडी कार्ड जारी किया जाएगा। सर्वे के दौरान कर्मचारियों द्वारा आवंटियों को अपना परिचय-पत्र दिखाया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि वे उक्त कार्य के लिए अधिकृत हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सर्वे टीम द्वारा आवंटियों से उनके मोबाइल नंबर, सम्पत्ति के स्वामित्व से सम्बंधित दस्तावेज, आधार कार्ड, सम्पत्ति स्वामी/निवासी का पहचान पत्र आदि विवरण लिया जाएगा। यह कार्य प्रभावी रूप से हो सके, इसके लिए समस्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जोन में तैनात सुपरवाइजर व अन्य कर्मियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएंगे, जिससे कि लोग इस कार्यवाही से अवगत हो सकें। नागरिकों से अपील है कि वे इस कार्य में प्राधिकरण की टीम को सहयोग प्रदान करें। ताकि सम्पत्तियों का सही रिकॉर्ड अपडेट हो सके और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया समय से पूरी हो। इससे भविष्य में नागरिक सेवाएं और अधिक बेहतर होंगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। **प्रथमेश कुमार**, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

# नौ जनपदों में 3,200 करोड़ से 11 रियल एस्टेट परियोजनाएं मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने 3,212.63 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। यूपी के नौ जनपदों में स्वीकृत इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक एवं मिश्रित प्रकार की इकाइयों जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला तथा कार्यालय स्थल विकसित किए जाएंगे। इससे नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

यूपी रेरा मुख्यालय में आयोजित प्राधिकरण की 199वीं बैठक में ये स्वीकृतियां प्रदान की गईं। बैठक की अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की। बैठक में लिए गए निर्णय राज्य में पारदर्शी विनियमन, सुव्यवस्थित विकास और घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति रेरा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य आवास की उपलब्धता बढ़ाना, वाणिज्यिक आधारभूत संरचना का विस्तार करना और विभिन्न जनपदों में संतुलित विकास को प्रोत्साहित करना है। यूपी रेरा ने स्पष्ट किया कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं की समयसीमा और नियामकीय प्रावधानों के अनुपालन के लिए निगरानी की जाएगी, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित हो और आवंटियों के लिए समय पर परियोजनाएं बनकर तैयार हो सकें। निवेश के दृष्टिकोण से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली एक परियोजना को स्वीकृति दी गई। इस आवासीय परियोजना में 568 इकाइयों का विकास किया जाएगा, जिससे जिले में आवासीय आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और रियल एस्टेट निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे रहा। यहां 843.14 करोड़ रुपये की लागत वाली एक वाणिज्यिक परियोजना को स्वीकृति दी गई, जिसके अंतर्गत 1,077 आईटी कार्यालय स्थल का विकास होगा। इससे क्षेत्र में बढ़ते कॉर्पोरेट ढांचे को और मजबूती मिलेगी साथ ही यह प्रमुख व्यावसायिक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा। लखनऊ में 947.04 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से 815 इकाइयों का विकास होगा, जिनमें एक आवासीय और एक मिश्रित प्रकार की परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं से राज्य की राजधानी में आवासीय मांग और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। झांसी में 96.69 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिनमें 134 इकाइयों का विकास होगा। आगरा में 47.86 करोड़ से एक आवासीय परियोजना को मंजूरी मिली, जिसके तहत 80 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाना है। मथुरा में 55 करोड़ रुपये की लागत वाली एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई, जिसमें 86 आवासीय इकाइयां बनकर तैयार होंगी। मेरठ में 3.11 करोड़ रुपये की लागत वाली एक आवासीय परियोजना को मंजूरी मिली, जिसमें 35 आवासीय इकाइयां होंगी। इसी प्रकार बरेली में 98.50 करोड़ रुपये की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई, जिसके अंतर्गत 100 आवासीय इकाइयों का विकास होगा। फिरोजाबाद में 12.60 करोड़ की लागत वाली एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के माध्यम से 19 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा, जिससे जिले में नियोजित आवासीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

**लखनऊ।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं फॉर्मेसी संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से संयुक्त रूप से माननीय कुलपति के मार्गदर्शन में ग्राम रैथा एवं दुर्गोर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। इन सात दिनों में एनएसएस के कैडेट्स ने ग्रामीणों के बीच कई कार्यक्रम किये। ग्राम के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करने के साथ ही उसके महत्व के बारे में बताया गया। बताया कि सिर्फ गंदगी की वजह से तमाम बीमारियां होती है। यदि सफाई का ध्यान रखा जाये तो काफी हद तक बीमारियों से सहज ही बचा जा सकता है। इसी तरह शिविर के दौरान गांव में खाली जमीनों पर पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति भी जागरूकता फैलायी गयी। बताया गया कि पेड़ न केवल हमारे लिये जीवनदायिनी हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा शिविर में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को योगासन कराए गए, इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण प्रो. ओ. पी. सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विनय चतुर्वेदी, कार्यक्रम अधिकारी अंजली सिंह, कार्यक्रम अधिकारी आरजू गुप्ता, उप कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गजेंद्र कुमार गुप्ता एवं शुभांश त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

# रामराज्य पार्क में ओपन जिम का शुभारंभ

**लखनऊ।** गोमती नगर के विनीत खंड-एक स्थित रामराज्य पार्क में ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के सौजन्य से गोमती नगर जन कल्याण महासमिति की ओर से स्थापित की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बी. एन. सिंह तथा महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ओपन जिम से क्षेत्र के लोगों को नियमित व्यायाम के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पार्क में सुबह-शाम आने वाले बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के लिए यह पहल विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में महासमिति के सचिव सी. जी. नायक, संजय निगम, सांस्कृतिक सचिव आर. डी. मौर्य सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इनमें डॉ. संतोष शर्मा, अधिवक्ता सुधांशु त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बालक राम तिवारी, नंदिनी मिश्रा, मनोज मिश्रा, जगदेव सिंह, राहुल वर्मा, दिगंबर सिंह और भंडारी समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। समारोह में क्षेत्रवासियों ने कहा कि ओपन जिम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और पार्क की उपयोगिता भी बढ़ेगी।



# काली तुलसी के 30 पौधे रोपित किये

**लखनऊ।** राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय टुड़ियागंज में बुधवार को पूर्णिमा तिथि के अवसर पर पौधरोपण किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार मौर्य के निर्देशन में अस्पताल परिसर में तुलसी के पौधों का रोपण किया गया। अस्पताल में दो जगह खाली स्थान था जिसको तुलसी के पौधे रोपित कर सुंदरीकरण किया गया। उन्होंने बताया तुलसी के पौधे जीवाणु नाशक, विषाणु नाशक होते हैं तथा यह वातावरण को भी शुद्ध करता है। काली तुलसी की प्रजाति के कुल 30 पौधे रोपित किए गए हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में चिकित्सालय प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सहित सभी चिकित्सक एवं शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एलडीए के जोनल अधिकारियों का कार्यक्षेत्र बदला

**लखनऊ।** शहर में लैंड यूज एवं भवन निर्माण उपविधि के विपरीत हो रहे निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए जोनल अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सात प्रवर्तन जोनों के जोनल अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में संशोधन किया है। साथ ही उन्हें और अधिक वित्तीय व विधिक शक्तियां प्रदान की हैं। अब जोनल अधिकारी न केवल अवैध निर्माण को रोकने के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे, बल्कि निचले स्तर के कर्मचारियों की संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की सिफारिश भी करेंगे। देवांश त्रिवेदी (ओएसडी) जोन-1 रवि नंदन सिंहरवि नंदन सिंह (ओएसडी) जोन-2 देवांश त्रिवेदीरवि नंदन सिंह (ओएसडी) जोन-3 वंदना पाण्डेयवंदना पाण्डेय (ओएसडी) जोन-4 माधवेंद्र कुमार (उप सचिव)माधवेंद्र कुमार (उप सचिव) जोन-5 वंदना पाण्डेय, प्रभाकर सिंह (नजूल अधिकारी) जोन-6 रवि नंदन सिंह, प्रभाकर सिंह (नजूल अधिकारी) जोन-7 अतुल कृष्ण सिंह (उप सचिव)

# विदेशी फंडिंग पर नियंत्रण से विकास को मिलेगा बलः डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में किए गए संशोधनों का समर्थन करते हुए कहा कि विदेशी फंडिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना देशहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विदेशी अंशदान का उद्देश्य सामाजिक विकास होना चाहिए, न कि उसका दुरुपयोग व्यक्तिगत लाभ या विकास परियोजनाओं में अवरोध उत्पन्न करने के लिए किया जाए। डॉ. सिंह ने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश में लगभग 20,000 एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद या निलंबित किए गए हैं, जो नियमों के उल्लंघन और अनुपालन की कमी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि 2017 से 2022 के बीच लगभग 88,000 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी फंडिंग एनजीओ को प्राप्त हुई है, जबकि वर्तमान में भी प्रति वर्ष लगभग 20,000 करोड़ रुपये विदेशी फंड भारत में आ रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि के प्रवाह के बीच पारदर्शिता और निगरानी अत्यंत आवश्यक हो जाती है। उन्होंने कहा कि बार-बार की जाने वाली याचिकाएं, विरोध और प्रक्रियात्मक अड़चनें विकास की गति को प्रभावित करती हैं, जिससे लागत में वृद्धि, ऊर्जा और सिंचाई लाभ में देरी तथा निवेश माहौल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डॉ. सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन विदेशी फंडिंग के माध्यम से निरंतर मुकदमेबाजी और विकास परियोजनाओं में अवरोध उत्पन्न करना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि विदेशी फंडिंग का उपयोग पारदर्शी और राष्ट्रहित के अनुरूप हो।

# बच्चों की हड्डियों मे दर्द तो दिखायें डाक्टर को, नही तो हो सकता है कैंसर

समरेश पति त्रिपाठी



**लखनऊ।** हड्डी में गांठ, सूजन या मामूली दर्द को भूलकर भी न करें नजरअंदाज नही तो हो सकता है कैंसर या अन्य बिमारी। हड्डी का कैंसर एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है, जो बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित करता है। हड्डी में गांठ, सूजन या मामूली दर्द को भूलकर भी नजरअंदाज न करें। कैंसर एक बेहद गंभीर बीमारी है। आज के समय में, लाखों लोग कैंसर से पीड़ित हैं। यह तब होता है जब शरीर की कुछ कोशिकाएं तेजी से और बेकाबू होकर बढ़ने लगती हैं। ये कोशिकाएं आस-पास के ऊतकों या अंगों को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। जैसे कि मुंह, फेफड़े, आंतें, लिवर, स्तन या दिमाग, यहां तक कि हमारी हड्डिया भी इससे सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन, हड्डी के कैंसर को आम तौर पर कैंसर के कम पाए जाने वाले प्रकारों में से एक माना जाता है। मतलब, कैंसर के अन्य प्रकारों की तुलना में इस कैंसर के कम मामले सामने आते हैं। लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि हड्डी के कैंसर के अधिकांश मामले बच्चों और यंग एडल्ट में देखे जाते हैं।

**हड्डी के कैंसर के कारण :** केजीएमयू के पूर्व ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ. राजन मेहता बताते है कि हडडी का कैंसर एक गंभीर और कॉम्प्लेक्स बीमारी है, जो हड्डी के टिश्यू के भीतर कोशिकाओं की असामान्य और अनकंट्रोल बढ़त के कारण होती है। लोकबंधु अस्पातल के डाक्टर बाजपेयी ने बताया कि कैंसर सेल्स के विकसित होने की जगह और कुछ अन्य फैक्टर्स के आधार पर, बोन कैंसर को आम तौर पर चार प्रकारों में क्लासिफाइड किया जाता है। ऑस्टियोसारकोमा, इविंग सारकोमा, कॉन्ड्रोसारकोमा और कॉडोर्मा इनमें से, ऑस्टियोसारकोमा सबसे अधिक देखा जाने वाला प्रकार है, जिसके मामले विशेष रूप से युवाओं में ज्यादा पाए जाते हैं। इसके विपरीत, कॉन्ड्रोसारकोमा आमतौर पर बुजुर्गों में अधिक पाया जाता है।

**जेनेटिक फैक्टस :** यदि परिवार के किसी सदस्य को हड्डी का कैंसर हुआ है, तो अन्य सदस्यों में भी इसके होने की संभावना बढ़ जाती है।

**अन्य कैंसर :** कुछ मामलों में, शरीर के अन्य हिस्सों में शुरू होने वाला कैंसर हड्डियों तक फैल सकता है। इसे मेटास्टेटिक हड्डी का कैंसर कहा जाता है।

**हड्डी के कैंसर के लक्षण :** लोकबंधु अस्पताल के डा. तिवारी ने बताया कि हड्डी के कैंसर के लक्षण, प्रभावित जगह और कैंसर के बढ़ने की स्थिति के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि इस कैंसर के कई प्रकारों में, बीमारी के शुरूआती चरणों में लक्षण अस्पष्ट या हल्के हो सकते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लक्षण ज्यादा साफ दिखाई देने लगते हैं, बशर्ते व्यक्ति अपने स्वास्थ्य और शरीर पर ध्यान देता रहे।

**हड्डी के कैंसर के लक्षण :** हड्डियों में दर्द, बोन कैंसर का सबसे आम लक्षण है। यह दर्द रात में या फिजिकल एक्टिविटी के दौरान बढ़ सकता है। प्रभावित हिस्से में सूजन हो सकती है, जो स्किन पर दिखाई दे सकती है या छूने पर महसूस हो सकती है। अचानक वजन कम होना भी बोन कैंसर का एक संकेत हो सकता है।

**हड्डी कैंसर की शुरुआत :** कैंसर की स्टेजिंग से पता चलता है कि कैंसर कितना फैल चुका है और डॉक्टरों को सही इलाज का प्लान तय करने में स्टेजिंग मदद करता हैं।

**हड्डी के कैंसर का इलाज :** बोन कैंसर का पता लगाने के लिए एक्स-रे, बोन स्कैन, चेहरा स्कैन और बायोप्सी करने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही हड्डी के कैंसर के इलाज में सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या टारगेटेड थेरेपी शामिल हो सकती है।

**पौष्टिक आहार :** फलों, सब्जियों, फलियों, दालों, नट्स और बीजों से भरपूर संतुलित आहार आपके शरीर को उपचार के दौरान ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान कर सकता है।

**कैंसर में हल्दी :** हल्दी में सूजनरोधी और कैंसररोधी गुण होते हैं। इसे अपने आहार में शामिल करने से संभावित लाभ हो सकते हैं, लेकिन इसकी मात्रा और उपयोग के बारे में डॉक्टर से सलाह लें।

**हल्का व्यायाम :** शारीरिक गतिविधि, जैसे चलना या तैरना, थकान से लड़ने, मनोदशा में सुधार करने और हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने में मदद कर सकती है, लेकिन डॉक्टर से सुरक्षित व्यायाम के बारे में पूछें।

**आराम और नींद :** पर्याप्त आराम और गुणवत्तापूर्ण नींद शारीरिक और मानसिक रिकवरी के लिए महत्वपूर्ण है।

**धूम्रपान और शराब से परहेज :** तंबाकू से परहेज करना और शराब का सेवन सीमित करना समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

# निर्माण कार्यों में लायें तेजी, गुणवत्ता का रखें पूरा ध्यान

विशेष संवाददाता (vol)

- बरसात पूर्व करा लें अधिकाधिक निर्माण कार्य : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को विकास से जुड़े निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने की हिदायत भी दी है। उन्होंने दो तिहाई से अधिक भौतिक प्रगति वाली विकास परियोजनाओं में और तेजी लाते हुए उन्हें मानसून की दस्तक से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने यह संकेत भी दिए कि वह अपने अगले दौरे में घंटाघर के बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण और पांडेय हाता क्षेत्र में बनने वाले नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास कर सकते हैं।

सीएम योगी बुधवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिले और महानगर में निमार्णाधीन सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विकास परियोजना की एक समय सीमा तय होती है और उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह व्यावहारिक रूप से समझना होगा कि बरसात का मौसम शुरू होने पर खुले में होने वाला निर्माण कार्य प्रभावित होता है, इसलिए विकास की जितनी भी परियोजनाओं पर काम चल रहा है, उनसे संबंधित अधिकाधिक निर्माण कार्य बरसात से पहले पूरे कर लिए जाएं। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा कि अभी बारिश का मौसम शुरू होने में समय है, लेकिन समय रहते यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम योगी ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर गंभीरता से ध्यान देकर इसे जल्द पूर्ण कराने का प्रयास हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत गलियारा के निर्माण की प्रगति, घंटाघर स्थित बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पांडेय हाता में बनने वाले नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की कार्ययोजना के बारे में पूछा। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर लोकार्पण और शिलान्यास की पूरी तैयारी रखें। सीएम योगी ने पटरी व्यापारियों के व्यवस्थित पुनर्वास पर जोर देते हुए यह निर्देश भी दिए कि पटरी व्यापारियों को वेंडिंग जोन में सम्मानजनक जगह और पूरी सहूलियत दी जाए।

# गरज-चमक कर बरसे बादल तीन व सात को फिर बारिश

**लखनऊ।** प्रदेश में तीन और सात अप्रैल को लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसके असर से प्रदेश भर में तेज हवा संग बेमौसम बारिश का एक और दौर शुरू होगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लगातार दो विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी यूपी, मध्यांचल व बुंदेलखंड के कई हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने और ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है। इधर मंगलवार व बुधवार सुबह प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज चमक और तेज हवा के साथ बारिश हुई। कन्नौज में सर्वाधिक 29 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। वहीं मैनपुरी में 20 मिमी और लखनऊ में 15.1 मिमी वर्षा हुई। एटा, हाथरस और चित्रकूट में भी 10 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। फरूर्खाबाद में ओले गिरने की भी सूचना मिली। बांदा 38.8 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। जबकि आजमगढ़ में 38.4 डिग्री और अयोध्या में 38 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। राजधानी में मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक बादलों की गरज-चमक के साथ रुक-रुककर बारिश हुई। 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग की तरफ से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 3 अप्रैल तक ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है। इस बीच 5 से 15 मिलीमीटर के बीच बारिश के आसार हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे कई इलाकों में करीब एक घंटे तक बिजली कटौती हुई।

# ड्रोन से होगी औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी बोर्ड बैठक में 34 प्रस्ताव मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की 50वीं बोर्ड बैठक लोक भवन में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण और निवेश प्रोत्साहन से जुड़े 34 प्रस्तावों पर विचार करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सिविल कार्यों, विद्युत व्यवस्था तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाएगी। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी के चयन को भी मंजूरी प्रदान की गई। कम्पिल कताई मिल, मऊ आइमा, बहादुरगंज, सलेमपुर और बाराबंकी के औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्रों को स्वीकृति दी गई। वहीं बलिया, हाथरस, फतेहपुर, बाराबंकी और चित्रकूट से जुड़े प्रस्तावों पर संशोधन के निर्देश देते हुए संशोधित लेआउट मानचित्रों को मंजूरी प्रदान की गई। भूमि बैंक को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत संशोधन के निर्देश दिए गए। भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु यह निर्णय लिया गया कि 75 प्रतिशत भूमि आवंटन के बाद शेष 25 प्रतिशत भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। बैठक में सहारनपुर और बदायूं में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण से पूर्व सड़क संपर्क और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि उपलब्ध वित्तपोषण का प्रभावी उपयोग करते हुए एक वर्ष के भीतर बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास सुनिश्चित किया जाए।

## नौसेना शौर्य संग्रहालय 70 प्रतिशत तैयार

# लखनऊ को मिलेगा शौर्य और तकनीक का नया केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आईटी सिटी क्षेत्र में बन रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का निर्माण कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और अब यह परियोजना भारतीय नौसेना की ताकत और गौरव का जीवंत प्रतीक बनती नजर आ रही है। जहाज के आकार में तैयार हो रहा यह संग्रहालय नौसैनिक वास्तुकला, पोर्थोल स्टाइल खिड़कियों, जहाज की रेलिंग और नौ सेना उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है। परिसर में नौसेना शौर्य वाटिका विशेष आकर्षण के रूप में विकसित की जा रही है, जहां ऐतिहासिक टीयू-142एम विमान और सी किंग एसके-42बी हेलीकॉप्टर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आईएनएस गोमती से जुड़े मिसाइल, टारपीडो, गन और पनडुब्बी रोधी उपकरण भी यहां पहुंच चुके हैं। निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही यह संग्रहालय प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनकर तैयार होगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, लखनऊ में बन रहा नौसेना शौर्य संग्रहालय प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता, त्याग और समुद्री शक्ति का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आएगा। इसे जहाज के स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों को एक वास्तविक नौसैनिक अनुभव मिल सके। हमारा प्रयास है कि यह संग्रहालय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को देशभक्ति और सैनिकों के बलिदान से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बने। यहां विकसित किया जा रहा स्मृति उद्यान वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का एक महत्वपूर्ण स्थल होगा। मुझे विश्वास है कि यह संग्रहालय आने वाले समय में लखनऊ की एक प्रमुख पहचान बनेगा और देशभर से पर्यटकों को आकर्षित करेगा।


**आधुनिक तकनीक और शौर्य की झलक से सजता नौसेना संग्रहालय की खासियत :** संग्रहालय में आधुनिक तकनीक के जरिए नौसेना के युद्धक इतिहास, रणनीतियों और प्रमुख अभियानों- जैसे पुलवामा के बाद की सैन्य कार्रवाई और ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई जाएगी। इसे इंटरएक्टिव बनाने के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर लैंडिंग और वॉरशिप सिम्युलेटर, 7डी थिएटर, सबमर्ज्ड द्वार का मॉडल, डिजिटल वॉटर स्क्रीन शो, मरीन लाइफ एक्वेरियम और ह्यड्रेस लाइक योर हीरोज जैसी गतिविधियां भी जोड़ी जाएंगी। इसके साथ ही सैनिकों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता हुआ एक विशेष स्मृति उद्यान भी विकसित किया जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस उद्यान को शांत और सार्थक स्मरण स्थल के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां आगंतुक देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानपूर्वक याद कर सकेंगे। यह संग्रहालय देश का अपनी तरह का पहला केंद्र होगा, जहां रिटायर्ड युद्धपोतों और उनसे जुड़े उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही शोधकताओं और छात्रों को दुर्लभ दस्तावेजों तक पहुंच मिलेगी।

# भूसा टेंडर में आई तेजी साइलेज टेंडर को लेकर सरकार सख्त

**लखनऊ।** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। भूसा और साइलेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके तहत कई जिलों में टेंडर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, जबकि 6 जिलों में साइलेज टेंडर की प्रक्रिया पूरी भी कर ली गई है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोआश्रय स्थलों पर चारे की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। खासतौर पर गर्मी के मौसम को देखते हुए भूसा और साइलेज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शासन स्तर से लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति बनी रहे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिन जिलों में साइलेज टेंडर पूरे हो चुके हैं, वहां जल्द ही आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

# भाषा विवि में मना ओडिशा स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निदेशों के अनुपालन में आज ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में ओडिशा स्थापना दिवस 2026 बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने ओडिशा की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं एवं कला को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने ओडिशा की पारंपरिक कला को आकर्षक रूप में उकेरा। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने ओडिशा के इतिहास, संस्कृति एवं सामाजिक विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण एक 10 मिनट की प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री रही, जिसमें ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत, राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस डॉक्यूमेंट्री ने उपस्थित दर्शकों को राज्य की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराया। इस अवसर पर मंच पर प्रमुख रूप से प्रो. अजय तनेजा (कुलपति), डॉ. सत्य नारायण सबत (मुख्य अतिथि), प्रो. सुनीता मिश्रा ,डॉ मोनिका तनेजा एवं प्रो. सुकांत चौधरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। साथ ही विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक श्री विकास तथा अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के संदेशों का भी उल्लेख किया गया, जिनमें ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति से परिचित कराते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो चंदना डे और डॉ नलिनी मिश्रा थी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# सड़क हादसे में अस्पतालकर्मी व चालक की मौत

- महानगर में कुकरैल नाले के पास, कुर्सी रोड पर स्कार्पियो क्लब के पास की घटना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सड़क हादसों में अस्पताल कर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। महानगर में कुकरैल नाले के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से अस्पताल कर्मी अनिल वर्मा (40) की मौत हो गई। वहीं, कुर्सी रोड पर स्कार्पियो क्लब के पास बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चालक विपिन कुमार यादव (30) ने दम तोड़ दिया। अनिल वर्मा डालीगंज सरीपुरा के रहने वाले थे। वह पॉलीटेक्निक चौराहे के पास एक निजी अस्पताल में नौकरी करते थे।

बेटे आयुष के मुताबिक अनिल मंगलवार रात ड्यूटी से छूटने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच कुकरैल नाले के पास किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें लोहिया अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गुंडबा इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक विपिन कुमार यादव मूल रूप से बाराबंकी के दिकुलिया गांव के रहने वाले थे। वह इंदिरानगर में गाड़ी चलाते थे। भाई सचिन ने बताया कि विपिन बुधवार सुबह आठ बजे वह बाइक से रोजाना की तरह ड्यूटी जा रहे थे। इस बीच स्कार्पियो क्लब के पास तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से विपिन कुछ दूर तक घिसटते चले गए। पुलिस उन्हें सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## डंपर ने अधेड़ को कुचला, हालत गम्भीर

**लखनऊ।** गिट्टी लदे डम्पर ने मोहनलालगंज के हरिकंशगढी में अधेड़ को कुचल दिया जिससे उसका पैर बुरी तरह कुचल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को एपेक्स ट्रामां सेंटर में भर्ती कराया है बुधवार की शाम तेलीबाग के नेपालगंज में रहने वाला 50 वर्षीय अजय पाल किसी काम से हरिकंशगढी आया था। वहां गिट्टी लदे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। पैर पर डंपर चढ़ा दिया जिससे उसका पैर बुरी तरह कुचल गया। सूचना पाकर पुलिस ने जख्मी को एपेक्स ट्रामॉ सेंटर में भर्ती कराया। डंपर को कब्जे में ले लिया है। वहीं डंपर चालक मौके से भाग निकला।

## बाइक सवारों को कुत्ते ने दौड़ाया, गिरकर दो घायल

- महीनेभर में कुत्तों के हमले की हो चुकी हैं 11 घटनाएं
- खूंखार हो चुके कुत्ते एक मासूम बच्ची की जान भी ले चुके हैं

**लखनऊ।** रहीमाबाद से अपने घर कटौली जा रहे बाइक सवार दो युवकों को बुधवार अचानक कुत्ते ने दौड़ा लिया। कुत्ते से बचने के चक्कर में बाइक सवार घबरा गये। बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। महीनेभर में कुत्तों के हमले की 11 घटनाएं हो चुकी हैं। खूंखार हो चुके कुत्ते एक मासूम बच्ची की जान भी ले चुके हैं।

मंगलवार शाम कटौली गांव निवासी पूर्व प्रधान लुकमान अली का बेटा मोहम्मद इब्राहिम और उसका दोस्त अयाज बाइक से रहीमाबाद से वापस घर जा रहे थे। हरदोई-लखनऊ हाइवे पर भतोइया गांव के निकट अचानक कुत्ते ने दौड़ लिया। बाइक पर झपटा तो कुत्ते के काटने से बचने के चक्कर में बाइक चला रहा अयाज घबरा गया। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। आस- पास के दुकानदारों ने कुत्ते को खदेड़ा। दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सीएचसी मलिहाबाद भेजा राहगीरों के लिए मुसीबत बने आवारा कुत्तेग्रामीणों के मुताबिक आवारा कुत्ते राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। आए दिन कुत्तों के हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

महीनेभर में कुत्तों के 11 हमले1 मार्च 2026 को तरौना गांव में कुत्तों ने मासूम अंशिका को नोचकर मार डाला2 मार्च 2026 को तरौना गांव की रुबीना, सबीना को कुत्तों ने दौड़ाया4 मार्च 2026 को तरौना गांव में कुत्तों के झुंड ने गाय के बछड़े को मार डाला5 मार्च 2026 को भतोइया गांव में बाइक सवार सोनू को दौड़ा कर गिरा दिया, घायल6 मार्च 2026 को गदिया खेड़ा गांव में राशिद को कुत्तों ने दौड़ाया, बाइक से गिरकर घायल11 मार्च 2026 को कैथुलिया गांव में मासूम हरियांश को कुत्तों के हमले से बहनों ने बचाया11 मार्च 2026 को तरौना गांव में कुत्तों ने बच्ची पर हमला किया, ग्रामीणों ने कुत्तों को खदेड़कर भगाया।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलिहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अयान अंसारी को महमूदनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता के परिजनों ने 27 मार्च 2026 को मलिहाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग पोती को 24 मार्च की रात लगभग 10 बजे नई बस्ती धनेवा निवासी अयान अंसारी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी अयान अंसारी ने वर्ष 2024 में भी इसी नाबालिग के साथ एक गंभीर अपराध किया था। उस मामले में पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपी जमानत पर बाहर था। शिकायत के बाद मलिहाबाद थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। 30 मार्च को पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची।

उसके बयान और चिकित्सीय परीक्षण के आधार पर यह सामने आया कि आरोपी ने नाबालिग से शादी कर शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद मुकदमे में दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराएं जोड़ी गईं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी अयान अंसारी (28) को महमूदनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। अयान नई बस्ती धनेवा का निवासी है और डिलीवरी बॉय का काम करता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है और वह पहले भी पॉक्सो एक्ट के तहत जेल जा चुका है। गिरफ्तारी के दौरान सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

# स्कूलों के बाहर सीसीटीवी लगाने पर विचार के आदेश

- हाईकोर्ट ने सम्बंधित विभागों व स्कूलों की बैठक बुलाने के दिए निर्देश

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्टकी लखनऊ बेंच के समक्ष स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय लगने वाले जाम केमामले में सुनवायी हुयी। सुनवायी के उपरांत पारित अपने आदेश में न्यायालय ने कहाहै कि स्कूलों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर गम्भीरता से विचार कियाजाए, ताकि रियल टाइम में ट्रैफिक कंट्रोल किया जासके।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर औरन्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर सेवर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारितकिया है। उक्त याचिका पर सुनवायी के दौरान न्यायालय ने स्कूलों की वजह से होनेवाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के संबंध में पूर्व में कई आदेश दिए हैं। इस बार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेशअनुपालन रिपोर्ट में 18 स्कूलों मेंतैनात मार्शलों के कामकाज का आकलन पेश किया गया। इसमें सामने आया कि कुछ स्कूलोंमें मार्शल ट्रैफिक नियंत्रित करने में प्रभावी हैं, हालांकि कई स्कूलों के मार्शलों की कार्यप्रणाली संतोषजनकनहीं है।

वहीं सुनवायी के दौरान कोर्ट में उपस्थितरहीं डीसीपी, ट्रैफिक रवीना त्यागी ने न्यायालय को बताया कि स्मार्ट सिटी कंट्रोलरूम के जरिए प्रमुख चौराहों और सड़कों की निगरानी की जा रही है, इसी तर्ज परस्कूलों के आसपास भी सीसीटीवी लगाने से बेहतर ट्रैफिक कंट्रोल किया जा सकता है। इस पर न्यायालयने राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता को निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभागों औरस्कूल प्रबंधनों के साथ बैठक कर इस प्रस्ताव पर विस्तार से विचार किया जाए। वहीं सुनवाईमें यह भी बताया गया कि सरकार ने लोरेटो स्कूल का गेट नंबर 6अ खोलने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, जिससे छात्रों को स्कूल परिसर के अंदर छोड़ा जा सके औरट्रैफिक दबाव कम हो। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

# शताब्दी समेत कई ट्रेनों का आज से बदलेगा रूट

- कानपुर रेल रूट आज से आठ घंटे बंद, 42 दिन तक 16 ट्रेनें लखनऊ नहीं आयेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर सेंट्रल से कानपुर पुल बायां किनारा के बीच रेलवे ब्रिज पर इंजीनियरिंग काम गुरुवार से शुरू हो जाएगा। इससे 13 मई तक लखनऊ से कानपुर तक ट्रेन का सफर प्रभावित होगा। इस दौरान आगरा इंटरसिटी, झांसी इंटरसिटी, पुणे एक्सप्रेस समेत 16 ट्रेनें लखनऊ नहीं आएंगी। इसके अलावा 27 ट्रेनों का रूट बदला रहेगा। रेलवे ने यात्रियों से ट्रेनों की स्थिति की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 पर सम्पर्क करने की अपील की है।कानपुर से डायवर्ट की गई ट्रेनें आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी (12180) 13 मई तक यह ट्रेन केवल कानपुर सेंट्रल तक आएगी। वापसी में (12179) लखनऊ के बजाय कानपुर से ही शाम 5:25 बजे रवाना होगी।

**झांसी इंटरसिटी (11109/11110):** वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से लखनऊ आने वाली इंटरसिटी अब कानपुर तक ही सीमित रहेगी।

**पुणे एक्सप्रेस (12103/12104):** पुणे




से आने वाली ट्रेन कानपुर तक आएगी और वापसी में लखनऊ के स्थान पर कानपुर से ही शाम 6:00 बजे चलेगी।

**कासगंज पैसेंजर:** कासगंज-लखनऊ पैसेंजर अब कानपुर अनवरगंज तक ही संचालित होगी।

### इन ट्रेनों का लखनऊ से टूटा संपर्क

इंजीनियरिंग कार्य के चलते 13 मई तक कई एक्सप्रेस और स्पेशल ट्रेनें लखनऊ नहीं आ सकेंगी। इनमें नई दिल्ली-बरौनी (02564), नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल (02570), उदयपुर सिटी-कामाख्या (19615), सूरत-मुजफ्फरपुर (19053) और साबरमती-मुजफ्फरपुर (15270) जैसी ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा यशवंतपुर-गोरखपुर, पनवेल-गोरखपुर और ओखा-गोरखपुर जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी।बदले रूट से चलेंगी ये गाड़ियांशताब्दी एक्सप्रेस (12004): नई दिल्ली-लखनऊ एक्सप्रेस 13 मई तक गाजियाबाद-मुरादाबाद के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन अलीगढ़, टूंडला और कानपुर जैसे स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।बरौनी/दरभंगा स्पेशल: ये ट्रेनें बुढ़वल-सीतापुर सिटी-बरेली-मुरादाबाद के रास्ते चलाई जाएंगी।बांद्रा टर्मिनस (20921): 9 मई को यह ट्रेन कासगंज-शाहजहांपुर-आलमनगर होते हुए लखनऊ पहुंचेगी।

# पूर्व कर्मी के रिश्तेदार ने रची थी लूट की साजिश

- शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल से रुपयों भरा बैग लूटने का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खदरा के दीनदयाल नगर में शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल से रुपयों भरा बैग लूटने के मामले में पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर रात बंधा रोड पर मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारी थी। दो को पकड़ा था। इसके बाद पूछताछ के बाद दोनों की निशानदेही पर छह अन्य को गिरफ्तार किया। पूर्व कर्मचारी के एक रिश्तेदार ने कलेक्शन एजेंट से लूट की साजिश रची थी। वारदात के बाद बदमाश दर्शन करने खाटू श्याम मंदिर गए थे। पाप धुलने के लिए 15 हजार रुपये वहां दानपात्र में डाले थे। 15-15 हजार रुपये सबने बांट लिए थे। बाकी 4,99,493 रुपये काकोरी में फ्लैट पर रखकर गए थे। पुलिस ने वह बरामद कर लिए हैं।

पुलिस ने घटना में दर्ज मुकदमे को अब डकैती की धारा में तरमीम कर दिया है।पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर के मुताबिक गिरफ्तार आठों बदमाशों को जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए बदमाशों में हरदोई के अतरौली जाजूपुर निवासी निर्भय की भूमिका अहम है। निर्भय ने ही कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल के साथ डकैती की साजिश रची थी। दरअसल निर्भय का एक रिश्तेदार मनीष के यहां कुछ महीने पहले काम करता था। निर्भय उसके साथ मनीष के ठेकों पर आया था। उसने देखा था कि हर्ष कलेक्शन एजेंट है। वह 10-11 शराब की दुकानों से रोजाना रात कलेक्शन करके लाखों रुपये बैग में भरकर ले जाता था।

इसके बाद उसने अपने साथी पुष्पेंद्र के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। फिर दोनों ने अन्य छह साथियों को जोड़ा था। योजनाबद्ध तरीके से 25 मार्च को देर रात दो बाइकों से गैंगेस्टर आलोक के अलावा सुजीत, भूपेंद्र, पुष्पेंद्र, मिलन और निर्भय दो बाइकों से दीन दयाल नगर पहुंचे। वहां तरन्नुम मार्केट के पास गली में बैठ गए। हर्ष पिट्ठू बैग में कलेक्शन के रुपये लेकर बाइक से मनीष के आफिस जा रहा था। उसी समय घेरकर उसे चाकू मारी और बैग लूट लिया था। घटना के बाद सभी बाइक से काशीराम कॉलोनी स्थित निर्भय तिवारी के कमरे पर पहुंचे। वहां पर फ्लैट में बैग छुपा दिया था। उधर, घटना की सूचना पर पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। खुलासे के लिए सात टीमें गठित की गईं। सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। इस बीच चेकिंग के दौरान मंगलवार देर रात बंधा रोड पर पुलिस की बदमाश आलोक और सुजीत से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आलोक के बायें पैर में गोली लगी। सुजीत और आलोक पकड़े गए। दोनों से पूछताछ में अहम जानकारियां मिलीं। इसके बाद पुलिस टीम ने छह अन्य को पकड़ लिया था। बैग में 4,99,493 रुपये बरामद हुए। दो बाइकें, वारदात में प्रयुक्त एक तमंचा, पिस्टल और कारतूस, खोखा और कलेक्शन की पर्चियां मिली हैं। बदमाशों को जेल भेज दिया गया।

**15 हजार रुपये खाटू श्याम मंदिर के दानपात्र में डाले, फल बांटे :** एसीपी महानगर अंकित कुमार के मुताबिक बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि लूट के रुपये लेकर वह फ्लैट पर पहुंचे। उससे 1.20 लाख रुपये निकाले। सबने 15-15 हजार रुपये आपस में बांट लिए। 15 हजार रुपये अलग निकाले थे। खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने के लिए राजस्थान चले गए। पाप धुलने के लिए वहां 15 हजार रुपये दानपात्र में डाले। फल खरीदकर भिखारियों को बांटे।

**लूटी गई रकम थी 6.35 लाख रुपये :** इंस्पेक्टर मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि बैग में उन्हें 10 लाख नहीं बल्कि 6.35 लाख रुपये मिले थे। जिसमें से 4,99,493 रुपये बरामद हो गए हैं। बाकी के मंदिर दर्शन और अन्य कार्यों में खर्च कर दिए थे। वहीं, पुलिस ने जब शराब कारोबारी से पूछताछ की तो उसने भी 6.35 लाख रुपये लूटे जाने की पुष्टि की।

**यह हुए गिरफ्तार :** आलोक तिवारी उर्फ मुस्कान निवासी ग्राम उलरापुर अतरौली हरदोई हालपता दाउदनगर फैजुल्लागंज मडियांव- सुजीत सिंह उर्फ मगन निवासी जाजूपुर अतरौली- निर्भय तिवारी उर्फ नितिन तिवारी निवासी जाजूपुर अतरौली हालपता किराये का मकान काशीराम कालोनी दुबग्गा- भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जाजूपुर अतरौली- पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ राज पाण्डेय निवासी बम्हनौआ पेंग अतरौली हालपता पतौरागंज मदेयगंज- मिलन द्विवेदी निवासी ग्राम जाजूपुर अतरौली- कन्हैया दीक्षित उर्फ कृष्णा दीक्षित निवासी ग्राम भिलावां गनरिया संदना सीतापुर- आदर्श तिवारी निवासी ग्राम सुखउ खेड़ा अतरौली हरदोई।

# जिला बदर आरोपी गिरफ्तार गुंडा एक्ट में भेजा गया जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** थाना बिजनौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला बदर घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, 31 मार्च 2026 को सूचना मिली कि क्षेत्र का जिला बदर अपराधी छोटू उर्फ अभय कश्यप अपने घर के पास छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम छोटू उर्फ अभय कश्यप पुत्र शमशेर कश्यप, निवासी घसियारी मोहल्ला, थाना बिजनौर बताया।

जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए 14 जनवरी 2026 को उसे 6 माह के लिए लखनऊ जनपद की सीमा से जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह आदेश का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में मौजूद मिला।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जिला स्तर पर अभेद्य व्यूह रचना तैयार करने का दिया मंत्र

- अवध क्षेत्र के जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं मंडल प्रशिक्षण प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विंध्यवासिनी गेस्ट हाउस, सर्वोदय नगर, लखनऊ में अवध क्षेत्र के जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं मंडल प्रशिक्षण प्रमुखों के साथ समीक्षा एवं आगामी योजना बैठक में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित कार्यकताओं का निर्माण तथा परिश्रमी नेतृत्व तैयार होता है।

इसके पश्चात धर्मपाल सिंह ने अवध क्षेत्र के जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ बैठक में विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पूर्व तैयारी और पूर्ण तैयारी की नीति के साथ जुटने तथा बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल एवं जिला स्तर पर अभेद्य व्यूह रचना तैयार करने का मंत्र दिया। विपक्ष के हर भ्रम, झूठ, फरेब और षड्यंत्र को विफल करते हुए 2027 में अभूतपूर्व विजय की ओर बढ़ना है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित कार्यकताओं एवं राष्ट्र तथा समाज के लिए समर्पित आदर्श नागरिकों का निर्माण होता है। इसलिए प्रशिक्षण वर्गों को कर्मयोगी कार्यकताओं की जीवंत साधना कहा जाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मंडल प्रशिक्षण वर्गों में सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों तथा अपेक्षित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के लिए रात्रि प्रवास सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा, तभी राष्ट्र जीवन में समरसता, सेवा और संगठन की शक्ति का वास्तविक प्रसार संभव होगा।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत साधना है। अतः प्रत्येक विषय को योग्य वक्ताओं के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और ह्यएकात्म मानववाद ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। यह प्रशिक्षण महाअभियान उसी दर्शन को कार्यकताओं के जीवन में उतारने का माध्यम है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा। यह अभियान कार्यकताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियानों से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा।

## युवक से मोबाइल लूटा

**लखनऊ।** काकोरी में मंगलवार रात मलिहाबाद के सहिलामऊ से मेला देखकर लौट रहे बाइक सवार वेल्डिंग कारीगर सलीम को पीछे से आये दो बाइक सवार चार अज्ञात बदमाशों ने रोका। जमकर पीटा और मोबाइल लूट लिया। भागते समय बदमाश बाइक की चाबी भी निकाल ले गए। काकोरी के पहिया आजमपुर निवासी सालिम वेल्डिंग कारीगर हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मेरे पिता का नाम नन्द राम वर्मा दर्ज है जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं.- UP-3120070028961 में मेरे पिता का नाम नन्द राम दर्ज है। दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम नन्द राम वर्मा ही दर्ज किया जाये। **मनोज कुमार पुत्र नन्द राम वर्मा नि.- मो. मुन्नूगंज वार्ड नं.-9 गांधी विद्यालय के पीछे कस्बा व थाना व तह. गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर खीरी।**

# हल्की सी हवा में बिजली गुल, घंटों परेशान रहे ग्रामीण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आप किसी भी अधिकारी के सीयूजी नम्बर पर फोन नही कर सकते हैं भले ही आप परेशान हो भले ही क्यों न सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ही फरमान हो जी हां मैं बात कर रहा हूं बिजली विभाग सरोसा भरोसा के अवर अभियंता ऋषि गोस्वामी जी का जिनका कहना था कि रात में एक बजे आप फोन मिला रहे हैं एक आम उपभोक्ता के तौर पर बात की थी और कहा गया कि सर ये आपका सीयूजी नंबर है न कि व्यक्तिगत नम्बर।

- आदेशों की अवहेलना कर रहे बिजली विभाग के अभियंता

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है शायद इस तरह के बेलगाम अधिकारी मुख्यमंत्री की छवि को खराब कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट शब्दों मे आदेश है कि सभी अधिकारी 24 घंटे फोन उठायेंगे फिर ये बेलगाम अवर अभियंता किसी का नही सुन रहे है। मंगलवार की रात लगभग दस बजे हल्की बूंदा बांदी शुरू हुई और खुरूमपुर पावर हाउस से पोषित नारायनपुर फिडर की विधुत सप्लाई बंद हो गई लगभग दो घंटे बाद भी लाइन चालू नही होने पर आम उपभोक्ता द्वारा पावर हाउस फोन मिलाया जिस पर बताया गया कि लाइन में फाल्ट है।

### बातचीत के अंश

जिसके बाद अवर अभियंता सरोसा भरोसा के सीयूजी नंबर 9415901426 पर फोन मिलाया गया तो अवर अभियंता सरोसा भरोसा ने कहा कि पावर हाउस बात

- **जेई** पावर हाउस में बताया नहीं कि कब आयेगी

**उपभोक्ता :** कहा नही ये तो नहीं बताया आप बता दीजिए अपडेट

- **जेई** रात में 1 बज रहा है इस समय फोन मिला रहे हैं आप।

**उपभोक्ता:** सर सीयूजी नंबर है

- **जेई** कुछ भी हो रखिए।


ये हैं बिजली विभाग सरोसा भरोसा के अवर अभियंता। ऋषि गोस्वामी अगर ऐसे बेलगाम अफसरों के हाथ में बिजली विभाग की कमान सौंपी जायेगी तो जनता को परेशान होना लाजिमी है। हालांकि जेई ने फोन रखने के बाद कुछ भी नहीं बताया और विधुत सप्लाई भी चालू न हो सकी और लगभग 5 घंटे बंद रही है। नारायनपुर फिडर की विधुत सप्लाई गरीब किसान मजदूर व आम उपभोक्ता जो दिन भर काम करता है और रात्रि में लापरवाह बिजली विभाग के अफसरों के कारण सोने को भी नहीं पाता है।

फोन सभी को उठाना चाहिए, बिजली जाने की सूचना देने की जिम्मेदारी विभाग के कर्मचारियों को है, इसकी जांच किया जायेगा।

**लेसा सिस गोमती मुख्य अभियंता**

## आधी-पानी से किसानों को भारी नुकसान

**लखनऊ।** मंगलवार आधी रात से आंधी तूफान के साथ बरसात किसानों के लिए कहर बन आयी। जिससे खेतों में काटी गयी गेहूं, चना और सरसों की फसलें उड़कर दूसरे खेतों तक फैल गयी। वहीं फल पट्टीक्षेत्र में आम बागानों को भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसानों के चेहरे पर शिकन बढ़ गयी है। मंगलवार की आधी रात से तेज आंधी पानी ने आम फसल को झकझोर दिया। जिससे आम पौधों में लगा टिकोरा टहानियों सहित जमीन पर आकर गिर गया।



वहीं पिछैते बौर (मंझर) में बन रहा दाना भी जमीन पर बिछ गया। जिससे भगवानों के मनसूबों पर पानी फिर गया। अभी यह बौर में बनने वाला दाना और टिकोरा किसी कम का नहीं। अभी पिछौते बौर में साफ भी नहीं हो पाया था कि कौन सा आम बनेगा या कौन सा सीडलेस होकर जमीन पर गिर जायेगा। ऐसी स्थिति में बौर में जो बड़ा दाना या टिकोरा दिखाता है बागवान उसे होने वाला आम समझकर उसके रखरखाव की व्यवस्था करता है लेकिन कुदरत ने उस पर पानी फेर दिया। उधर जहां काटी गयी फसल उड़ कर दूसरे खेतों तक फैल गयी जबकि खड़ी फसलें पानी और आंधी की वजह से जमीन में लेट गयी हैं। उधर सरसों, मसूर और चना की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे भविष्य को लेकर किसानऔर गवानों की धड़कने बढ़ गयी है।

## महिला ने लगायी फांसी, मौत

**लखनऊ।** थाना बिजनौर इलाके मे एक महिला ने फाँसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। थाना बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा के नतकुर चौकी क्षेत्र मे एक महिला अनुराधा पत्नी राज कपूर निवासी मुल्लाही खेड़ा उम्र करीब 35 वर्ष ने घर मे कमरे के अंदर लोहे के पाइप मे दुपट्टा बांध कर फाँसी लगा ली। पती राज कपूर पुत्र मैकू लाल उम्र करीब 39 वर्ष द्वारा पुलिस को बताया गया की वह अपने घर से अपनी कॉस्मेटिक की दुकान बिजनौर गया था। घर पर पिता मैकू लाल ने फोन के जरिये सुचना बताइ की तुम्हारी पत्नी ने अनुराधा ने फाँसी लगा ली हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| निविदा सं० | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 96256651A | 20.04.2026 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एंड परीक्षण आफ स्नक्रोनाईजड ईलेक्ट्रीकली ओपरेटेड स्क्रू जैक | 02 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक– Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/25-26 दिनांक:-01.04.2026 1087/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हनुमान जन्मोत्सव आज, घरों व मंदिरों में होगी विशेष पूजा, तैयारी पूरी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म में एक पवित्र पर्व है, जो भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान जी आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। हर साल यह पर्व चैत्र माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन श्री राम और हनुमान जी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस वर्ष 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उदया तिथि के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मनाया जाएगा। अगर हम प्रिय राशि को चढ़ावे या दान के रूप में देखें, तो हनुमान जी को कुछ खास चीजें अत्यंत प्रिय मानी जाती हैं। आप हनुमान जी को चमेली के तेल में मिश्रित सिंदूर से चोला चढ़ा सकते हैं। यही नहीं, साथ में गरमा-गरम बूंदी के लड्डू भी चढ़ा सकते हैं। प्रसाद के रूप में आप गुड़ और चने का भोग लगा सकते हैं और लाल वस्त्र और फूल अर्पित कर सकते हैं। इसके साथ ही आप राम नाम का जाप भी जरूर करें।

**हनुमान जन्मोत्सव का महत्व:** भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और अटूट विश्वास के प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनकी पूजा करने से भय, नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों का नाश होता है। इस दिन हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करना विशेष लाभकारी माना जाता है।

**साल में दो बार आता है हनुमान जन्मोत्सव:** हनुमान जन्मोत्सव साल में दो बार आता है। उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। कहते हैं कि इस दिन हनुमान जी का अवतरण हुआ था। वहीं, दक्षिण भारत में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि इस दिन भगवान हनुमान को देवी सीता ने अमर होने का वरदान दिया था।

**पूजा विधि:** सबसे पहले मंदिर में घी की ज्योत प्रज्वलित करें। इसके बाद हनुमान जी का गंगा जल से अभिषेक करें। अभिषेक करने के बाद एक साफ वस्त्र से हनुमान जी की प्रतिमा को पोंछें। अब सिंदूर और घी या चमेली के तेल को मिला लें। इसके बाद हनुमान जी को चोला चढ़ाएं। चोला चढ़ाने से पहले हनुमान जी को जनेऊ पहनाएं। सबसे पहले हनुमान जी के बाएं पांव में चोला चढ़ाएं। हनुमान जी को चोला चढ़ाने के बाद चांदी या सोने का वर्क भी चढ़ा दें। चोला चढ़ाने के बाद आप हनुमान जी को नए वस्त्र पहनाएं। इसके बाद हनुमान जी की आरती भी अवश्य करें। हनुमान चालीसा का एक से अधिक बार पाठ करें। हनुमान जी को भोग भी लगाएं। अलीगंज पुराने हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास की अगुआई में सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। वहां हनुमान महाराज का फूलों और चंदन से श्रृंगार पूजन किया जाएगा। भंडारा दोपहर 12 बजे भोग के बाद शुरू हो जाएगा। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में राकेश दीक्षित ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी का फूल और फलों से श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही हनुमान महाराज को खासतौर से मलयागिरि चंदन का टीका लगाया जाएगा। मंदिर में पूजन के साथ भंडारा भी होगा। चौक पक्का पुल के पास पातालपुरी लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी और सचिव पंकज सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में 101 महिलाएं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगी। जन्मोत्सव में सुबह 5 से रात 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। सुंदरकांड के पाठ संग मंदिर में भंडारा भी लगाया जाएगा।

## बजरंगबली के श्रृंगार संग जगह-जगह होंगे सुंदरकांड पाठ व भंडारे



**लखनऊ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। शनिवार को बजरंगबली के जयकारों के बीच विशेष आरती होगी। हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें सिंदूर अर्पित किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सोमवार से ही सुबह नौ बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ।

हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य ने बताया कि आज सुबह दस बजे से हनुमानजी का अभिषेक षोडशोपचार पूजन, हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। भोर पांच बजे से ही मंदिर का पट खोल दिया गया है। सुबह छह बजे पवनपुत्र हनुमान की आरती में सैकड़ो भक्त शामिल हुए। आज दोपहर में हनुमान जी की विशेष आरती भी की जाएगी। उसके बाद रात आठ बजे आरती की जाएगी। पक्का पुल के पास लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ होगा। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया है। वहीं भंडारा एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अलीगंज के नए और पुराने हनुमान मंदिर के अलावा गुलाचिन मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए भोर से मंदिरों में जुट गए हैं। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन होगा। हजरतगंज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर के साथ ही शहर भर के हनुमान मंदिरों में भक्तों की कतार लगी हैं।

**इन मंदिरों में होंगे आयोजन:** बाबा नीब करौरी वेद कर्मकांड शिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि हनुमान सेतु मंदिर में इस उत्सव की शुरूआत होगी। सुबह 9 बजे से रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया जाएगा। पाठ के समापन पर भगवान श्रीराम मारुति यज्ञ के साथ भजनों का कार्यक्रम होगा। मुख्य कार्यक्रम 2 अप्रैल को होगा। उसमें हनुमान महाराज का अभिषेक, पूजन, आरती, भोग अर्पित करने के बाद लड्डू का वितरण प्रसाद के रूप में किया जाएगा। दोपहर 11 बजे से भजन कार्यक्रम और शाम चार बजे से सुंदरकाण्ड का पाठ होगा। भीड़ को देखते हुए परिक्रमा पथ से प्रवेश कर गणेश द्वार से निकास की व्यवस्था की गई है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंगल बनायेंगे दुर्लभ संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व का पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों की स्थिति बदलने से जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं. इस बार चैत्र पूर्णिमा यानी 2 अप्रैल को, जो कि हनुमान जयंती का पावन दिन भी है, एक खास योग बन रहा है। इसी दिन मंगल ग्रह मीन राशि में प्रवेश करेंगे। पहले से ही इस राशि में शनि देव मौजूद हैं, ऐसे में दोनों ग्रहों का एक साथ होना कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ संकेत दे रहा है। मान्यता है कि इस संयोग से हनुमान जी की कृपा भी विशेष रूप से प्राप्त होती है। ज्योतिषियों के मुताबिक, इस बदलाव का सबसे ज्यादा लाभ वृषभ, मिथुन, सिंह और तुला राशि वालों को मिलेगा. इनके रुके हुए काम तेजी से पूरे हो सकते हैं और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगेंगे।

**वृषभ राशि:** इस राशि के लोगों के लिए यह समय नई शुरूआत का संकेत दे रहा है। करियर में आगे बढ़ने के अच्छे मौके मिलेंगे और रुके हुए काम भी पूरे होने लगेंगे. अगर आप नौकरी बदलने या नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो समय बहुत ही अनुकूल है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और अचानक धन लाभ भी हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा और आपके काम की सराहना भी बढ़ेगी, जिससे आत्मविश्वास मजबूत होगा।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय सम्मान और तरक्की लेकर आएगा. कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का फल मिलेगा और बॉस या सीनियर्स का सहयोग मिलेगा. नौकरी में प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है. व्यापार करने वालों के लिए भी लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। मन पहले से ज्यादा शांत और संतुलित रहेगा, जिससे आप सही फैसले ले पाएंगे। रिश्तों में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों के लिए यह समय राहत भरा साबित हो सकता है. लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होंगी। जमीन-जायदाद या निवेश से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और खर्चों पर भी नियंत्रण रहेगा। सेहत पहले से बेहतर होगी और आप खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे. परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे मन खुश रहेगा।

**तुला राशि:** तुला राशि के लोगों के लिए यह बदलाव कई क्षेत्रों में लाभ दिलाने वाला है. पुराने विवाद खत्म हो सकते हैं और कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिल सकती है। विरोधी कमजोर पड़ेंगे और आपके काम में रुकावटें कम होंगी. करियर में नई संभावनाएं बनेंगी और मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। परिवार में खुशियां बढ़ेंगी और रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवन में संतुलन बना रहेगा और मानसिक शांति महसूस होगी।




# लन्तरानी सम्मान से नवाजे गये डॉ. प्रवीण शुक्ल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से लोहिया पार्क में हास्य और व्यंग्य के तीर चले। लंतरानी सम्मेलन में कवियों ने एक ओर जहां व्यंग्यबाण चलाए तो वहीं नेताओं को मिले अवार्डों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लंतरानी आयोजक सर्वेश अस्थाना, महापौर सुषमा खर्कवाल ने लंतरानी सम्मान दिल्ली के कवि डा. प्रवीण शुक्ल को दिया। सम्मेलन में कवियों ने एक से बढ़कर एक हास्य रचनाएं सुनाईं और दर्शकों को ठहाके लगाने का अवसर दिया। कवि डा. प्रवीण शुक्ल ने दस बीस लोग नहीं तेरे पीछे ये सारा संसार पड़ेगा, इससे पीछा छुड़ाएगा कब तक ये पीछे बार बार पड़ेगा, यदि कुछ भी नहीं पास तेरे तो बाद में चुनावों के, तुझे मुंडन कराने को सीधे ही जाना हरिद्वार पड़ेगा रचना से श्रोताओं की तालियां अर्जित कीं। इसी के साथ ही चेतन चर्चित ने हर महफिल में हंसते गाते रहना है, हमको अपने दर्द छुपाते रहना है, अंधियारे के पांव नही टिकने देंगे, सबके दर पे दीप जलाते रहना है, कवि उत्कर्ष उत्तम ने अच्छे दिनों का कोई कलेंडर ही दिला दो, बुलेट ट्रेन न सही स्पलेंडर ही दिल दो, सरकार से मेरी यही है गुजारिश, मुझको टेंडर नहीं सिलेंडर ही दिला दो रचना से तीखा व्यंग्य किया। कवियित्री शिखा श्रीवास्तव ने कलम को सत्य लिखने की प्रखर सी धार दे देना, हृदय को प्रेम का अनुपम कोई उपहार दे देना, हेमंत कुमार पाण्डेय ने एक फूल तुझे देने के लिये सस्ते में ले लिया, देखे न कोई इसलिए बस्ते में ले लिया, फूल तुझे देने को निकले थे जानेमन, पर बजरंग दल वालों ने उसे रस्ते में ले लिया रचना से युवा मन की पीड़ा हास्य के साथ सामने रखी।

# लखनऊ के गोमती तट पर दिखा आस्था का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सनातन महासभा द्वारा चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर 150वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का भव्य आयोजन बुधवार को किया गया। स्वामी कौशिक चैतन्य व स्वामी आनंद नारायण के सानिध्य में सात भव्य मंचों से शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच माँ गोमती की आरती उतारी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने युवाओं को गोमती बचाव का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया विश्व में युद्ध की शांति एवं भारत में धन,,सुख व समृद्धि हेतु श्री महालक्ष्मी धन प्राप्ति महायज्ञ का विधिवत आयोजन महाआरती से पूर्व किया गया। यज्ञ में कुंडो पर जजमानों ने भारत की और अपने परिवार की समृद्धि हेतु आचार्यों की उपस्थिति में दो घंटे तक पूजन किया। महाआरती के बाद 251 दीपों से गोमती तट जगमगा उठा, जिससे वहाँ दीपावली जैसा दृश्य जीवंत हो गया। बच्चों और महिलाओं के लिए रामायण, गीता और शरीर विज्ञान पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में धर्म विस्तार के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को गंगाजल व कृपाण भेंट की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, उमेश त्रिपाठी, सुधांशु शुक्ल, पल्लवी सिंह, तेजस्वी गोस्वामी, शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## पांच प्यारों की अगुवाई में पांच अप्रैल को निकलेगा नगर कीर्तन

लखनऊ। वैसाखी और गुरु साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पांच अप्रैल को पांच प्यारों की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। नगर कीर्तन सुबह साढ़े छह बजे गुरुद्वारा नाका से चलकर 10 बजे गुरुद्वारा यहियागंज पहुंचेगा। यहियागंज गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि इस नगर कीर्तन में शहर की सभी सिख संस्थाएं व गुरुद्वारा साहिब शामिल होंगे। नगर कीर्तन पर आगे गतका दल अपने जौहर दिखाएंगे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों का बैंड होगा। विशेष रूप से गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी द्वारा मिस्सी रोटी व प्याज का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का प्रकाश पर्व सात अप्रैल को और वैसाखी का पर्व 14 अप्रैल को मनाया जाएगा।

# भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : स्वांत रंजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। अहिंसा, सत्य एवं करुणा के महान प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव₹ का भव्य आयोजन बुधवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में हुआ। यह गरिमामयी कार्यक्रम महावीर स्वामी साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने अपने संबोधन में कहा, भगवान महावीर के सिद्धांत– अहिंसा, अपरिग्रह एवं सत्य–आज के आधुनिक युग में अत्यंत प्रासंगिक हैं। ये सिद्धांत समाज में समरसता और शांति स्थापित करने में रीढ़ की हड्डी का काम करते हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इन महान आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का पुरजोर आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन दर्शन पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक की तरह है। मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश अवस्थी ने कहा कि आज विश्व में जो युद्ध और अशांति का माहौल है, उसमें शांति सिर्फ और सिर्फ भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर चलकर ही स्थापित की जा सकती है। पर्यावरण समूह (भारत सरकार) सदस्य अनीता भटनागर जैन ने अपने उद्बोधन में जैन धर्म के 'पांच अणुव्रत' का बेहद सरल और विस्तृत वर्णन किया। अजीत शासने, निदेशक (एनबीआरआई) उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जैन धर्म के गहरे अंतसंबंधों पर वैज्ञानिक व आध्यात्मिक प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीमती नेहा जैन, विशेष सचिव, उ.प्र. शासन और पीयूष सिंह चौहान, निदेशक (एस.आर. इंस्टीट्यूट) ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कौशल (प्रांत प्रचारक, अवध प्रांत) और जैन समाज से अभिषेक जैन, संजीव जैन, पी. के. जैन उपस्थित रहे।

## भोजपुरी साहित्य के विविध रंगों को सामने लाती है 'ककहरा'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी, अपनी वाचिक परंपरा और गेयता के लिए जानी जाती है, जो सदियों से लोक जीवन की भावनाओं को संजोती रही है। इस भाषा में काव्य सृजन न केवल मनुष्य के सुख-दुख को व्यक्त करता है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना को भी उजागर करता है।

इस संदर्भ में, युवा समालोचक डॉ. देवेंद्र नाथ तिवारी की हाल ही में प्रकाशित कृति ककहरा भोजपुरी काव्य की समकालीन धारा को समझने और उसकी गहराई को अनुभव करने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। यह पुस्तक 42 रचनाकारों की काव्य रचनाओं की समालोचना के माध्यम से भोजपुरी साहित्य के विविध रंगों को सामने लाती है, जो इसे एक अनूठा दस्तावेज बनाता है। ककहरा का नाम अपने आप में भोजपुरी की उस मूल भावना को रेखांकित करता है, जो सरलता और सहजता में जीवन की गहरी बातें कह जाती है। ककहरा यानी वर्णमाला का प्रारंभिक पाठ, जो बच्चों को भाषा की पहली सीढ़ी चढ़ाता है। ठीक वैसे ही, यह पुस्तक भोजपुरी काव्य की बुनियादी संवेदनाओं को समझने का प्रवेश द्वार है। डॉ. तिवारी ने इस कृति में भोजपुरी कविता की समकालीन रचनाओं को न केवल समीक्षात्मक दृष्टि से विश्लेषित किया है, बल्कि उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक संदर्भों को भी उकेरा है। यह पुस्तक भोजपुरी साहित्य के उस सौंदर्य को सामने लाती है, जो लोक जीवन की सहजता और गहनता में निहित है। डॉ. तिवारी के इस ह्यककहराह्न का सबसे उल्लेखनीय पहलू उनकी संवेदनशील और तटस्थ दृष्टि है। उन्होंने 42 रचनाकारों की रचनाओं को न केवल उनके काव्यात्मक गुणों के आधार पर परखा है, बल्कि उनके सामाजिक संदर्भों और रचनात्मक प्रक्रिया को भी रेखांकित किया है। भोजपुरी काव्य की गेय परंपरा को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने कविताओं में निहित रस–श्रृंगार, करुणा, भक्ति, वीर–को इस तरह विश्लेषित किया है कि पाठक न केवल कविता के भावनात्मक प्रभाव को समझता है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ता है। बानगी के लिए, प्रेम और भक्ति की रचनाओं में वे कवि की भावनात्मक गहराई को उजागर करते हैं, जबकि सामाजिक विसंगतियों पर लिखी कविताओं में कवि के प्रतिरोध और संवेदना को रेखांकित करते हैं। पुस्तक की एक और खासियत यह है कि यह भोजपुरी काव्य को केवल परंपरागत दायरे तक सीमित नहीं रखती। डॉ. तिवारी ने समकालीन भोजपुरी कवियों की रचनाओं को वैश्विक साहित्यिक परिप्रेक्ष्य में भी देखा है। शहरीकरण, पर्यावरण, नारी चेतना और सामाजिक बदलाव जैसे विषयों पर लिखी कविताओं की समीक्षा में उन्होंने आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन को रेखांकित किया है। यह दृष्टिकोण ककहरा को केवल भोजपुरी साहित्य के पाठकों तक ही नहीं, बल्कि व्यापक हिंदी साहित्य और विश्व साहित्य के प्रेमियों के लिए भी प्रासंगिक बनाता है। ककहरा की भाषा सहज, प्रवाहमयी और बौद्धिक है, जो समीक्षा को गहनता प्रदान करती है, लेकिन इसे जटिल नहीं बनाती। डॉ. तिवारी ने भोजपुरी की लोकप्रियता और उसकी साहित्यिक समृद्धि को एक साथ पिरोया है। उनकी लेखनी में भोजपुरी की आत्मा झलकती है, जो पाठक को यह विश्वास दिलाती है कि यह भाषा केवल गीतों और लोक कथाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह आधुनिक साहित्यिक चेतना की वाहक भी है।

# घोंघा बसंत सम्मेलन में दूल्हे की रही धूम, दर्शकों ने लगाये ठहाके

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इस वर्ष पुनः एक रोचक आयोजन ने धूम मचाई, घोंघाबसंत सम्मेलन विश्व का सबसे पुराना एवं अनूठा हास्य-आयोजन है, जो अखिल भारतीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं समाजसेवी संस्था रंगभारती द्वारा प्रतिवर्ष एक अप्रैल को रवीन्द्रालय, लखनऊ में हास्य-उत्सव के रूप में सम्पन्न होता है। इस वर्ष भी आज घोंघाबसन्त सम्मेलन पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। हंसी के धमाकों में लोगों ने हास्य-उत्सव का जमकर आनन्द लिया। उलटी गंगा बहाते हुए समारोह के अंत में घोंघाबसंत सम्मेलन का उद्घाटन मूर्खिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में गधे ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक थे, जिन्होंने अपने सम्बोधन में इस बात की प्रशंसा की कि श्याम कुमार के नेतृत्व में रंगभारती ने अनेक नई-नई शुरुआतें कीं, जिनमें से एक प्रयोग घोंघाबसंत सम्मेलन है। यह श्याम कुमार जी का जीवट व्यक्तित्व है कि उन्होंने साधनों का अभाव होते हुए भी तमाम ऐसे कार्यक्रमों, परंपराओं आदि की नींव डाली, जो आज धूम मचा रहे हैं। समाजसेवा एवं परोपकार श्याम कुमार के जीवन का मुख्य उद्देष्य रहा है तथा उन्होंने तन, मन, धन से समर्पित होकर इस उद्देष्य की पूर्ति की।

आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक, महंत देव्यागिरि, सुधीर हलवासिया एवं अन्य अनेक विशिष्टजन उपस्थित थे। उद्देश्य रंगभारती की स्थापना 1961 में हुई थी तथा उसी वर्ष रंगभारती ने घोंघाबसंत सम्मेलन के रूप में देश का पहला हास्य कविसम्मेलन इलाहाबाद (प्रयागराज) के ऐतिहासिक परी भवन में आयोजित किया था, जो बाद में रवीन्द्रालय की स्थापना होने पर लखनऊ में सम्पन्न होने लगा। देश के अन्य विभिन्न नगरों में भी रंगभारती हास्य-उत्सव के आयोजन करती आ रही है, जिसके अन्तर्गत बड़े-बड़े हास्य कविसम्मेलन सम्पन्न होते हैं। इन हास्य-उत्सवों का उद्देश्य होता है-आज की तनावभरी जिन्दगी में हंसना-हंसाना।

घोंघाबसन्त सम्मेलन में इन सुविख्यात हास्य-व्यंग्य कवियों ने अपनी रचनाओं से खूब मनोरंजन किया सूर्यकुमार पांडेय (लखनऊ), डंडा (वाराणसी), समीर शुक्ल (फतेहपुर), नरकंकाल (रायबरेली), बिहारी लाल अंबर (प्रयागराज), अमित अनपढ़ (लखनऊ), विनोद सिंह कलहंस (बलरामपुर), डॉ. ताराचंद तनहा (अयोध्या), कमलेष मौर्य मृदु (सीतापुर), राज बनारसी (वाराणसी), अरविंद झा (लखनऊ), श्याम कुमार (लखनऊ) आदि। घोंघाबसंत सम्मेलन के प्रथम चरण का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ कलाकार पद्मा गिडवानी ने दीप-प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती-वंदना प्रस्तुत की, जिसके बाद मशहूर हास्य कलाकार राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर ने चुटकुलेबाज देवकीनंदन के साथ हास्य-फुलझड़ियां पेश कीं। रंगभारती के अध्यक्ष श्याम कुमार इस बार दूल्हे की वेषभूशा में अपने कमांडो एवं डुगडुगी-वादकों के साथ मंच पर आए और आगंतुकों का स्वागत करते हुए घोंघाबसंत सम्मेलन के द्वितीय चरण को आगे बढ़ाया। वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर द्वारा श्याम कुमार का इटली के जूतों से बनी सुगन्धित माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

**बेढब बनारसी रंगभारती सम्मान:** महाकवि बेढब बनारसी के नाम पर स्थापित महत्वपूर्ण बेढब बनारसी रंगभारती सम्मान इस वर्ष हास्यरस के इन दो महारथियों को दिया गया। सूर्य कुमार पांडेय (लखनऊ) एवं सांड़ बनारसी (वाराणसी)। वयोवृद्ध सांड़ बनारसी अस्वस्थता के कारण नहीं आ सके, इसलिए उनकी सम्मान-स्मृतिका वाराणसी में उनके आवास पर भेंट की जाएगी।

**रमई काका रंगभारती सम्मान:** रमई काका अवधी बोली के महान कवि थे और रंगभारती के सदस्य थे। उनके नाम पर रंगभारती ने रमई काका रंगभारती सम्मान आरंभ किया है, जो इस वर्ष अवधी के प्रसिद्ध कवि फतेहपुर-निवासी समीर शुक्ल को दिया गया।

# सदर विधायक ने 33 जरूरतमंदों को दी 57 लाख की आर्थिक सहायता





कुल धनराशि 5765325

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने मार्च माह के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 33 जरूरतमंद लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल ?57,65,325 की आर्थिक सहायता वितरित की है। यह सहायता विभिन्न गंभीर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, किडनी फेलियर, लीवर संबंधी गंभीर समस्याओं और अन्य जानलेवा बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज, ऑपरेशन और दवाइयों के लिए दी गई है।

विधायक अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हर जरूरतमंद व्यक्ति तक त्वरित व प्रभावी मदद पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आवेदनों की जांच के बाद पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है, ताकि इलाज में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में संवेदनशील शासन का जीता-जागता उदाहरण

यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में मुख्यमंत्री राहत कोष गरीबों, असहायों और गंभीर रोगियों के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है। अदिति सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आर्थिक संकट के कारण इलाज से वंचित न रहे। संवेदनशील शासन, त्वरित राहत और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का यही सशक्त प्रमाण है। वहीं सहायता प्राप्त परिवारों ने विधायक अदिति सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। एक लाभार्थी के परिजन ने बताया, ह्लबेटे का कैंसर का इलाज चल रहा था। आर्थिक तंगी के कारण बहुत परेशानी हो रही थी। सदर विधायक की मदद से अब इलाज जारी रख पा रहे हैं। विधायक अदिति सिंह ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक मुख्यमंत्री राहत कोष और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## मुठभेड़ में गौ तस्कर सहित तीन गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और कथित गो तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, उपचार के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष श्याम सुंदर, उपनिरीक्षक सुनील यादव, अशोक कुमार, हेडकांस्टेबल लाल बहादुर लोधी, पप्पू कुमार, नरसिंह यादव, राकेश कुमार, कांस्टेबल राहुल चैधरी, ऋषि कुमार, ओमप्रकाश के साथ मंगलवार रात को टांटियानगर में मौजूद थे। रात करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध व्यक्ति इटकौली की तरफ से आ रहे है। टीम ने इटकौली की तरफ से आ रहे बाइक सवारों को टार्च की रोशनी में रुकने का इशारा किया तो भागने के चक्कर मे मोटरसाइकिल सहित गिर पड़े। खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया, जिसमें एक आरोपी घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफरोज (28) पुत्र मो.रफीक, मोहम्मद गुलफाम उर्फ इमरान पुत्र सईद निवासीगण सिरवारा और आजाद (52) पुत्र कमरुद्दीन निवासी फतेहपुर संगत थाना गोसाईगंज क्षेत्र के रूप में हुई है। घायल अफरोज का सीएचसी जयसिंहपुर में इलाज कराया गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने सीएचसी पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली। अफरोज के खिलाफ कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें वर्ष 2020 में गोवध निवारण अधिनियम का है। बाकी मुकदमें पेड़ कटाई से संबंधित है। वहीं गुलफाम के खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं। जिनमें एक भी गोवध से संबंधित नही है। वहीं आजाद के खिलाफ बुधवार को दर्ज किया गया पहला मुकदमा है। पुलिस ने मौके से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह पूरा मामला दो दिन पूर्व हुई गो हत्या की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। जिसमें न्यायालय ने आठ आरोपितों को रिमांड पर देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद सभी आरोपी गिरफ्तारी के दिन ही छूट गए थे। जिसके बाद हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। एसपी चारु निगम ने कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष, चैकी इंचार्ज सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। मंगलवार रात हुई मुठभेड़ को इस मामले के डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है।

## विद्यालय पहुंचने पर नवप्रवेशित बच्चों का भव्य स्वागत



**संग्रामपुर, अमेठी।** विकासखंड के प्रा. विद्यालय जरौटा, शंकरपुर, कोटवा कनू और कंपोजिट विद्यालय बेलखहरी सहित क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को नवप्रवेशित बच्चों के विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जरौटा में प्रधानाध्यापक विवेकानंद द्विवेदी ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर पांच नवप्रवेशित बच्चों सहित सभी कक्षाओं के बच्चों का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा उन्हें उनकी कक्षा से संबंधित किताबें बांटीं। प्रा. विद्यालय शंकरपुर में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार मिश्र ने सहायक अध्यापक कौशिकी सिंह के साथ नवप्रवेशित 17 छात्र-छात्राओं का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर उन्हें कक्षा में प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय में वार्षिक उत्सव और कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रा.विद्यालय कोटवा कनू में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार मिश्रा ने नवप्रवेशित सात छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर उनका विद्यालय में स्वागत किया। कंपोजिट विद्यालय बेलखहरी में भी तीन नवप्रवेशित बच्चों का विद्यालय में स्वागत किया गया।

## कस्बे में धधकी फसल, दमकल गायब : बिजली की चिंगारी से खेत खाक, सिस्टम फिर फेल

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शुकुल बाजार कस्बा के मवैया चौराहाझ्रइन्हौना रोड, बाबा का तालाब और अधीनदास बाबा के पास गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि 11 हजार वोल्ट वाली बिजली लाइन से चिंगारी गिरी, और देखते-देखते सूखी फसल ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग इतना बढ़ गई कि खेत धू-धू करके जलने लगा।इस आग में गांव के दो किसान—कमलेश शुक्ला और दान बहादुर यादव—की पूरी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आग फैल चुकी थी। सूचना मिलते ही गांव के लोग दौड़ पड़े और बाल्टी, पंप व जो भी साधन मिला उसी से आग बुझाने में जुट गए। काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे बाकी खेत बच गए। सबसे बड़ी बात यह रही कि कस्बे के बीच में घटना होने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची। लोगों का कहना है कि फोन करने के बाद भी दमकल की गाड़ी देर तक नहीं आई। इससे लोगों में नाराजगी है और लोग कह रहे हैं कि मुसीबत के समय जिम्मेदार विभाग ही साथ नहीं देता। वहीं लेखपाल वीरेंद्र प्रजापति ने बाद में बताया कि मौके पर जाकर नुकसान का आकलन किया जाएगा और किसानों को मुआवजा दिलाने की कोशिश की जाएगी।गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा मिले और ऐसी लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि आगे से किसी और किसान की मेहनत यूं बर्बाद न हो

## कार पेड़ से टकरायी, एक युवक की मौत, चार घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोडापुर के पास मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पंचायतनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार प्रदेश निवासी कार सवार हिमांशु पुत्र नवीन सिंह, मधुकर कुमार पुत्र राजीव कुमार, अनिल कुमार पुत्र पंचानंद शर्मा, प्रत्यय अमृत पुत्र प्रभात रंजन और मंटू कुमार पुत्र अक्षय लाल नेपाल की यात्रा के बाद प्रयागराज को जा रहे थे। मंगलवार/बुधवार रात करीब तीन बजे अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर डोडापुर के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रत्यय अमृत (21) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य चारों लोग घायल हो गए। सूचना पर द्वारिका गंज पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## इंस्पायर अवार्ड पाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खंड कूरेभार के उच्च प्राथमिक विद्यालय अरवल कीरी करवत में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान कक्षा 8 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय की दो छात्राओं पलक और स्नेहा को इंस्पायर अवार्ड के तहत प्राप्त 10 हजार रुपये की उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर मार्कशीट और पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटर कॉलेज नतौली के वरिष्ठ अध्यापक अजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में अपार प्रतिभा होती है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक लल्लन कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक कृष्ण कुमार तिवारी, राजकुमार यादव, कुलदीप वर्मा, रामपुजन, राजकमल सरोज, अंतिमा सिंह, जानकी वर्मा, दशार्था सिंह, राजवंत गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष कमला, अमरप्रीति आदि मौजूद रहे।

## सर्राफा डकैती कांड में दूसरी गवाही शुरू, शेष गवाही 8 को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सर्राफा डकैती कांड के चर्चित मामले में बुधवार को कोर्ट में दूसरी गवाही शुरू हुई। केस दर्ज कराने वाले वादी मुकदमा भरतजी सोनी के पुत्र सुमित सेठ का मुख्य बयान दर्ज किया लेकिन बीमार होने से पूरा नहीं हो पाया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर ने गवाह को शेष बयान के लिए आठ अप्रैल को तलब किया है। कोतवाली नगर के क्षेत्र के चैक ठठेरी बाजार में स्थित सराफा व्यवसायी भरतजी सोनी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को असलहे से लैस डकैतों ने दिन-दहाड़े डकैती डाली थी। डकैत दुकान से सोना, चांदी व नकदी लूटकर ले गए थे। मामले में अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानीनगर गांव के मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

### संक्षेप

## दामाद पर ही लगाया हत्या का आरोप

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के धरई मजरे भुआलपुर सिसनी गांव में 32 वर्षीय अंतिमा देवी की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद मृतका के पिता श्रीपाल ने अपने दामाद रामकुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। बीते शनिवार को अंतिमा देवी घर के अंदर चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी मिली थीं। प्रारंभिक तौर पर उनके पति रामकुमार ने गांव के एक अन्य व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की दिशा बदल ही गई है।मृतका के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या उसके पति ने ही की है। उन्होंने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है, हालांकि घटना के चार दिन बीत जाने बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बारीकी से जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

## अटेवा ने मनाया काला दिवस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा के बैनर तले एक अप्रैल को जनपद भर में शिक्षकों और कर्मचारियों ने काला दिवस मनाया। पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति और नई पेंशन योजना के विरोध में हजारों कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित इस प्रतीकात्मक विरोध में कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की। अटेवा पदाधिकारियों ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य के लिए असुरक्षित है, इसलिए इसे समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू की जानी चाहिए।

## गौरीगंज विधायक को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, कार्यवाही स्थगित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भाजपा नेता दीपक सिंह पर थाना परिसर में हमला करने के मामले गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह को अदालत से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के निर्देश पर एमपी- एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बुधवार को कार्यवाही स्थगित करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह पंकज ने मामले में हाईकोर्ट के आदेश की नकल कोर्ट में दाखिल कर बताया कि बीते 17 मार्च को सह आरोपी प्रशांत सिंह की याचिका पर हाईकोर्ट ने केस की कार्यवाही अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दी है। अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 16 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। गौरीगंज थाना परिसर में 10 मई 2023 को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह पर हमला करने का आरोप है। दीपक सिंह ने मामले में सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह सहित 13 लोगों पर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद विधायक समेत 10 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

## एम्स रायबरेली में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पीएमआर विभाग द्वारा एक से 15 अप्रैल तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का आज पहले दिन विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. अमिता जैन के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता पखवाड़ा अध्यक्ष डॉ. सुयश सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के पहले दिन पीएमआर वार्ड 7सी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय परिसर की साफ-सफाई की गई तथा मरीजों एवं उनके तीमारदारों को हैंड हाइजीन एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यशील सिंह अस्थाना (सहायक प्रोफेसर, पीएमआर विभाग) के नेतृत्व में किया गया। अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## 'स्कूल चलो अभियान' का हुआ भव्य शुभारंभ, नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर



जिला संवाददाता (vol)

- बेसिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है : एमएलसी

**सुलतानपुर।** सत्र 2026-27 के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट, दूबेपुर परिसर में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय दूबेपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं उघडपुर भटपुरा व तुराबखानी के छात्रों ने नामांकन जागरूकता पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है, इसलिए शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधायक विनोद सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के सकारात्मक बदलावों की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज बेसिक शिक्षा के छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जो बदलाव का संकेत है। उन्होंने अभिभावकों से संपर्क बढ़ाकर नामांकन बढ़ाने की अपील की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में टीएलएम स्टाल व विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों को उपहार व पुस्तकें वितरित की गईं। अभियान के तहत प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज



**अमेठी।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौरीगंज परिसर से किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगा, जबकि दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा।

कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ. रामप्रसाद, उप सीएमओ डॉ. पी.के. उपाध्याय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज डॉ. राजीव सौरभ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर पालिका गौरीगंज, पंचायती राज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग मशीन एवं एंटी-लार्वा मशीन का प्रदर्शन भी किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को साफ-सफाई, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा व एएनएम के माध्यम से घर-घर सर्वे कर बुखार, आईएलआई एवं क्षय रोग के लक्षण वाले मरीजों की पहचान की जाएगी। साथ ही लोगों को मच्छरों से बचाव, प्रजनन स्थलों के नष्टिकरण एवं समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं नगर निकायों को नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, फॉगिंग एवं लावार्नाशी छिड़काव की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायती राज व ग्रामीण विकास विभाग स्वच्छता एवं जलभराव की समस्या के समाधान पर कार्य करेंगे, जबकि कृषि विभाग अनावश्यक जलभराव को समाप्त करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण व उपचार उपलब्ध कराएगा। सीएमओ ने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनस्वास्थ्य में सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है।

## नारायणपुर विद्यालय में धूमधाम से वार्षिकोत्सव आयोजित

- नि:शुल्क पुस्तक वितरण से खिले बच्चों के चेहरे

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भदैया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क पुस्तक वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान, कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन एवं विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने कहा कि सरकार बेहतर शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा को भी प्राथमिकता दे रही है, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नेता विकास वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर एवं खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्र शामिल रहे। अतिथियों ने कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन कर छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। इस दौरान कक्षा 6, 7 एवं 8 के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में स्वीटी तिवारी प्रथम, शिखा द्वितीय एवं ऋषभ शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 7 में पलक तिवारी, पलक भारती और संध्या तथा कक्षा 6 में अभय प्रताप सिंह, दीक्षा और अमन ने क्रमशः शीर्ष स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों ने कक्षा 8 के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में अभिभावकों ने कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था पर खुशी जताई। अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज उपाध्याय ने किया। इस मौके पर शिक्षक, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खंड कूरेभार के उच्च प्राथमिक विद्यालय अरवल कीरी करवत में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गांव में घूम-घूमकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से हुई, जहां छात्र-छात्राएं हाथों में स्कूल चलो अभियान के बैनर और जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर निकले। बच्चों ने पूरे गांव में भ्रमण करते हुए एक भी बच्चा छूटे ना, संकल्प हमारा टूटे ना और पढ़ेंगे और पढ़ाएंगे, देश का मान बढ़ाएंगे जैसे नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। रैली को देखने के लिए गांव के लोग भी अपने घरों से बाहर निकल आए और बच्चों के उत्साह की सराहना की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गांव के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराकर उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई के लिए भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक बच्चों के साथ पूरे समय मौजूद रहे और रैली को सफल बनाने में सहयोग किया। छात्रों ने अनुशासन के साथ पूरे गांव में रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। लल्लन कुमार मौर्य, कृष्ण कुमार तिवारी, राज कुमार यादव, कुलदीप वर्मा, राम पूजन, राज कमल, अंतिमा सिंह, जानकी वर्मा सहित बड़ी संख्या में नौनिहाल मौजूद रहे। विद्यालय हेड का कहना है कि स्कूल चलो अभियान के तहत आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बेहतर हो और कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रह सके। इस पहल को ग्रामीणों ने भी सराहा और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया।

## प्रथम दिवस आगमन पर बच्चों का भव्य स्वागत

- गंगागंज कस्बे में बाल विद्या मंदिर विद्यालय में नये शैक्षणिक सत्र की धूम




**रायबरेली।** गंगागंज कस्बा स्थित प्रसिद्ध बाल विद्या मंदिर विद्यालय में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्कूल परिसर में बच्चों के पहले दिन के आगमन पर माँ सरस्वती जी की पूजा-अर्चना कर उनका शुभ स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और स्टाफ ने बच्चों को रोली-चंदन का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा करते हुए और स्वागत गीत गाकर हार्दिक अभिनंदन किया। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे और इस उत्सवपूर्ण माहौल को देखकर उनके चेहरे खिल उठे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लनया सत्र नई उम्मीदों, नई ऊर्जा और नई उपलब्धियों का प्रतीक है। हम बच्चों को सर्वांगीण विकास के साथ-साथ नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर तैयार करेंगे। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झंडियों, गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था। बच्चों को स्वागत के रूप में मिठाई और स्टेशनरी किट भी वितरित की गई। अभिभावकों ने इस व्यवस्था की सराहना की और कहा ऐसे शुभारंभ से बच्चों में स्कूल आने का उत्साह बढ़ता है। नए सत्र की शुरूआत नई ऊर्जा, उमंग और उत्साह के साथ हुई। शिक्षण कार्य तुरंत प्रारंभ कर दिया गया। बाल विद्या मंदिर विद्यालय रायबरेली जिले के गंगागंज क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है।

## हवन-पूजन के साथ नया शिक्षा सत्र शुरू

**लालगंज, रायबरेली।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को नए सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ शुरू हुआ। सुंदरकांड पाठ संगीतमय वातावरण में हुआ।

द्वीप प्रज्वलन व हवन पूजन आरती में विद्यालय के प्रबंधक कैलाश वाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, रामनारायण सिंह, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्र, रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शालिनी मिश्रा शिवांगी विश्वकर्मा, आर्या श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा, दिवाकर सिंह, आनंद राज झा, नन्हे मुन्ने भैया/ बहन समागत अभिभावकों ने भाग लिया।

संक्षेप

## मेले में 30 छात्रों को मिला रोजगार

**शिकोहाबाद।** एफ एस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा डिप्लोमा छात्रों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लक्ष्मी रिमोट इंडिया प्रा.लि. कंपनी के नुमाइंदों ने साक्षात्कार के माध्यम से 30 छात्रों का चयन किया। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी छात्रों को रोजगार देने के लिए, ऐसे आयोजन कराने का आश्वासन दिया। प्रति कुलाधिपति डॉ. योगेश यादव ने कहा कि विश्वि छात्रों के करियर को आकार देने में उनका सहयोग करता रहेगा। इस दौरान ट्रस्टी डॉ. राहुल यादव, डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष कोणार्क सक्सेना मौजूद रहे।

## गोवर्धन में गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत से स्थानीय लोग परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने गिरिराज गैस एजेंसी पर गंभीर अनियमितताओं और कालाबाजारी के आरोप लगाए हैं। स्थानीय निवासियों आकाश, नारायणदास और सुषमा देवी सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि गिरिराज गैस एजेंसी पर गैस की कालाबाजारी की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग और पैसे जमा करने के बावजूद उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब वे सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचते हैं, तो कर्मचारी और संचालक उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और उन्हें धक्का देकर भगा दिया जाता है। इस मामले में जब गैस एजेंसी संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और गैस वितरण व्यवस्था में सुधार होगा।

## एसएसपी ने किया थाना रिफाइनरी का वार्षिक निरीक्षण

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना रिफाइनरी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय अभिलेखों मालखाना हवालात भोजनालय शस्त्रागार महिला हेल्प डेस्क मिशन शक्ति केंद्र सीसीटीएनएस कक्ष एवं बैरक की साफसफाई का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने बीट पुलिसिंग को प्रभावी करने हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थलों पर नियमित गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने ग्राम चैकीदारों के साथ बैठक भी की और उन्हें उपहार वितरित कर उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के उपरांत थाना स्टाफ के साथ बैठक करते हुए उन्होंने अनुशासन जनसुनवाई की गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

# हेकाथन 2026 ने छूई नयी बुलंदियां

**संस्कृति विवि**




**मथुरा।** संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में स्पार्क हेक 2026 का समापन समारोह संपन्न हुआ। संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा अपने यहां आयोजित किए गए इस हेकाथन में गहन कोडिंग और विचार-मंथन द्वारा रचनात्मक समाधान के उद्देश्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस प्रतिस्पर्धा में देशभर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की कुल 88 टीमों के 315 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 231 छात्र और 84 छात्राएं शामिल हुईं। स्पार्क हेक 2026 का पहला पुरुस्कार जीएल बजाज की टीम ने, दूसरा संस्कृति विवि की टीम ने तथा तीसरा पुरुस्कार कोटा के राजस्थान विवि की टीम ने जीता। समापन समारोह में इन टीमों को चेक और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा.सचिन गुप्ता ने कहा कि ये शुरूआत है हम आगे भी मिलते रहेंगे। हमारा जज्बा कायम रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार-जीत मायने नहीं रखती है मायने रखता है ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते समय आपका आत्मविश्वास। पहली बार में ही इतना अच्छा उत्साहजनक परिणाम देखते हुए हमने निर्णय लिया है कि हम इस मिशन को जारी रखेंगे। सबसे बड़ी बात है कि आपकी सफलता से आपके माता-पिता का नाम रौशन होता है। अपने माता-पिता के साथ ही आप अपने कालेज और देश का भी नाम रौशन करते हैं। उन्होंने एक शेर पढ़ते हुए कहा कि कुछ बदले या न बदले लेकिन जब हम ठान लेते हैं तो अपनी तकदीर को बदल सकते हैं।

संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने देशभर से आकर इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने लगातार 24 घंटे चली इस प्रतिस्पर्धा में अपने ज्ञान और परिश्रम का जो प्रदर्शन किया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे कुलाधिपत डा. सचिन गुप्ता चाहते हैं कि इस तरह के आयोजन सालाना स्तर पर होते रहने चाहिए। जो प्रतियोगिता में विजयी नहीं हुए हैं वो लूसर नहीं कहे जाएंगे, वास्तविकता में देखा जाय तो वो गेनर हैं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में आकर वो अनुभव हासिल किया जो कहीं और नहीं मिलता। संस्कृति विवि के प्रति कुलपति प्रो. रघुराम भट्ट ने इस आयोजन से जुड़ी सभी टीमों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में सभी नहीं जीतते लेकिन उनका बड़ा महत्व होता है जो प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। इस मौके पर आयोजन से जुड़ी हेक ब्रिवेन की टीम, संस्कृति विव की स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष यश श्रीवास्तव को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें कि इस प्रतियोगिता में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद, एकेटीयू, लखनऊ , अलीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बीबीडीएनआईटी, भगवान परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, लखनऊ, चंडीगढ़, चंडीगढ़ विवि, उत्तर प्रदेश, सीएसजेएम विवि, दयालबाग संस्थान, गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, गलगोटिया विवि, जीजीएसआईपीयू, दिल्ली, जीएल बजाज, मथुरा, जीएलए विवि, मथुरा, हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी जोधपुर, आईआईटी मद्रास, आईएमएसईसी, गाजियाबाद, जेबी नॉलेज पार्क, केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, एलएनसीटी भोपाल, इंदौर, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा, संस्कृति यूनिवर्सिटी, सेंट एंड्रयूज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फर्रुखनगर, गुरुग्राम, विक्रांत यूनिवर्सिटी, ग्वालियर की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्कृति एचएम विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर शुभांगी सक्सैना ने किया। वहीं विवि प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि तीन दिवसीय संस्कृति स्पार्क 2026 मौसम विभाग की भविष्यवाणियों को देखते हुए दो अप्रैल के स्थान पर तीन अप्रैल से पांच अप्रैल के बीच होगा।

## अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में युवक की पिटाई पुलिस ने लिया हिरासत में

**मथुरा।** मथुरा के पदमपुरी इलाके में मंगलवार देर रात एक युवक को स्थानीय लोगों ने एक मासूम बच्ची को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में पकड़ा और उसकी पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कृष्णा नगर चौकी क्षेत्र के पदमपुरी में युवक अपने मोबाइल पर एक बच्ची को अश्लील सामग्री दिखा रहा था। बच्ची ने तुरंत अपने परिजनों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। कृष्णा नगर चैकी प्रभारी विपिन तोमर ने बताया कि रात के समय इलाके में संदिग्ध हरकत करते पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने घेर लिया। बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक ने मोबाइल पर अश्लील सामग्री दिखाने की कोशिश की, जिससे बच्ची डर गई। ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। चौकी प्रभारी विपिन तोमर ने कहा आरोपी को अश्लील हरकतों के आरोप में पकड़ा गया है और उसके खिलाफ जांच की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी स्थानीय निवासी है पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहा है।

## विधायक ने किया स्कूल चलो जागरूकता रैली का शुभारंभ



**टूंडला।** स्कूल चलो अभियान के तहत बीआरसी भवन से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ करते हुए टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली में स्कूली बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने शिक्षा जरूरी है' रोटी नहीं खाएंगे पढ़ने जरूर जाएंगे जैसे नारे लगाए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में वृद्धि करना है। इस अवसर पर विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि स्कूल चलो अभियान आज से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में परिषदीय विद्यालयों में भेजें।परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर काफी बेहतर हुआ है और बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से यह भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन साफ-सुथरे कपड़ों में विद्यालय भेजें। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सतीश बघेल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी टूंडला खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक अनिल बघेल, गौरव सिंह सोनू सिंह के अलावा विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर दंपति से की मारपीट

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के एक गांव में जमीन का केश कोर्ट से जीत से नाराज दबंगों ने पीड़ित के घर में घुसकर पीड़ित की पत्नी से छेड़छाड़ कर दंपति से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना नगला खंगर क्षेत्र के एक गांव के निवासी का आरोप है कि रामनरेश पुत्र बच्छराज ने पीड़ित के खेत के बंटवारे का मामला कोर्ट में डाला था। जिसमें पीड़ित मुकदमा जीत गया। उसके बाद से आरोपी पक्ष रंजिश मानने लगा। गांव के रघुवीर सिंह पुत्र उजागर सिंह, रामकृष्ण पुत्र रघुवीर, मिथुन पुत्र रामनरेश, रामनरेश पुत्र बच्छराज रंजिश को लेकर लाठी डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस आए और उसकी पत्नी को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकते की। जब पीड़ित को घटना की सूचना मिली तो वह अपनी पत्नी को बचाने के लिए घर आया तो आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की नियत से जमकर मारपीट करते हुए गला दबा दिया। झगड़े को देखकर जब पीड़ित के बेटे ने वीडियो बनाया तो आरोपियों ने उसके मोबाइल को छीनकर तोड़ दिया। दंपति का शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। यह देखकर आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पर्यटकों को मिलेंगी विश्व प्रसिद्ध सुविधाएं



**मथुरा।** ब्रज में आने वाले देश-विदेश के पर्यटक श्रद्धालुओं को आप विश्व प्रसिद्ध आवासीय सुविधा मिलने जा रही हैं इस कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद हर तरह की सुविधाओं की समीक्षा खुद कर रहे है। इसी दिशा मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में ब्रज की हृदय स्थल वृन्दावन स्थित विवांता ताज होटल एवं बृजवासी मिठाई वाला ग्रुप के मालिक राजीव अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र पुलकित अग्रवाल ने मुलाकात की। उद्योगपति राजीव अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के चलते वृन्दावन में पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी अनुकूल माहौल का परिणाम है कि यहां लगातार फाइव स्टार होटल और उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित हो रही हैं। युवा समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री पुलकित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अपने ग्रुप की भविष्य की योजनाओं के बारे मेंविस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिसमें पर्यटन और निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

# तीन मंजिला शोरूम में भीषण आग लाखों का सामान जलकर खाक

- शुरुआती तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** शहर के कोतवाली रोड पर स्थित एक तीन मंजिला दोना-पत्तल और पैकिंग की दुकान में आज तड़के करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

चौबिया पाड़ा क्षेत्र के निवासी नरेंद्र गुप्ता की कोतवाली के ठीक सामने तीन मंजिला दुकान है, जिसमें दोना-पत्तल, रस्सी और अन्य आइटम्स का स्टॉक रखा था। बुधवार तड़के उनके पड़ोसी ने दुकान से धुआं निकलता देख दुकान स्वामी को सूचित किया। जब तक स्वामी मौके पर पहुंचे, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आग को पड़ोस की अन्य दुकानों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित दुकानदार नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को बाजार की साप्ताहिक बंदी होने के कारण वह परिवार के साथ दर्शन करने बाहर गए थे और देर रात साढ़े 12 बजे ही वापस लौटे थे। सुबह अचानक आग की खबर मिली। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय दुकान के सभी लाइट स्विच बंद थे। इस आगजनी में मेरा करीब 20 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान जलकर राख हो गया है।

हालांकि शुरूआती तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन दुकान स्वामी के दावों के बाद पुलिस और फायर विभाग मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं। गनीमत रही कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन व्यापारी को भारी आर्थिक चोट पहुंची है। प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुटा है।

## रेलवे ने चलायी सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष ट्रेन

**टूंडला।** रेलयात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन लगातार विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यह ट्रेन सूबेदारगंज से बांद्रा टर्मिनल के बीच दौड़ेगी। इसके साथ ही दोनों ओर से 15-15 फेरे लेगी। प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि ट्रेन नंबर 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष ट्रेन छह अप्रैल सुबह 5:20 बजे सूबेदारगंज से चलेगी। जो फतेहपुर गोविंदपुरी इटावा होकर सुबह 11:50 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। जो पांच मिनट के ठहराव के बाद ईदगाह आगरा फतेहपुर सीकरी रुपबास, बयाना गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर कोटा रतलाम वडोदरा, सूरत वापी बोरीवली होकर अगले दिन सुबह 9:30 बजे बांद्रा टर्मिनल पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 04126 बांद्रा टर्मिनल-सूबेदारगंज सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनल से सात अप्रैल को सुबह 11:15 बजे चलेगी। जो इसी क्रम में होकर अगले दिन सुबह 8 बजे टूंडला जंक्शन पहुंचेगी। जो पांच मिनट के ठहराव के बाद सूबेदारगंज के लिए रवाना हो जाएगी। इस ट्रेन में एसएलआर/डी-दो, सामा-?य-चार, स्लीपर-छह, एसी तृतीय-पांच, एसी द्वितीय-एक, इकॉनोमी-चार कोच सहित 22 कोच होंगे।

# स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया




**फिरोजाबाद।** बुधवार को पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय जसराना में जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, निवर्तमान जसराना विधायक राम गोपाल पप्पू लोधी, शत्रोहन वैश्य मुख्य विकास अधिकारी कमलेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख अरॉव राजीव गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत जसराना डा० सत्यपाल सिंह प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा राजेश कुमार शुक्ल एसडीएम जसराना धीरेन्द्र कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद व बीइओ की उपस्थिति रही, जिनको पौधा भेंट कर व कैप पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया कि प्रथम चरण 01 से 15 अप्रैल, 2026 तक तथा द्वितीय चरण 1 से 15 जुलाई, 2026 तक आयोजित किया जायेगा। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित करते हुए अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने की अपील की गयी। सीडीओ द्वारा परिषदीय विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देते हुये निपुण विद्यालय में जनपद आगरा मण्डल में प्रथम स्थान पर होने तथा कायाकल्प में प्रथम स्थान पर होने पर बधाई देतु हुए विगत वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयासों की सराहना की गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा वर्तमान सरकार की लाभकारी योजनाओं एवं विद्यालयों की बदलती तस्वीर प्रदर्शित करते हुये अभिभावकों को अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकित कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया। एस०आर०जी० जया शर्मा सुभाष चन्द्र एवं नरेश बाबू द्वारा प्री-प्राइमरी एवं निपुण भारत मिशन कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नये प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्टेशनरी किट व निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें भी वितरित की गयी तथा सर्वाधिक नामांकन वाले 06 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र तथा पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त अतिथिगणों द्वारा समिलित रूप से हरी झण्डी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवकान्त पलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीइओ एवं रूद्र नारायण शुक्ला जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अजय कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा,प्रदीप सिंह जिला समन्वयक निपुण अजीत यादव रीमा यादव मुकेश राजपूत,विनीता चौधरी,चेतेंद्र प्रताप सिंह आदि शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे।1 अप्रैल, 2026 को जनपद स्तर के साथ-साथ परिषदीय विद्यालयों में भी स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम करते हुए रैली निकाली गयी।

## दो उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस विभाग में आंशिक फेरबदल किया है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दो निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के तहत, थाना शेरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का तबादला कर उन्हें मेला सेल/ वीआईपी सेल में भेजा गया है। प्रदीप कुमार लंबे समय से शेरगढ़ थाने की कमान संभाल रहे थे। अब उन्हें मेला और वीआईपी ड्यूटी की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के पीआरओ अजय किशोर को थाना शेरगढ़ का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। अजय किशोर अब शेरगढ़ थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह फेरबदल कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

## जिले में अपराध व अपराधियों के लिए नहीं होगी कोई जगह : नवागत एसएसपी आदित्य लांग्हे



**फिरोजाबाद।** जिले में नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पदभार ग्रहण करते ही अपने सख्त तेवरों का स्पष्ट संकेत दे दिया है। चार्ज संभालने के तुरंत बाद मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अपनी प्राथमिकताएं सार्वजनिक कीं। एसएसपी आदित्य लांग्हे ने साफ कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होगी। विशेष रूप से साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। साथ ही महिला संबंधित अपराधों के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी,ताकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने आगे बताया कि सड़क हादसों को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। शहर में बढ़ती जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की बात भी उन्होंने कही। एसएसपी ने यह भी भरोसा दिलाया कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण किया जाएगा। पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया जाएगा,ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके। नवागत एसएसपी के इस सख्त और स्पष्ट रुख से यह उम्मीद जताई जा रही है कि फिरोजाबाद में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी और आमजन को बेहतर सुरक्षा का माहौल मिलेगा।

## अटेवा ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग पूरी न होने के विरोध में मनाया काला दिवस

**फिरोजाबाद।** अटेवा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग पूरी न होने पर शिकोहाबाद में सभी शिक्षक कर्मचारियों ने बुधवार को काला दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षकों कर्मचारियों को मिलने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को इसी दिन प्रदेश में समाप्त किया गया था। इसी के विरोध के चलते पूरे प्रदेश में सरकारी कर्मचारी के द्वारा काला दिवस मनाया। अटेवा के शिक्षकों, कर्मचारियों ने अपने अपने विद्यालय, कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। मंडल अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह ने कहा देश में सांसद और विधायक चार-चार पेंशन लेते हैं लेकिन शिक्षक कर्मचारीयों की पुरानी पेंशन व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है यह कहां का न्याय है। जिला महामंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान ने कहा कि देश की रक्षा सुरक्षा में अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले अर्धसैनिक बलों की पेंशन व्यवस्था को तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। अटेवा इसके लिए पूरी तरीके से प्रतिबद्ध है हम इसे बहाल करा कर ही रहेंगे।

इस दौरान कोषाध्यक्ष गौरीशंकर बिन्द कमलेश चंद्र शर्मा चंदन यादव विमल यादव शैलेंद्र सिंह विनोद संजय पांडे मोनिका जैन, विकास अजय कुमार सिंह दिलीप जाटव राधेश्याम यादव, राजवीर सिंह राज बघेल आशीष देव यादव धर्मवीर सिंह, अखिलेश सिंह ओम प्रकाश गुप्ता धनंजय सिंह होतेलाल, संजय यादव भूपेंद्र सिंह जसावत, राम प्रकाश, हरकेश यादव, प्रेम स्वरूप योगेंद्र सिंह सुमित यादव अभिषेक सिंह मुकेश कुमार सुशील राजपूत परमेंद्र यादव राष्ट्र प्रकाश धनगर देवेंद्र यादव प्रमोद कुमार धर्मेंद्र सिंह प्रेमवीर सिंह अशोक कुमार, सुरेश चंद्र उमेश चंद्र आदि का सहयोग रहा।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



**मथुरा।** बुधवार जनपद मुख्यालय पर सीएमओ कार्यालय परिसर से सीएमओ डॉ राधा वल्लभ ने एक विशाल रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों यथा आशा कार्यकत्री ए ए एन एम कार्यकत्री के साथ साथ वाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व नगर निगम मथुरा वृंदावन के कर्मचारियों ने बडे पैमाने पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।

गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री द्वारा गत वर्ष की भांति वर्ष 2026 में भी संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है इस के क्रम में मुख्य सचिव, उप्र शासन, चिकित्सा अनुभाग-5 लखनऊ द्वारा दिए गये निदेशों के अनुपालन में 1 से 30 अप्रैल 2026 तक अन्तर्विभागीय सहयोग से विषेश संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान ( 10 से 30 अप्रैल 2026 तक ) जनपद में चलाया जाना है। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ अनुज चैधरी , जिला मलेरिया अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग अर्बन कॉर्डिनेटर , डीएमसी यूनिसेफ एवं वरिश्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी ,मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया, अनिल कुमार वर्मा, श्रीमती आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। रैली ने समापन के वाद एक सभा का रूप ले लिया जिसमें सीएमओ द्वारा संचारी रोगों से वचाव हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये तथा सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत रोगों से बचाव हेतु निम्न उपाय बताये गये जिसमें क्या करें - पानी के बर्तन /ड्म/टंकी आदि ढक कर रखें । सप्ताह में एकबार पानी के बर्तनों को खाली कर लीजिए ।जिन स्थानों में पानी का इकट्ठा होना रोका न जा सके वहां पानी में कुछ बूंदें मिटटी का तेल या ट्क्टर का जला हुआ मोबिआयल डाल दीजिये। मच्छरों से बचने के लिये सोते समय मच्छर रोधी क्रीम/नीम का तेल/ कड़वा तेल शरीर पर मलें/लगायें। सोत समय मच्छरदानी का प्रयोग करें । ऐसे कपडे पहनें जो षरीर को पूरा ढके रखे । बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र / स्वास्थ्य कार्यकर्ता से खून की जांच करायें। दवा नियमित और पूरी खायें। क्या न करेंः- घर मे व घर के आसपास टूटे बरतन, टायर,फूलदान, आदि बर्तनो में जलभराव न होने दे। तेज बुखार उतारने के लिये एस्प्रिन या ब्रुफिन टेवलेट का इस्तेमाल न करें।

## फर्जी दस्तावेजों से कब्जा की गयी 4.6 हेक्टेयर जमीन पर निगम ने करायी मुक्त

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम सीमांतर्गत कृष्णापुरी क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 3193 ( अ ) तथा खसरा संख्या 3193 ( ब ) की कुल लगभग 4.6 हेक्टेयर भूमि को उप जिला अधिकारी न्यायालय, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार राज्य सरकार में दर्ज कर दिया गया है। राज्य सरकार में दर्ज होने के उपरांत उक्त भूमि को अब नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा अपने कब्जे में लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। उपजिला अधिकारी न्यायालय के आदेश के क्रम में विधिक कार्रवाई करते हुए अब इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर नगर निगम के अधिकार में लिया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान, अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम, संबंधित राजस्व निरीक्षक ( आर.आई. ), नगर निगम की प्रवर्तन टीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपने ही घर में घिरे ट्रंप

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में जिस तरह की टैरिफ नीति, दूसरे देशों पर कब्जा करने और युद्ध करने के साथ नाटो के सहयोगी देशों को नाराज करने की कूटनीतिक नादानी की है, उससे अब वे अमरीका में ही घिर गये हैं। उनके खिलाफ 'नो किंग्स' बैनर वाले विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सांसद भी सड़कों पर उतर आए हैं। अमरीका के 50 राज्यों में 3500 से अधिक स्थानों पर करीब 80 लाख लोग सड़कों पर उतरे और अपना आक्रोश प्रकट किया। ये लोग ट्रंप का इस्तीफा मांग रहे हैं। ये विरोध-प्रदर्शन ट्रंप के अधिनायकवाद के खिलाफ है और ब्रिटेन, यूरोप तक फैल गए हैं। ईरान पर हमला अमरीका और इजरायल के शासनाध्यक्षों का तानाशाही किस्म का रवैया था। उनके तमाम मंसूबे अधूरे रहे हैं। युद्ध को एक महीना बीत चुका है। लगभग पूरी दुनिया हिल चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी का सर्वेक्षण है कि ईरान युद्ध से 4.5 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के कगार पर हैं। अनुमानित डाटा है कि युद्ध में अभी तक 4500 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, करीब 10 लाख लोग बेघर हो चुके हैं, वैश्विक जीडीपी के 2 फीसदी नीचे आने के खतरे सामने हैं। यदि अमरीका और इजरायल में जनता ट्रंप और नेतन्याहू का आक्रामक विरोध कर रही है, तो बिल्कुल लोकतांत्रिक कदम है। अमरीका सबसे प्राचीन लोकतंत्र है। बल्कि विरोध इतना तीखा और सटीक होना चाहिए ट्रंप को लोकतंत्र की मर्यादा समझ में आ जाये।




**साम्राज्यवादी नीति के कारण डोनॉल्ड ट्रंप अपने ही देश में घिरते नजर आ रहे हैं। यही यही कारण है कि अब उनके खिलाफ जनता सड़कों पर निकलने को विवश है।**

अमरीका और इजराइल दोनों देशों में चुनाव होने हैं और वे निम्नतम लोकप्रियता के स्तर पर हैं। पेंटागन का आकलन है कि एक माह के युद्ध में ही अमरीका का अरबों डॉलर स्वाहा हो चुका है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ईरान का भी 15-20 लाख करोड़ रुपये और खाड़ी देशों का करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप अब भी विमानवाहक युद्धपोत, मरीन कमांडो, सैनिक, विमान आदि ईरान की ओर भेज रहे हैं। बॉम्बर्स से बमबारी करवा रहे हैं। अमरीका और इजरायल ने एक माह की अवधि में ईरान पर 10,000 से अधिक हमले कर उसके 66 फीसदी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। आखिर मिसाइल, ड्रोन कितने बचे होंगे? और ईरान कब तक उनके सहारे युद्ध लड़ता रहेगा? यह बेहद चिंतित करने वाला सवाल है। मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि युद्ध से विश्व के सामने ऊर्जा-संकट पैदा हो गया है, जो लगातार गहराता जा रहा है। मुद्रास्फीति और सप्लाई चेन की बाधाओं ने दुनिया को झटके दिए हैं। ट्रंप की इस तानाशाही और वैश्विक गुंडागर्दी को क्यों सहन किया जा रहा है? यूरोप, एशिया (भारत, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया आदि समेत), अफ्रीका, लैटिन अमरीका और जो देश ईरान युद्ध से पिसे, कुचले जा रहे हैं, वे संयुक्त राष्ट्र में जाएं और ट्रंप के खिलाफ आंदोलन करें। अब प्रस्ताव पारित कराने का वक्त निकल चुका है। देशों को आक्रामक होना होगा, लेकिन अहिंसक आंदोलन करना होगा। यह कूटनीति या राजनीति अथवा अमरीका के साथ संबंधों वक्त नहीं है, बल्कि विश्व के अस्तित्व का सवाल है। विरोध देश का नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप का करना है। भारतीय विशेषज्ञ मान रहे हैं कि हमारी तेल-गैस की आपूर्ति लगातार कम हो रही है और खपत जस की तस है। साफ है कि कमी बढ़ती रहेगी, तो अंततः एक विकराल संकट सामने खड़ा हो सकता है। चूंकि खाड़ी देशों में तेल-गैस ठिकानों को व्यापक स्तर पर तबाह किया गया है, आग ने सब कुछ खाक कर दिया है, लिहाजा यह तय है कि आगामी कई महीनों तक आपूर्ति वैसी नहीं रहेगी, जैसी युद्ध से पहले थी। भारत के लिए मध्य-पूर्व ही सबसे मुफीद क्षेत्र है, जहां से तेल-गैस का आयात 2-4 दिन में ही संभव है। अन्य देश हमसे बहुत दूर हैं और सप्लाई में 40-45 दिन लग जाते हैं। भारत जितना विशाल, विराट देश है, उतनी ही हमारी जरूरतें हैं। तेल-गैस के बजाय बिजली वाले वाहनों को ज्यादा सार्वजनिक बनाया जाए। इसके साथ ही अपनी रक्षा तैयारियों को दुरुस्त करने के साथ ही तेल-गैस के नये आपूर्तिकर्ता देशों के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है।

---

विचार

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।
–महाभारत.

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।
–स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।
–रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।
–प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।
–शंकराचार्य.

# ... तो फिर जिंदा हो सकता है माओवाद




शाहिद ए चौधरी

**लंबे समय से चल रहे माओवादी उग्रवाद का खात्मा तकरीबन हो चुका है। लेकिन नक्सलवाद इससे पहले भी एक बार लुप्तप्राय, सुप्तप्राय होकर जिंदा हो चुका है। इसलिए असली लड़ाई इसके बाद की है। आदिवासी क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और न्याय तथा सम्मान की लड़ाई। यदि जंगल से माओवाद खत्म होने के बाद वहां केवल जेसीबी मशीनें ही दिखेंगी, तो फिर असंतोष पनप सकता है। क्योंकि नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी मौजूद हैं।**

नक्सलवाद का नामोनिशान मिटाने की अंतिम समय सीमा 31 मार्च 2026 बीत गई है। 24 अगस्त 2024 को जब गृहमंत्री अमित शाह ने इसका ऐलान किया था, तो बहुतों ने इसे रणनीतिक लक्ष्य के बजाय राजनीतिक बयानबाजी बताया था। इसमें कोई शक नहीं कि अगले कुछ महीने भी कुछ माओवादी विद्रोही बने रहेंगे, लेकिन 30 मार्च 2026 को अमित शाह का यह दावा सही लगता है कि सरकार नक्सलवादियों के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल कर चुकी है। अब आधिकारिक तौर पर 50 से कम जबकि अनाधिकारिक तौर पर 130 से 150 नक्सलवादी और उनके दो बड़े कमांडर शेष हैं। मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति अगर नेपाल फरार नहीं हुआ तो जल्द सरेंडर करेगा, फिर इस जंग में जीत की आधिकारिक घोषणा जायज होगी। साल 2010 के आसपास यह संघर्ष अपने चरम पर था, तब देश के एक-तिहाई जिलों में 20,000 नक्सली लड़ाके सक्रिय थे, ऑपरेशन ग्रीन हंट के बावजूद उन्होंने दंतेवाड़ा में 76 जवान शहीद किए थे। 2017 में राजनाथ सिंह ने 6 सूत्रीय समाधान कार्यक्रम इनके सफाये के लिए बनाया पर स्थिति संभली नहीं। पर उसके बाद साल 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया।

तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लाओं को मारकर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या घटकर केवल सात रह जाना इस सफलता का पुख्ता सबूत है। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। नक्सल प्रभावित इलाकों की गलियों से लाल झंडे उतर रहे हैं, यह सुरक्षा बलों के कारनामों के अलावा इसलिए भी कि जो माओवादी कभी आदिवासियों के तारणहार नजर आते थे विगत कुछ वर्षों से उनके चैन सुकून के दुश्मन लगने लगे। आदिवासियों को




शुरूआत में उनकी विचारधारा भाई पर बहुत बाद में समझ आया कि उन्होंने उनके जल, जंगल जमीन कब्जाने वाली बड़ी परियोजनाओं और बांधों वगैरह के निर्माण से बचाने के नाम पर उनको अपने जाल में फंसाकर आदिवासी समुदाय को अपना 'मोहरा' बनाया और विकास से वंचित रखा। उनका 'जंगल राज' कोई क्रांतिकारी स्वप्न नहीं बल्कि अब एक दमनकारी कारावास है।

## आदिवासी क्षेत्रों में हो समावेशी विकास

स्वास्थ्य केंद्रों और सड़कों के निर्माण की सरकारी कोशिशों को रोकना, उनके बच्चों को पांचवी से ज्यादा की शिक्षा से मना करना ताकि वे उनके पैदल सैनिक से ज्यादा कुछ न बन सकें। संगठन में आए और शादी करो तो नसबंदी भी करवाओ, कंगारू अदालतों द्वारा असहमत को मौत जैसे नियमों ने उन्हें आदिवासियों के दिल से उतार दिया। उन्हें लगने लगा कि राजनेताओं और पुलिस को उड़ाने, खनन परियोजनाओं में तोड़फोड़, मोबाइल फोन टावरों को आग लगाने के पीछे उनके निहित स्वार्थ हैं। वे समझ चुके थे कि आरंभिक नक्सलवाद भले विचारधारा रही पर अब यह लूट, सांठगांठ और खौफ का तंत्र बन गया है। वे मानने लगे कि माओवादी यहां हमारे कल्याण के लिए नहीं हैं अब वे यहां केवल अपने लिए हैं। यह सब धीरे-धीरे उनको इनके समर्थन से दूर ले गया। माओवादियों से आदिवासियों के बढ़ते मोहभंग के बीच सरकार ने प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली अपनी चाल तेज की। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की तो हजारों नक्सलियों ने मान लिया कि हथियारबंद लड़ाई का समय गया और हथियार डाल आत्मसमर्पण किया।

एक विशेष दल गठित कर माओवादियों के जरिये ही या तो उन्हें समर्पण कराया गया अथवा निशाना बनाया गया। इसके अलावा वनाधिकार और आजीविका योजनाएं चलाकर स्थानीय आदिवासियों को अधिकार और रोजगार भी दिए गए ताकि वे वापस नक्सलवाद की ओर न मुड़ें। शीर्ष नेतृत्व और कैडर का लगातार खत्म होने, वित्तीय स्त्रोतों पर नियंत्रण और स्थानीय समर्थन में गिरावट से हिंसक घटनाओं में 70 से 80 फीसदी तक कमी आयी और नक्सल प्रभावित जिले 200 से घटकर 40 रह गये। अर्बन नेटवर्क से मिलने वाले वैचारिक समर्थन को तोड़ देने के बाद नक्सलवाद 'राष्ट्रीय खतरे' से घटकर 'क्षेत्रीय चुनौती' भी नहीं बचा। निस्संदेह दुनिया का सबसे लंबा और खूनी माओवादी विद्रोह सूर्यास्त के करीब है, लेकिन अब असली लड़ाई शुरू हुई है। आदिवासी क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और न्याय तथा सम्मान की लड़ाई। क्या यहां इसके बाद 'न्याय का सूरज' उगेगा, क्या 'जंगलराज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा या उसकी जगह 'खननराज' ले लेगा? यह यक्षप्रश्न शेष है। सवाल केवल वैचारिक नहीं बल्कि दशकों के अनुभवों से उपजा गहरा सामाजिक संशय है। देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास भी हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। ऐसे में माओवादियों को हटाने के बाद जल जमीन की जंग के प्रश्न को मात्र आशंका कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आदिवासी समाज के लिए जंगल संसाधन नहीं, उसकी आस्था, पहचान और जीवनाधार है। उसको खनिज संपदा के रूप में देखा जाने लगता है, तो यह भय स्वाभाविक है कि कहीं उनका अस्तित्व 'कच्चे माल' में न बदल दिया जाए। वनाधिकार कानून और पेसा जैसे प्रगतिशील प्रावधानों के बावजूद, जमीन पर इनके क्रियान्वयन में कमी इस अविश्वास को और गहरा करती है। आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य की कमजोरी तथा विस्थापन का संकट दूर नहीं हुआ है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी क्योंकि शांति महज बंदूकों के शांत होने का नाम नहीं। प्रश्न यह है क्या आदिवासी क्षेत्रों के विकास का मॉडल दूर बैठे नीति-निर्माता और कॉर्पोरेट तय करेंगे या फिर स्थानीय ग्राम सभाएं, जिन्हें संविधान और कानून ने अधिकार दिए हैं?

यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय ही विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। भूमि अधिकारों की रक्षा, प्रशासन में विश्वास बहाली और शिक्षा-स्वास्थ्य के मजबूत ढांचे के बिना यह प्रक्रिया अधूरी रहेगी। यह केवल सड़कों और परियोजनाओं की नहीं बल्कि विश्वास, पहचान और अधिकारों की पुनर्स्थापना की लड़ाई है। यदि यह पुनर्निर्माण आदिवासियों की शर्तों पर, उनकी संस्कृति और पर्यावरण के सम्मान के साथ हुआ, तो ये क्षेत्र समावेशी विकास के मॉडल बन सकते हैं। यदि यह केवल खनन और मुनाफे तक सीमित रहा, यदि जंगल से माओवाद खत्म होने के बाद वहां केवल जेसीबी मशीनें ही दिखेंगी, तो नए असंतोष के बीज पड़ने में देर नहीं लगेगी।

---

सोशल मीडिया

जब आदमी ईमानदारी से काम करता तो उसके परिणाम भी बेहतर आते हैं, इसलिए आप लोगों को मेरी राय है कि आप लोग भी अपना समय व्यर्थ न व्यर्थ न गवायें, काम करें। मायावती.



मा. मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि लखनऊ मेट्रो का संचालन इनके काल में हुआ है, मंच पर सरे-आम झूठ बोलने के लिए इतनी निर्लज्जता और साहस कहां से लाते हैं ये लोग। अखिलेश यादव.



आने वाले दिनों में असम में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर चार शादियों पर पूरी तरह से सरकार कानूनी पाबंदी लगायेगी। अमित शाह.



# मानव जीवन का लक्ष्य

अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा। साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके।

समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

अंतर्दृष्टि

# चुनाव आते ही चली मुफ्त की आंधी

व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त का पानी पिला जाएगी।



रामविलास जॉंगिड़

# यूनेस्को की विश्व धरोहर है फूलों की घाटी



पर्यटन

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। यह 87 वर्ग किमी में फैली एक ऊंचाई पर स्थित हिमालयी घाटी है, जो सैंकड़ों प्रकार के अल्पाइन जंगली फूलों, विदेशी आर्किड और पोस्त के फूलों के लिए विख्यात है। जून से अक्टूबर तक खुला रहने वाला यह उद्यान, जुलाई के मध्य से अगस्त के मध्य तक अपने चरम पर होता है, जो एक जीवंत और मनोरम ट्रेकिंग अनुभव प्रदान करता है। इससे आपने अंदाजा लगा लिया होगा कि मैं पिछले साल अपनी अगस्त के पहले सप्ताह की यात्रा के बारे में बता रहा हूं।

साइन बोर्ड को पढ़ते ही जहां मेरे मन में मखदूम की पंक्ति 'फिर छिड़ी रात बात फूलों की' गूंजने लगी, वहीं मुझे बचपन के वे दिन भी याद आ गये जब मैंने फ्रैंक स्मिथ की 'द वैली ऑफ फ्लावर्स' (फूलों की घाटी) पढ़ी थी। इस किताब ने मुझे इतना प्रभावित किया था कि मैं अक्सर जागते में भी यह सपने देखता कि मैं घाटी में घूम रहा हूं, जहां हर रंग व खुश्बू के फूल खिल रहे हैं। हल्की-हल्की ठंडी हवा चल रही है, वह अपने साथ फूलों की सुगंध ला रही है, जो मेरे बदन को स्पर्श करते हुए जा रही है। यह सपना मैं अब भी देख लेता हूं और अब मात्र 16 किमी का सफर तय करके मेरा सपना साकार हो सकता था। पहाड़ी पर चढ़ता हुआ 13 किमी का पतला सा रास्ता मुझे एक छोटे से सोते हुए गांव गंगरिया ले गया। यहां से सड़क दो फाड़ हो रही थी- 3 किमी बाएं का ट्रैक फूलों की घाटी ले जाता है और 6 किमी दाएं का ऊबड़-खाबड़ रास्ता हेमकुंड साहिब ले जाता है। मैंने अपना लगेज गोविंद घाट गुरूद्वारे के क्लॉक रूम में रखा और छोटा सा बैग लेकर अपनी यात्रा पर निकल पड़ा। गुरद्वारे से कुछ सौ मीटर के फासले पर एक पतली सी नदिया पर एक पुराना पुल बना है, जिसके दूसरी तरफ से सड़क निरंतर पतली होती जाती है। इस सड़क के एक तरफ हिमालय है और दूसरी तरफ गहरी घाटी। सुंदर नजारे को देखते हुए मैं कुछ सौ मीटर ही चला होउंगा कि मैंने एक बुजुर्ग को छड़ी बेचते हुए देखा उन यात्रियों को जो फूलों की घाटी व हेमकुंड साहिब जा रहे थे। मैं उन बुजुर्ग के पास पहुंचा तो वह बोले, 'सर, एक छड़ी खरीद लीजिए। यह ट्रैकिंग में बहुत काम आयेगी। कीमत सिर्फ पंद्रह रुपए है। लेकिन जब आप गोविंद घाट को लौट रहे हों तो कृपया छड़ी वापस कर देना, मैं आपको 5 रुपए लौटा दूंगा।'

हालांकि मुझे प्रस्ताव अच्छा लगा, कुछ अजीब सा भी, लेकिन मैंने बिना कुछ कहे छड़ी खरीद ली। उन्होंने फिर कहा, 'कृपया, छड़ी वापस करना न भूलें। मैं याद से आपको पांच रुपए लौटा दूंगा।' मैंने यह सुनते हुए मुड़कर देखा, और उन बुजुर्ग को यकीन दिलाने वाली मुस्कान दी। उन शानदार व अति सुंदर फूलों के बीच जो अनुभव हुआ वह इस दुनिया से बाहर का था, अलौकिक था। उसे व्यक्त करने के लिए 250 पन्नों की पुस्तक भी अपर्याप्त होती। मैंने गंगरिया में दो जादुई रातें गुजरीं। ट्रैक पर छड़ी बहुत भरोसेमंद साथी साबित हुई। उसके मजबूत सहारे ने मुझे दर्द व परेशानी से सुरक्षित रखा। तीसरे दिन जब मैं गोविंद घाट लौटा तो मैंने बुजुर्ग को उसी जगह पर पाया। छड़ी को उनके सामने चटाई पर रखते हुए मैंने कहा, 'यह रही आपकी छड़ी।' उन्होंने मेरी तरफ पांच रुपए का सिक्का बढ़ाते हुए, एहसान की मुद्रा में कहा, 'बहुत, बहुत शुक्रिया।' मैंने उनसे कहा कि पैसा वह अपने पास ही रख लें। दरअसल, मेरी दिलचस्पी यह जानने में अधिक थी कि वह सभी यात्रियों से छड़ी लौटाने के लिए क्यों कहते हैं? 'सर, कारण बहुत साधरण है।

अगर लोग छड़ी लौटा देते हैं, तो एक ही छड़ी बहुत सारे यात्रियों के काम आ सकती है,' उन्होंने समझाते हुए कहा और अपनी बात को जारी रखते हुए बोले, सर, यह छड़ी लेने के लिए मुझे वन में बहुत अंदर तक जाना पड़ता है। छड़ी लेने का अर्थ है किसी पेड़ का एक अंग काटना, जिससे मुझे अपराधबोध होता है। मुझे अधिक पैसा नहीं चाहिए। मैं सिर्फ इतना चाहता हूं कि लोग ज्यादा समझदार बनें। बहुत लोग मुझसे छड़ी खरीदते हैं, लेकिन जब वापस लौटते में उन्हें इसकी जरुरत नहीं होती तो उसे घाटी में फेंक देते हैं। मैं जब उनसे छड़ी के बारे में मालूम करता हूं तो सभी का उत्तर समान होता है- आप चिंता क्यों कर रहे हैं? क्या मैंने आपको पैसे नहीं दिए थे? यह कितने दुःख की बात है कि जब हमें जीवन में किसी चीज की जरूरत नहीं रहती तो हम उसे फेंक देते हैं बिना यह सोचे कि वह किसी और के काम आ सकती है। देखो, ऐसा करने से हम प्रकृति मां को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**समीर चौधरी.**

## आपकी बात

### वाहनों की गति पर लगायें लगाम

देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेस वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते है लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोग ट्रैफिक नियमों पालन करें।

**संजीव कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### जल संरक्षण के प्रयास

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

### शिक्षा दान होता है महादानः

**इंद्र प्रताप तिवारी**

बीकापुर-अयोध्या। बीकापुर तहसील एवं गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा डेहरियांवा के पूर्व प्रधान स्वदेश तिवारी द्वारा नवनिर्मित विद्यालय एसएन पब्लिक स्कूल का बुधवार को गोसाईंगंज के भाजपा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा के अनुरूप विद्यालय ना होने से क्षेत्र के नन्हें मुन्ने बच्चे आधुनिक शिक्षा से वंचित रह जा रहे थे। किन्तु अब आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण विद्यालय खुलने से क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा की क्रांति आयेगी, बच्चे शिक्षित होगे आगे बढ़ेगें। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक स्वदेश तिवारी,मुकेश तिवारी सहित विद्यालय परिवार व भाजपा नेता एवं बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा सच्चिदानंद तिवारी अजय पाण्डेय संजय उपाध्याय रोशन ओझा सच्चिदानंद मिश्रा पिंकू तिवारी रिंकू श्रीवास्तव संजय दुबे सतीश मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा महेंद्र मिश्रा शशिकांत मिश्रा अजय तिवारी मोहित पांडे रोशन लाल पंकज पांडेय सपा नेता सियाराम निषाद श्री कृष्णा यादव गया प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

# बस-ट्रेलर में हुई टक्कर, ड्राइवर व खलासी घायल



**जिला संवाददाता**

रूदौली-अयोध्या। लखनऊ गोरखपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह सड़क हादसा हुआ। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के रौजागांव ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार डबल डेकर बस आगे चल रहे ट्रेलर ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस दुर्घटना में बस का चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह के समय हुआ जब बस ने ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य और उपनिरीक्षक अभय प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने

- लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर रौजागांव ओवरब्रिज के पास हुआ हादसा

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में बस चालक सुरेष कुमार निवासी मथुरा और खलासी बृजेष कुमार निवासी मैनपुरी गंभीर रूप्से घायल हुए हैं। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। गनीमत रही कि बस में सवार अन्य यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के कारणों की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस ने ट्रेलर को पीछे से टक्कर मारी थी। सिनीय लोगों में चर्चा है कि संभवतः बस चालक को झपकी आ गई होगी, जिससे यह दुर्घटना हुई। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई षुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी आषीश निगम ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवष्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर में साइकिल सवार अधेड़ घायल

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गददौपुर गांव के पास अनियंत्रित कार की टक्कर में साइकिल सवार अधेड़ घायल हो गया।घायल अधेड़ का इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है।जानकारी के मुताबिक तेलियागढ़ निवासी राजकुमार गुप्ता55 साइकिल से गददौपुर गए हुए थे।वह जैसे ही गैस गोदाम के पास पहुंचे और मुड़ने लगे कि तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी।जिससे वह उछल कर दूर जा गिरे।जब तक आसपास मौजूद लोग दौड़े तब तक कार भाग निकला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी गोसाईंगंज ले गयी जंहा प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।वहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई।एसओ षारदेन्दु दुबे के मुताबिक तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रशिक्षित किये जायेंगे युवक युवतियाँ

बहराइच । उत्तर प्रदेश श्रम एवं सेवायोजन विभाग, जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में शार्टहैन्ड, टाइपिंग, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर ज्ञान (कार्यालय प्रबन्ध), सचिवीय पद्धति, बहीखाता, सामान्य गणित, हिन्दी व अंग्रेजी हेतु एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में पंजीकृत ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण है तथा आयु 01 अप्रैल 2026 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य है, प्रशिक्षण हेतु अर्ह होंगे।यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 10 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करनी होगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि 13 अप्रैल को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा 15 अप्रैल को अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया गया है।

### असिस्टेंट कमिश्नर बने रोहन को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति ने किया सम्मानित



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर बने जनपद निवासी रोहन गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता व महामंत्री रामेन्द्र दीपक गुप्ता ने बूके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महासमिति महामंत्री दीपक ने आशीर्वाद देते हुये कहा सीमित संसाधनों में पले-बढ़े रोहन की इस सफलता ने न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है। तथा अपनी मेहनत और लगन से इस भरोसे को कायम रखा। इस मौके पर रोहन के बाबा राम शंकर गुप्ता, पिता राजेंद्र गुप्ता, माता सुमन गुप्ता को भी महासमिति पदाधिकारियो ने मिठाई व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संरक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, अवधेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अर्पित गुप्ता, मनोज गुप्ता गोविंदा, आशीष गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अजय गुप्ता, चंद्र प्रकाश गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, रमेश रस्तोगी शामिल रहे।

### अटेवा का काला दिवस, काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**फतेहपुर,अटेवा।** पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज जिले के समस्त विभागों के कर्मचारियों व शिक्षकों ने काला दिवस मनाया। पुरानी पेंशन को छीनकर शेयर आधारित नई पेंशन योजना ठढर लागू की गई थी, जिसे कर्मचारी अपना 'काला दिन' मानते हैं। विरोध में सभी ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर काम किया।अटेवा पेंशन बचाओ मंच लंबे समय से एटीपीस और यूपीएस का विरोध कर रहा है। इस आंदोलन की सफलता का प्रमाण पांच राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश व पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन बहाल होना है। मंच के जिला अध्यक्ष निधान सिंह ने बताया कि जिले के हर कोने में यह विरोध दर्ज किया गया। धाता, देवमई, अमौली, मलवा, हथगांव, भिटौरा, असोथर, ऐराया समेत सभी ब्लॉकों के कर्मचारियों-शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।निधान सिंह ने कहा, ̄हम तब तक आंदोलन जारी रखेंगे जब तक केंद्र व प्रदेश स्तर पर पुरानी पेंशन पूरी तरह बहाल न हो जाए।̄ उन्होंने अगले कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि को ठढर की 'अनैतिक अनिवार्यता' के खिलाफ सभी जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसमें हजारों कर्मचारी-शिक्षक शामिल होंगे।यह आंदोलन न केवल पेंशन सुरक्षा का मुद्दा उठा रहा है, बल्कि कर्मचारियों के भविष्य की चिंता को भी राष्ट्रीय पटल पर ला रहा है।

# गैस सिलेंडर के लिए परेशान उपभोक्ता गाड़ी के आगे लेटा

दरियाबाद, बाराबंकी। दरियाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक उपभोक्ता ने गैस सिलेंडर न मिलने और कथित कालाबाजारी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए गैस से लदी गाड़ी के आगे

- ओम गैस एजेंसी पर ब्लैक मे बेचने व 2000 रुपये मांगने के लगाये गम्भीर आरोप

लेटकर अपना विरोध दर्ज कराया। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुशफर निवासी अशोक सिंह पुत्र अंबिका सिंह ने दरियाबाद ब्लॉक मुख्यालय के सामने स्थित ओम गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने 15 मार्च को गैस बुक कराई थी। जिसका डीएसी कोड 16 मार्च को उनके मोबाइल पर आ गया था।इसके बावजूद उन्हें कई दिनों से मिर्कापुर स्थित वितरण स्थल से



सिलेंडर नहीं मिल रहा था। बुधवार को जब वे गैस लेने पहुंचे तो उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रखा गया। जबकि एजेंसी कर्मचारी पीछे के रास्ते से अपने चहेतों को ब्लैक में गैस सिलेंडर दे रहे थे।जब उन्होंने इस धांधली का विरोध किया, तो उनसे गैस देने के बदले 2000 रुपये की अवैध मांग की गई। इस पूरी धांधली और भ्रष्टाचार की शिकायत 31 मार्च को ही आईजीआरएस के माध्यम से शासन-प्रशासन से की थी।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत,लापरवाही का आरोप

अयोध्या। कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित बल्ला हाता मोहल्ले में मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। प्रसूता के परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए प्रसव के दौरान किसी चिकित्सक के न होने व गम्भीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए कोतवाली नगर में तहरीर दी गई है।

- मृतका के पति ने कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज करने के लिए दी तहरीर
- प्रशासन ने अस्पताल को किया सील, कई खामियां आई सामने

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित बल्लाहाता रिकाबगंज में मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान महिला और उसके नवजात की मौत हो जाने का मामला सामने आया है।इस घटना



के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। महताब बाग बेनीगंज निवासी सुरेश यादव के अनुसार, 31 मार्च की दोपहर करीब 1:30 बजे उन्होंने अपनी पत्नी सोनी यादव को प्रसव पीड़ा होने पर बल्लाहाता रिकाबगंज स्थित मां परमेश्वरी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि भर्ती के समय चिकित्सक द्वारा स्थिति सामान्य बताई गई और जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित होने का भरोसा दिया गया। परिजनों का कहना है कि देर रात करीब 12:10 बजे महिला को लेबर रूम में ले जाया गया, जहां कुछ समय बाद नवजात को परिजनों को सौंपते हुए बताया गया कि उसकी सांसें नहीं चल रहीं।

जब बच्चे को चिकित्सक के पास ले जाया गया तो उसे मृत घोषित कर दिया गया।इसी बीच महिला की हालत बिगड़ने की जानकारी दी गई। परिजन तत्काल उसे एम्बुलेंस से दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को भी मृत घोषित कर दिया। सुरेश का आरोप है कि प्रसव के समय कोई भी योग्य डॉक्टर मौजूद नहीं था और पूरी डिलीवरी अस्पताल स्टाफ द्वारा कराई गई। उनका कहना है कि चिकित्सीय मानकों की अनदेखी और लापरवाही के चलते ही यह घटना हुई है। मामले में सुरेश यादव ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल को सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बुधवार को अस्पताल पहुंचकर जांच की और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। प्रारंभिक जांच में अस्पताल में कई खामियां सामने आने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रसव के दौरान पर्याप्त चिकित्सकीय व्यवस्था और विशेषज्ञ डॉक्टर की मौजूदगी नहीं थी, जिससे लापरवाही की आशंका जताई जा रही है सीएमओ के निर्देश पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

### ठगी पीड़ितों का नहर कॉलोनी में धरना



**फतेहपुर।** नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन आंदोलन चला रहे ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन के सदस्यों ने बुधवार को बिंदकी विधायक को अपनी लंबित समस्याओं से अवगत कराया। संगठन का आरोप है कि विभिन्न चिटफंड कंपनियों में फंसे निवेशकों का भुगतान भारत सरकार के 'बड्स एक्ट अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम के तहत नहीं हो पा रहा।चले आंदोलन में अब वृद्धजनों व महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।संगठन के जिला अध्यक्ष अंबिका प्रसाद ने बताया कि जिला अधिकारी कार्यालय में भुगतान आवेदन खुला है, जिसमें कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 20 हजार आवेदन जमा हो चुके हैं। लेकिन न जमा रिसीविंग दर्ज हो रही है, न क्रमांक सही ढंग से डाला जा रहा। अधिकारियों द्वारा आवेदकों को भ्रमित किया जा रहा है कि कोई भुगतान नहीं मिलेगा। लिखित शिकायतें व आश्वासन मिले, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं।आंदोलन स्थल पर सफाई, पानी, चिकित्सा सुविधा व मोबाइल टॉयलेट की मांग कई बार की गई, पर सदर नगर पालिका ने अनदेखी की। सांसद-विधायकों को भी लिखित ज्ञापन दिए गए, मगर बिंदकी विधायक का यह पहला दौरा था। पीड़ितों ने मांग की कि भुगतान आवेदनों पर रसीद व क्रमांक तुरंत दर्ज हो, ताकि निवेशकों को न्याय मिले।इस अवसर पर राकेश कुमार साहू, रामस्वरूप वर्मा, बिंदा प्रसाद, प्रदीप कुमार शर्मा, राकेश कुमार, लोकेश कुमार, रुद्रपाल शर्मा, बलराम चंद, जगदीश, शिवा वाली, चंद्रशेखर प्रजापति, शिवमोहन राजू, गोरेलाल, मोहम्मद कलीम, राम प्रकाश मौर्य, दीपक कुमार सैनी, सत्येंद्र कुमार, सहदेव, भागीरथ, रमेश, कृष्णपाल, गंगा प्रसाद, सदानंद राम, सजीवन, महेश कुमार, रवि कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भूमि के प्रतिकर निर्धारण के लिए अधिकारियों की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**बहराइच।** नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी (भू.अ.)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 के फोरलेन (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) चौडीकरण हेतु तहसील कैसरगंज के 05 ग्राम तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, मुस्ताफाबाद, रिठौडा के धारा-3डी के प्रकाशन की कार्यवाही हो चुकी है। अर्जन प्रभावित काश्तकारों से दावें प्राप्त किये जा चुके है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि 05 ग्रामों की अधिग्रहीत की जा रही भूमि का बाजारू मूल्य निर्धारित किये जाने हेतु ग्राम की योजना प्रभावित भूमि का भौतिक सत्यापन उपजिलाधिकारी कैसरगंज, तहसील कैसरगंज की राजस्व टीम, एनएचआई की टीम व भूमि अध्याप्ति कर्मियों द्वारा किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरानए यह भी देखा गया है कि प्रभावित भू-खण्डों के अर्जन प्रभावित क्षेत्रफल में कोई परिसम्पत्ति है अथवा नही है।

नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रसाद ने बताया कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों के स्थलीय सत्यापन के उपरान्त अधिनिर्णय आदेश पारित होगा तथा कृषकों प्रभावित भूमि के प्रतिकर की कार्यवाही की जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट ने यह भी बताया कि मौके पर अर्जन निकाय के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों में स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्याकंन विशेषज्ञ विभाग से कराये जाने हेतु अपने स्तर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करे। जिससे परिसम्पत्तियों के मूल्याकंन की कार्यवाही में विलम्बित न हो।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गय ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

### एसपी ने जनसमस्याएं सुनीं



**बहराइच** ।पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

# शिकायत वापस ले लो, नहीं तो कर देंगे हत्या..

**जिला संवाददाता**

अयोध्या। पूर्व में लेन देन को लेकर सीओ मिल्कीपुर से शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ रहा है। शिकायत करने वाले युवक को उसके विपक्षियों ने शिकायत वापस लेने की धमकी दी है। शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी है। थाना खंडासा क्षेत्र स्थित मोहम्मदपुर निवासी मोनू ने कोतवाली नगर पुलिस को दिए गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि बीते सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे कचहरी के पश्चिमी गेट से लगभग 50 कदम की दूरी पर स्थित उत्तरी सड़क पर राम कुमार यादव,अनुज यादव उर्फ कातिया निवासी पहाड़गंज व अतुल पांडेय निवासी चिरौली थाना खंडासा ने पूर्व मे लेन-देन के विवाद को लेकर मां-बहन की गाली देते हुए कहा कि जो तुम अर्जुन पाण्डेय व उनकी पत्नी को रूपया दिये हो उसकी शिकायत वापस ले लो नहीं तो हम लोग मिलकर तुम्हारी हत्या कर देंगे और पुलिस लाश भी नहीं ढूढ़ पायेगी। इसके साथ ही तुमने हम लोगों को 50 हजार रुपया गुंडा टैक्स नहीं दिया तो पछताओगे। मोनू का कहना है कि जमीन देने के नाम पर कुछ लोगों ने छह लाख से अधिक रूपया लेने के बाद भी न तो जमीन दी न ही रुपया दिया। इसी की शिकायत थाना खंडासा मे की है। शिकायत के बाद एक सप्ताह पहले सीओ मिल्कीपुर कार्यालय में मेरा बयान लिया गया। जहां मैने रुपए देने के सारे सबूत भी सीओ कार्यालय में जमा कर दिये हैं। बावजूद इसके अभी तक मुकदमा नहीं लिखा गया है। इसी शिकायत को वापस लेने के लिए विपक्षी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# सेवानिवृत्त होमगार्ड को दी भावपूर्ण और यादगार विदाई

**बहराइच।** नानपारा तहसील में बुधवार को प्रशासनिक संवेदनशीलता, मानवीयता और आत्मीयता का एक बेहद भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब एसडीएम मोनालिसा ने सुरक्षा में तैनात एक होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर उस पूरे सम्मान, गरिमा और स्नेह के

- एसडीएम मोनालिसा की पहल ने जीता सभी का दिल
- सम्मान पाकर भावुक हुआ होमगार्ड, बोला यह पल अविस्मरणीय
- तहसील परिसर में दिखा अपनत्व और गरिमा का संगम

साथ विदाई दी। आमतौर पर सेवानिवृत्ति एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह जाती है, लेकिन तहसील नानपारा में पहली बार इस अवसर को एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने एक यादगार और दिल छूलेने वाले समारोह में बदल दिया जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया।



तहसील परिसर में आयोजित इस विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक गरिमामय बना दिया। समारोह के दौरान एसडीएम मोनालिसा ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवाकाल को याद करते हुए उनके समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की खुलकर सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कर्मचारी की सेवा केवल उसकी ड्यूटी तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक छाप छोड़ता है।

सम्मान के इस पल में जब सेवानिवृत्त होमगार्ड को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्प देकर सम्मानित किया गया तो उसकी आंखें नम हो गईं। भावुक होते हुए उसने एसडीएम मोनालिसा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उसने अपने पूरे सेवाकाल में इस तरह के सम्मान की कभी कल्पना नहीं की थी। उसने कहा कि यह पल उसके जीवन का सबसे अनमोल और अविस्मरणीय क्षण रहेगा, जिसे वह जीवनभर संजोकर रखेगा इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और मानवीय हो तो प्रशासन केवल नियमों तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह लोगों के दिलों से भी जुड़ जाता है। एसडीएम मोनालिसा की यह पहल न केवल एक कर्मचारी की गरिमामय विदाई का उदाहरण बनी बल्कि इसने प्रशासन और कर्मचारियों के बीच आपसी सम्मान, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान की। उनकी यह कार्यशैली यह संदेश देती है कि उच्च पद पर रहते हुए भी मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सकती है।

इस सराहनीय पहल की तहसील परिसर में मौजूद सभी लोगों ने मुक्तकंठ से एसडीएम की प्रशंसा की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक उत्कृष्ट मिसाल बताया। निस्संदेह, एसडीएम मोनालिसा का यह कदम अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है जो यह सिखाता है कि एक छोटा सा मानवीय प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी और सम्मान का कारण बन सकता है।

### भुवनेश्वर सिंह पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने पर एसपी ने किया सम्मानित



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिसर निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह के पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी यातायात/डॉयल-112 श्री राज सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं दी गई।

### वेद पाठशाला में यज्ञशाला का हुआ लोकार्पण

अयोध्या। श्री गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शन नगर परिसर में प्रतापगढ़ जनपद के इसीपुर निवासी उमेश प्रताप सिंह व उनकी पत्नी सुनीता सिंह द्वारा अपनी माता की स्मृति में लगभग 15 लाख की लगत से लाल सुर्ख पत्थर से बने 25 फिट ऊंचे 21 गुणे 21 लंबाई चैड़ाई के भव्य यज्ञशाला को श्री गुरू वसिष्ठ सेवा न्यास के संरक्षक श्री राम बल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज के उपस्थिति में चतुष्वेद पारायण मंत्र के साथ लोकार्पण हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावक, दानदाता उमेश प्रताप सिंह के पिता अमर पाल सिंह अन्य परिवार के सदस्य, गुरुकुल प्रबंध समिति के डॉ आर के सिंह, आदर्श सिंह ऋषभ, डॉ दिलीप सिंह, बीजेपी नेता सर्वज्ञ सिंह, भानु तिवारी, आचार्य अक्षय वी देवघर, आचार्य आशुतोष , आचार्य अंकुर मिश्र, आचार्य शिवांकर पाठक, आचार्य आर्कजन चटर्जी, आचार्य बृजेश, आचार्य राजन, सहित गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास द्वारा संचालित गुरुकुलो के बटुक आचार्य उपस्थित थे।

संक्षेप

## भीम पेमेंट्स ऐप ने माही वे कैंपेन लॉन्च किया

नयी दिल्ली। भीम पेमेंट्स ऐप, जिसे एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, ने आज अपने नए माही वे कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की। यह कैंपेन भीम को एक स्पष्ट और भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे यूजर्स तुरंत भुगतान कर सकते हैं। भारत में पैसे के साथ जुड़े भरोसे को दर्शाते हुए, यह कैंपेन भीम ऐप द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया पर जोर देता है, जिससे नए यूजर्स सहित सभी में डिजिटल पेमेंट्स के प्रति विश्वास बढ़ता है। यह 360-डिग्री कैंपेन ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी को प्रस्तुत करता है, जिनका शांत और भरोसेमंद व्यक्तित्व भीम पेमेंट्स ऐप के अनुभव से मेल खाता है। भीम ऐप से करो पे, इट्स द माही वे विचार पर आधारित यह कैंपेन उन रोजगार की स्थितियों को दिखाता है, जहां यूजर्स के पास कई पेमेंट विकल्प होते हैं, लेकिन वे एक सरल और विश्वसनीय माध्यम चुनते हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट्स को अपनाने और उपयोग करने में भरोसा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## स्मार्ट कूलिंग और बचत करती है सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी

नयी दिल्ली। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम रखते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं। यहाँ तीन सैमसंग बीस्पोक एआई एसी दिए गए हैं, जिन्हें गर्मियों में कूलिंग की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है स्मार्ट फीचर्स के साथ ज्यादा कूलिंग क्षमता वाला एक मजबूत विकल्प, जो बड़ी जगहों के लिए एकदम सही है।

## निसान इंडिया की घरेलू बिक्री 98 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने 10,388 यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ मार्च, 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान घरेलू बिक्री 4,408 यूनिट्स की रही, जो पिछले पांच साल में किसी महीने की सर्वाधिक घरेलू बिक्री है। फरवरी, 2026 की तुलना में घरेलू होलसेल में 98 प्रतिशत की जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की गई। मार्च, 2026 में निर्यात का आंकड़ा 5,980 यूनिट्स का रहा। ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की डिलीवरी शुरू होने से घरेलू स्तर पर कंपनी के मजबूत प्रदर्शन को सपोर्ट मिला है। ग्रेवाइट को देशभर के ग्राहकों की तरफ से जबर्दस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ग्रेवाइट की डिलीवरी शुरू होना भारत में निसान का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे निसान मैग्नाइट के जबर्दस्त प्रदर्शन के साथ-साथ कंपनी का प्रोडक्ट मूमेंटम और मजबूत हुआ है। भारत में निसान के लिए मार्च अहम महीना रहा है। घरेलू बिक्री में मजबूत वृद्धि हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया का प्रमाण है।

## डब्ल्यूयूडी ने किया छात्रों को डिजाइन में करियर खंगालने के लिए आमंत्रित

नई दिल्ली। डब्ल्यूयूडी ने विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसे सभी अकादमिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को डिजाइन, टेक्नोलॉजी और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में उभरते करियर के मार्गों में संभावना तलाशने के लिए आमंत्रित किया है। आज के तेजी से उभर रहे पेशेवर परिदृश्य में करियर में सफलता एक स्कूली क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है। डिजाइन एक ताकतवर, अंतरक्षेत्रीय क्षेत्र के तौर पर उभरा है जो रचनात्मकता को टेक्नोलॉजी, बिजनेस और मानव केंद्रित नवप्रवर्तन के साथ एकीकृत करते हुए विविध रुचियों और क्षमताओं वाले विद्यार्थियों के लिए अवसरों के द्वार खोल रहा है। डब्ल्यूयूडी ने उद्योग की जरूरतों के अनुरूप एक भविष्य उन्मुखी, अंतर क्षेत्रीय शिक्षा की पेशकश करते हुए अकादमिक वर्ष 2026-27 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में प्रवेश लेना प्रारंभ किया है।

# सेंसेक्स में 1187 अंकों की उछाल



मुंबई। चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है। इसके कारण भारतीय शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत शुरुआत की। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। भारतीय शेयर बाजारों ने नए वित्त वर्ष में सकारात्मक शुरुआत की। पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने और ऊर्जा आपूर्ति में समस्या कम होने की उम्मीदों के कारण शेयर बाजारों में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी ने बाजारों में तेजी लाने का काम किया। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता हो या नहीं, अमेरिका, ईरान से दो से तीन सप्ताह में बाहर निकल सकता है। इससे वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों में व्यापक राहत मिली। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को 1,635.67 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 488.20 अंक की गिरावट आई थी।

## चांदी 9,000 रुपये मजबूत और सोना 3500 रुपये चढ़ा



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। बुधवार को भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। इस तेजी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत हैं। इससे आगे और तनाव बढ़ने या ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का जोखिम कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से तेल की कीमतें नरम रहने की उम्मीद है। इससे महंगाई को लेकर चिंता कम हुई है और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना भी कम हो जाती है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में, सोने की कीमत 57,350 रुपये, या लगभग 61 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं, जबकि एक अप्रैल, 2025 को इसकी कीमत 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। चांदी की कीमतों में भी 1,34,500 रुपये की भारी उछाल देखने को मिली, जिससे घरेलू बाजारों में निवेशकों को 131 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला।

## घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 47 लाख इकाई के नये शिखर पर

नयी दिल्ली। भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 47 लाख इकाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे वाहन निर्माताओं के शानदार प्रदर्शन और वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में जीएसटी 2.0 के प्रभाव ने बिक्री को रफ्तार देने में मुख्य भूमिका निभाई। हालांकि, वाहन उद्योग नए वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले संभावित जोखिमों और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण वाहनों के दाम बढ़ने से मांग पर पड़ने वाले असर को कम करना है। वित्त वर्ष 2025-26 दो हिस्सों में बंटा रहा। पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद दूसरी छमाही में मांग में जबर्दस्त उछाल आया। इससे उद्योग को लगभग 47 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा छूने में मदद मिली। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था। आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 ने बिक्री बढ़ाने में मदद की है।

## भारत में उद्यम पूंजी निवेश बढ़कर हुई 16 अरब डॉलर



नयी दिल्ली। निजी पूंजी बाजारों में व्यापक वैश्विक सुस्ती के विपरीत भारत में उद्यम पूंजी (वीसी) निवेश 2025 में बढ़कर लगभग 16 अरब डॉलर तक पहुंच गया। एक रिपोर्ट के अनुसार इसमें लगातार दूसरे साल वृद्धि हुई।

वैश्विक परामर्शदाता फर्म बेन एंड कंपनी और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया कि कुल सौदों की गतिविधियों में सालाना आधार पर लगभग 18 प्रतिशत की तेजी आई है। विभिन्न चरणों में कुल लेनदेन की संख्या 1,300 से अधिक रही। यह वृद्धि वैश्विक व्यापक आर्थिक प्रतिकूल स्थिति, भू-राजनीतिक तनाव और नकदी की सख्त स्थिति के बावजूद हुई। यह वृद्धि व्यापक स्तर पर रही, जिसे पांच करोड़ डॉलर से कम मूल्य के सौदों से बल मिला। बड़े लेनदेन की गति भी बढ़ी और 25 करोड़ डॉलर से अधिक के सौदों की संख्या चार से बढ़कर आठ हो गई। निवेशकों ने उन कंपनियों को प्राथमिकता देना जारी रखा जो मौद्रीकरण के स्पष्ट रास्ते दिखा रही हैं। यह बाजार के उस बदलाव को दर्शाता है, जहां अनियंत्रित विस्तार के बजाय व्यापार की गुणवत्ता को महत्व दिया जा रहा है। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी वित्तपोषण में कुछ नरमी रही, हालांकि इसमें दीर्घकालिक मजबूती बनी हुई है और यह खंड 2023 से सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़ा है। सामान्य वस्तुओं के बजाय विशिष्ट उत्पाद श्रेणियों की त्वरित आपूर्ति पर आधारित खंड भी तेजी से उभरा है। 2023 के सुधार के बाद भारतीय उद्यम परिवेश वृद्धि की राह पर लौट आया है और इस बार इसमें परिपक्वता के स्पष्ट संकेत हैं। 2021 और 2022 के वित्तपोषण उछाल को छोड़कर, भारत अब तक के अपने उच्चतम स्तर को देख रहा है। इस साल वृद्धि अधिक संतुलित है। साथ ही आईपीओ आधारित नकदी में तेजी निवेशकों के भरोसे को मजबूत कर रही है।

## कच्चातेल का वायदा भाव 3 प्रतिशत टूटकर 9265 रुपये प्रति बैरल पर

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतें 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 9,265 रुपये प्रति बैरल रह गईं, जहां इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सेना दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपना हमला खत्म कर सकती है, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफ़ावसूली की। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चा तेल के अप्रैल माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 302 रुपये या 3.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9,265 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसी प्रकार, कच्चा तेल के मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 320 रुपये या 3.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,661 रुपये प्रति बैरल रह गया। विश्लेषकों ने कहा कि सत्र के दौरान कच्चे तेल की कीमतों पर बिकवाली का दबाव रहा, क्योंकि कारोबार में सतर्कता का रुख था। बुधवार के सत्र में कच्चे तेल की कीमतों पर बिकवाली का दबाव रहा, क्योंकि पश्चिम एशिया में लगातार तनाव के बावजूद बाज़ार में सतर्कता का माहौल बन गया था। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल के मई अनुबंध की कीमत 2.23 डॉलर या 2.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.15 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड के जून डिलिवरी का दाम 1.59 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 102.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## अमेरिका ने दी डीटीएच के लिए घरेलू उपग्रहों को प्राथमिकता



वॉशिंगटन। अमेरिका ने डीटीएच (डायरेक्ट-टू-होम) टीवी सेवाओं के लिए घरेलू उपग्रहों को प्राथमिकता देने और स्थानीय स्तर पर इंटरनेट बंद करने की भारत की नीति को विदेशी व्यापार में बाधा करार दिया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की ओर से जारी 2026 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान रिपोर्ट ऑन फॉरेन ट्रेड बैरियर्स में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2021 से अमेरिकी कंपनियों को सामग्री (कंटेंट) एवं उपयोगकर्ता खातों को हटाने के लिए बढ़ती संख्या में ऐसे अनुरोध मिले हैं, जो राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रतीत होते हैं। इसमें कहा गया कि स्थानीय स्तर पर इंटरनेट बंद होने से सूचना एवं सेवाओं तक पहुंच सीमित होती है जिससे व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और डिजिटल सेवाओं से होने वाली आय बाधित होती है। रिपोर्ट के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय डीटीएच सेवाओं के लिए भारतीय उपग्रहों के उपयोग को प्राथमिकता देता है। इसमें कहा गया कि व्यवहार में डीटीएच लाइसेंसधारकों को विदेशी उपग्रह संचालकों से सीधे अनुबंध करने की अनुमति नहीं मिलती और ऐसा करने की कोशिश पर उन्हें प्रक्रियात्मक देरी का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक डीटीएच कंपनियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स के माध्यम से उपग्रह क्षमता प्राप्त करनी होती है। एंट्रिक्स केवल तब विदेशी उपग्रह क्षमता की अनुमति देता है जब भारतीय उपग्रहों में पर्याप्त क्षमता उपलब्ध नहीं होती। यदि विदेशी उपग्रह क्षमता की अनुमति दी जाती है तो विदेशी संचालक को क्षमता इसरो को बेचनी होती है जिसके बाद इसरो उसे अतिरिक्त शुल्क के साथ अंतिम उपयोगकर्ता को उपलब्ध कराता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका...भारत को ओपन स्काई उपग्रह नीति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है ताकि उपभोक्ताओं को अपनी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार उपग्रह सेवा प्रदाता चुनने की स्वतंत्रता मिल पाए एवं विदेशी कंपनियों को बाजार में अधिक पहुंच मिले। रिपोर्ट में दूरसंचार विभाग के नए सुरक्षा निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है। इसके तहत उपग्रह संचार सेवा प्रदाताओं को रीयल-टाइम इंटरसेप्शन, सरकार द्वारा चिन्हित वेबसाइट तथा उपयोगकर्ताओं पर रोक लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा सीमित करने और भारतीय उपयोगकर्ताओं के सभी शुल्क तथा डीएनएस को भारत स्थित सुविधाओं के माध्यम से संचालित करने की क्षमता सुनिश्चित करनी होगी।

## बिजली की खपत मार्च में मामूली 1.8 प्रतिशत बढ़कर 150 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत मार्च में मामूली 1.8 प्रतिशत बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी। पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है। बेमौसम बारिश के कारण तापमान कम होने से एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम रहा है। इससे देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत में बिजली की मांग और खपत में कमी आई। विशेषज्ञों ने अप्रैल में भी बिजली की खपत और मांग में धीमी वृद्धि का अनुमान जताया है, क्योंकि अधिक बारिश के कारण गर्मी की शुरुआत में देरी होगी।

## पेज एक का शेष

### डिजिटल भुगतान

2026 तक इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग ऐप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है।

### जनता ने

प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं, जो अधिक ऊर्जा खपत करती थीं, बदरंग दिखती थीं और कीड़े-मकोड़ों के कारण उनके नीचे खड़ा होना भी मुश्किल होता था। पिछली सरकारों के लिए यह व्यवस्था इसलिए सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। लेकिन हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो। इसी सोच के तहत पूरे शहर को एलईडी लाइटों से दूधिया रोशनी में बदलने का कार्य किया गया, ताकि हर नागरिक को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके और अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर सभ्यता और विकास को आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में जाएं, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की दूधिया रोशनी से पूरा शहर जगमगाता दिखाई देता है। नगर निगमों ने भी स्पाइरल लाइट लगाकर शहरों को और सुंदर बनाया है। रात में सड़कों पर सुरक्षित और आकर्षक वातावरण दिखता है। लखनऊ आने वाले लोग अब इसकी खूबसूरती की सराहना करते हैं। जहां पहले 2017 से पहले अंधेरा, असुरक्षा और सफाई की कमी महसूस होती थी, आज वही शहर रोशनी, स्वच्छता और व्यवस्थित विकास का उदाहरण बनकर सामने आया है। पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शहर का दायरा बढ़ा है, लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, मेट्रो संचालन शुरू हुआ है और सड़कों के चौड़ीकरण, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। आज लखनऊ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के एक उभरते हब के रूप में भी स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से 17 नगर निगमों तथा नोएडा-ग्रेटर नोएडा को मिलाकर 18 नगर निकायों को सेफ सिटी के रूप में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ते हुए सीसीटीवी कवरेज दिया गया है और अब इन्हें सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूर्यवंशी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित हो गई है। लखनऊ में भी इसी प्रकार सोलर पैनल लगाकर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

### योगी ने

किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। भुगतान व्यवस्था समयबद्ध ढंग से हो, ताकि मौसम की मार से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

### विमान ईंधन

मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चूबा आओ ने कहा कि इस कदम से विमानन कंपनियों की घरेलू परिचालन लागत नियंत्रण में रहेगी और विमान टिकटों पर अतिरिक्त ईंधन अधिभार लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमत में आंशिक बढ़ोतरी के बाद एयरलाइन कंपनियां अपनी कीमतों में समायोजन करेंगी और यह कदम संभावित पूरे विमानन उद्योग में संकट की स्थिति को टालने में मदद करेगा। विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि भारत में एटीएफ की कीमतें 2001 में नियंत्रण मुक्त कर दी गई थीं और अंतरराष्ट्रीय मानकों के एक सूत्र के आधार पर मासिक आधार पर संशोधित की जाती हैं। मंत्रालय ने कहा होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में असाधारण स्थिति के कारण, घरेलू बाजारों के लिए एटीएफ की कीमत में एक अप्रैल को 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद थी। इसमें कहा गया अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से घरेलू यात्रा लागत को बचाने के लिए, पेट्रोलियम कंपनियों ने नागर विमानन मंत्रालय के परामर्श से विमान कंपनियों पर केवल आंशिक एवं चरणबद्ध तरीके से 25 प्रतिशत (केवल 15 रुपये प्रति लीटर) की वृद्धि लागू की है। विदेशी मार्गों पर उड़ान भरने वाले यात्रियों को एटीएफ की कीमतों में पूरी वृद्धि का भुगतान करना होगा, जो कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भुगतान की जाने वाली कीमतों के अनुरूप है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमतों में आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी लागू करने का फैसला यात्रियों को हवाई किराये में तेज वृद्धि से बचाने में मदद करेगा।

मंत्री ने कहा यह सुनियोजित दृष्टिकोण यात्रियों को किराये में अचानक होने वाली वृद्धि से बचाने, घरेलू विमानन कंपनियों पर बोझ कम करने और इस महत्वपूर्ण समय में विमानन क्षेत्र की स्थिरता बनाए रखने में सहायक होगा। इससे माल की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करके और व्यापार एवं लॉजिस्टिक के लिए महत्वपूर्ण हवाई संपर्क बनाए रखने से अर्थव्यवस्था को व्यापक स्तर पर लाभ होगा। विमानन ईंधन की कीमतें 2001 से अधिक समय पहले नियंत्रण मुक्त कर दी गई थी और तब से इन्हें अंतरराष्ट्रीय मानक कीमतों के अनुरूप तय किया जाता है।

### विधवा महिला

ससुर से तभी यह मांग कर सकती है जब वह अपने मृतक पति की जायदाद, अपने स्वयं के माता पिता की जायदाद या अपने बच्चों और उनकी जायदाद से भरण पोषण करने में पूरी तरह असमर्थ हो। यदि ससुर के पास अपने कब्जे में मौजूद सहदायिक या पैतृक संपत्ति से भरण पोषण का भुगतान करने के साधन नहीं हैं विशेषकर ऐसी संपत्ति जिसमें बहू को पहले से हिस्सा नहीं मिला है तो भरण पोषण का दायित्व अप्रवर्तनीय हो जाता है। हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम की धारा 21 (8) में व्यवस्था है कि ससुर की मृत्यु से पूर्व या बाद में विधवा हुई महिला, ससुर की जायदाद से भरण पोषण का दावा कर सकती है, बशर्ते उसका पुनर्विवाह ना हुआ हो।

### ईरान ने

वेबसाइट पर किया। ट्रंप ने ईरान के नये शासन के राष्ट्रपति शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि ईरान में राष्ट्रपति बदले नहीं हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्यै खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। उन्होंने लिखा, तब तक हम ईरान को पूरी तरह तबाह कर रहे हैं, या जैसा लोग कहते हैं, उसे वापस पाषाण युग में भेज रहे हैं। ट्रंप के इस पोस्ट पर ईरान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार देर रात अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में लड़ाई जारी रखने की तेहरान की तत्परता का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था आप ईरान की जनता से धमकियों और समयसीमा की भाषा में बात नहीं कर सकते। हम आत्मरक्षा के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं करते हैं।

### ईरान को

ने कहा कि देर-सवेर ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है।

### वोकल फॉर लोकल

ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सीमांत क्षेत्रों का समग्र विकास है, जहां आज भी किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस समझौते के माध्यम से किसानों को एक स्थायी और भरोसेमंद खरीदार मिलेगा, जिससे उनकी आय में स्थिरता आएगी और वे बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। इस व्यवस्था से एक ओर आईटीबीपी के जवानों को ताजी, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ पलायन की समस्या को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत पहले से चल रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अब तक आईटीबीपी द्वारा लगभग 14 करोड़ 77 लाख रुपये के स्थानीय उत्पादों की खरीद की जा चुकी है, जो इस मॉडल की सफलता को दर्शाता है। यदि आईटीबीपी अपनी वार्षिक आवश्यकता का 25 प्रतिशत फल एवं सब्जियां स्थानीय स्तर से खरीदती है, तो इससे प्रदेश के किसानों को करीब 6 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है।

### वैश्विक साइबर

आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान एक वन-स्टॉप सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों का भी समाधान मिलेगा। आज की तैयारी ही भविष्य के नेतृत्व को तय करेगी। डॉ. गोस्वामी ने यह भी कहा कि जटिल विषयों को समझने का तरीका ही उन्हें सरल बनाता है और यही संस्थान का उद्देश्य है। हम अपने छात्र-छात्राओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, पीआरओ संतोष तिवारी, फेकल्टी डॉ. सपना शर्मा, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. प्रीती, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. नेहा, डॉ. पोरवी सिंह, डॉ. स्नेहा, डॉ. स्नेहिल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### कोडीन युक्त

के मुताबिक इसी से जुड़े एक मामले में नशीले पदार्थों की तस्करी की वित्तीय जांच के तहत कानपुर में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और एक बैंक खाते से लेनदेन पर रोक लगा दी, जिसमें 37 लाख रुपये जमा हैं। पुलिस ने एक अन्य आरोपी विनोद अग्रवाल के खिलाफ भी कार्रवाई की थी। वह इस वक्त जेल में बंद है। यह पाया गया था कि उसने अवैध सिरप व्यापार से होने वाली कमाई के जरिए संपत्ति अर्जित की थी।




# दिल्ली ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया

## दिल्ली कैपिटल्स की ओर से समीर रिजवी ने लगाया शानदार अर्धशतक

एजेंसी



लखनऊ। आईपीएल के पांचवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। यह दिल्ली की लखनऊ पर लगातार पांचवीं जीत रही। इकाना स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

लखनऊ ने 105 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां शाहबाज अहमद इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए और टीम का स्कोर 141 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने भी पावरप्ले में ही 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को जीत दिलाई। दिल्ली से समीर रिजवी ने 70 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 39 रन बनाए। थंगारसु नटराजन और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। वहीं लखनऊ से प्रिंस यादव ने 2 विकेट लिए। मोहसिन खान और मोहम्मद शमी को 1-1 विकेट लिया। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए।

आईपीएल के पांचवें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में डीसी ने बॉलिंग चुनी। होम टीम एलएसजी 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और थंगारसु नटराज ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। लखनऊ से पहली बार ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत 7 रन बनाकर रन आउट हो गए। 19वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर एनरिक नॉर्त्या और चौथी गेंद पर मोहसिन खान को कैच करा दिया।

इसी के साथ लखनऊ 141 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नॉटआउट रह गए। थंगारसु नटराजन ने 18वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने अब्दुल समद को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। समद ने 36 रन बनाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने मोहम्मद शमी को भी कैच करा दिया। नटराजन ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। 16 ओवर के बाद लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बना लिए। कुलदीप ने 2 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 6 रन दिए। 14वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल कुलदीप यादव ने गुड लेंथ पर फेंकी। मुकुल चौधरी डिफेंड करने गए, लेकिन कुलदीप को ही कैच दे बैठे। मुकुल ने डेब्यू मैच में 14 रन बनाए। कुलदीप ने मिचेल मार्श को भी पवेलियन भेजा था। 10वें ओवर में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल कुलदीप यादव ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। मिचेल मार्श लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 35 रन बनाए। 9वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। ओवर की पांचवीं बॉल एनगिडी ने फुलर लेंथ स्लोअर फेंकी। पूरन बोल्ड हो गए, वे 8 रन ही बना सके। 7वें ओवर में लखनऊ ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल थंगारसु नटराजन ने गुड लेंथ पर ऑफ कटर फेंकी। आयुष बडोनी ड्राइव करने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। इसी ओवर में टीम ने फिफ्टी भी पूरी कर ली। पावरप्ले के आखिरी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने ऐडन मार्करम को बोल्ड कर दिया।

अक्षर ने ओवर की आखिरी गेंद गुड लेंथ पर अंडरकट फेंकी। मार्करम कट शॉट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 8 गेंद पर 11 रन बनाए। पावरप्ले में टीम ने 2 विकेट खोकर 48 रन बनाए। लखनऊ ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। ओपनिंग करने उतरे कप्तान ऋषभ पंत नॉन स्ट्राइकर एंड पर रन आउट हो गए। मुकेश कुमार ने ओवर की आखिरी गेंद फुलर लेंथ फेंकी। मिचेल मार्श ने स्ट्रेट ड्राइव शॉट खेला, लेकिन गेंद मुकेश के हाथ से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। स्टंप्स बिखरने के दौरान पंत क्रीज से बाहर थे। इसलिए उन्हें 7 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा। लखनऊ सुपरजायंट्स ने चौंकाने वाला फैसला किया और कप्तान ऋषभ पंत को ओपनिंग करने भेज दिया। वे आमतौर पर 3 या 4 नंबर पर बैटिंग करते हैं। उनके साथ मिचेल मार्श मौजूद रहे। दोनों ने मुकेश कुमार के खिलाफ पहले ओवर में 6 रन बटोरे।

पंत ने चौका लगाकर अपना खाता खोला। वहीं दूसरी ओर जबलपुर रॉयल लायंस ने एमपीएल टी20 क्रिकेट लीग के आगामी सत्र के लिये खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है और पिछले सत्र के उपकप्तान राहुल बाथम को तीन लाख रूपये में बरकरार रखा गया है। तेज गेंदबाज हरफनमौला बाथम भारत की अंडर 19 टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं जब राहुल द्रविड़ कोच थे। पुनीत दाते के लिये सभी टीम के बीच होड़ देखी गई जिसे आखिर में जबलपुर टीम ने दस लाख रूपये में खरीदा।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

कोलकाता। अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा।



केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल



होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा। ग्रीन ने पहले मैच में 10 गेंद पर 18 रन बनाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी प्रबंधन के निर्देशों के कारण उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के कारण केकेआर उनकी जगह पर वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल को अंतिम एकादश में शामिल करने के बारे में सोच सकता है। पॉवेल ने टी20 विश्व कप में 147.52 के स्ट्राइक रेट से 149 रन बनाए।

उन्होंने भारत के खिलाफ इसी मैदान पर सुपर आठ के मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए थे। केकेआर इस मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार करने के बारे में सोच रहा है लेकिन तब भी 200 का स्कोर औसत माना जाएगा। केकेआर का कप्तान अजिंक्य रहाणे की अच्छी शुरुआत से हौसला बढ़ा होगा लेकिन उनका बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना चिंता का विषय होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ रहाणे ने पावर प्ले में 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन उसके बाद अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है क्योंकि 2023 से ही रहाणे पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन इसके बाद उनका स्ट्राइक रेट तेजी से गिर जाता है। सनराइजर्स भी इसी तरह की स्थिति में हैं, क्योंकि उसने अपने अभियान की शुरुआत मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ की थी।

## संक्षेप

### विश्वनाथ, सचिन एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैम्पियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5 -0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैम्पियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

### खेल वर्णमाला की 21 भाषाओं की पुस्तिकाओं का विमोचन

नयी दिल्ली। खेल साक्षरता को बढ़ावा देने और बच्चों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से 21 भाषाओं में तैयार की गई खेल वर्णमाला पुस्तिकाओं का मंगलवार को यहां विमोचन किया गया। इस पुस्तक को स्पोर्ट्सः ए वे ऑफ लाइफ के अध्यक्ष और पिछले लंबे समय से खेलों पर शोध कर रहे डॉ कनिष्क पांडे ने तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिकाएं बच्चों को खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। पांडे ने कहा, जिस तरह से वर्णमाला सिखाना बच्चे की शिक्षा में दिलचस्पी पैदा करने की दिशा में पहला कदम होता है उसी तरह से खेल वर्णमाला बच्चों में खेलों के प्रति दिलचस्पी पैदा करने की दिशा में पहला कदम बन सकता है। उन्होंने कहा, इन पुस्तिकाओं से बच्चों को दोहरा लाभ मिल सकता है। इससे जहां वह शब्द और पढ़ना सीखेंगे वही उनका खेलों के साथ जुड़ाव भी पैदा होगा। यह पुस्तिकाएं हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, मराठी, बांग्ला, खासी, भोजपुरी, बुंदेली, राजस्थानी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, कश्मीरी, पंजाबी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, उड़िया, मलयालम, गुजराती के साथ-साथ दो विदेशी भाषाओं अरबी और नेपाली में तैयार की गई हैं। यह कार्यक्रम राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें अर्जुन पुरस्कार विजेता अशोक कुमार के अलावा इस संगठन के उपाध्यक्ष मिलिंद पांडे भी उपस्थित थे।

# यशोधरा राजे सिंधिया ईएफआई का संचालन करने वाले आईओए तदर्थ समिति का करेंगी नेतृत्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के कामकाज को चलाने के लिए चार सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है। यह फैसला दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों पर किया गया है। आईओए के 27 मार्च के कार्यालय आदेश के अनुसार तदर्थ समिति की अध्यक्षता यशोदरा राजे सिंधिया करेंगी, जबकि अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महसंघ (एफईआई) के निदेशक (शासन) फ्रांसिस्को लीमा, अधिवक्ता विदुषपत सिंघानिया और कर्नल अशोक यादव इसके सदस्य होंगे। आईओए ने कहा कि ईएफआई का संचालन करने और स्वतंत्र रूप से चुनाव कराकर कार्यकारिणी गठित करने के लिए तत्काल प्रभाव से समिति का गठन किया गया है।

यह कदम दिल्ली उच्च न्यायालय के 18 फरवरी के फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने आईओए को एक तदर्थ समिति गठित करने का निर्देश दिया था, क्योंकि ईएफआई की कार्यकारी समिति का कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया था। तब से ईएफआई में चुनाव लंबित हैं, जिसके कारण न्यायिक हस्तक्षेप की नौबत आई। इससे पहले अदालत ने पेरिस 2024 ओलंपिक में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में पूर्व की कार्यकारी समिति को बहाल करने की अनुमति दी थी।

अदालत ने इसके साथ स्थायी समाधान निकाले जाने की बात भी कही थी। आईओए के आदेश के अनुसार, तदर्थ समिति कार्यवाहक निकाय के रूप में कार्य करेगी, जिसके पास ईएफआई के खातों के संचालन, प्रतियोगिताओं के आयोजन और चयन प्रक्रियाओं की देखरेख सहित पूर्ण प्रशासनिक, वित्तीय और नियामक नियंत्रण होगा। समिति को ईएफआई के संविधान को राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 और 2026 के नियमों के अनुरूप तैयार करने, सदस्यता संरचना का पुनर्गठन करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का भी कार्य सौंपा गया है।

# एशियाई कप : भारत ने हांगकांग को 2-1 से हराया

एजेंसी



कोच्चि। अपने पदार्पण मैच में गोल करने के बाद बेहद उत्साहित ऑस्ट्रेलिया में जन्मे भारतीय स्ट्राइकर रयान विलियम्स ने कहा कि भारत की तरफ से खेलना उनका सपना था और उन्होंने मैच से पहले उस पल (गोल करने) को अपने दिमाग में इतनी बार दोहराया था कि जब वह वास्तव में हुआ, तो उन्हें थोड़ा धुंधला सा महसूस हुआ। विलियम्स ने भारत के लिए अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगलवार को यहां चौथे मिनट में ही गोल करके भारत को एशियाई कप क्वालीफाइंग राउंड के मैच में हांगकांग पर 2-1 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विलियम्स ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, मैं लंबे समय से इसका सपना देख रहा था और इसे साकार करने के लिए मैंने बहुत मेहनत की है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि फुटबॉल के गढ़ रहे केरल में खेलते हुए आप पांच मिनट के अंदर गोल करके जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, अचानक सब कुछ धुंधला सा हो गया। मुझे लगता है कि मैं फिसल गया और फिर मैंने दौड़ लगाई।

मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं। क्योंकि मैंने मन ही मन उस गोल को करने का कई बार करने का सपना देखा था और फिर जब वह हुआ तो यह बहुत खास था। तब मैं भावनाओं से भर गया था। आकाश मिश्रा ने 50वें मिनट में भारत के लिए दूसरा गोल किया, जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी था, जिससे खालिद जमील की कोचिंग वाली टीम ने क्वालीफायर के तीसरे दौर में अपनी पहली जीत दर्ज की।

## पोंटिंग ने आक्रामक खेलने को कहा : कोनोली

मुल्लांपुर। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिये आईपीएल में पदार्पण करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कोनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। कोनोली ने जियोस्टार से कहा मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित्त होकर खेलने को कहा। उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिये कहा। यह शानदार टीम प्रयास था।

# सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू, राजकुमार राव बनेंगे दादा

नयी दिल्ली। भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म दादा की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आयेंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। उड़ान और लुटेरा फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा, लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की। भारत के लिये 1992 से 2008 के बीच खेलने वाले गांगुली ने टेस्ट और वनडे में 38 शतक समेत 18575 रन बनाये हैं।

गांगुली ने जुलाई 2025 में पीटीआई को दिये गए इंटरव्यू में कहा कि उन पर बनने वाली फिल्म में उनके किरदार के लिये राव सही पसंद होंगे। उड़ान और लुटेरा फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा, लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू।

# अभिषेक, ईशान टी20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

एजेंसी

दुबई। भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।



गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन सहित शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर है जिसके कारण टीम परेशानी में पड़ सकती है। पिछले कुछ सत्र में गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहा है और यह सिलसिला मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के उसके पहले मैच में भी जारी रहा। इस मैच में गुजरात के मध्य क्रम की कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई।



चोपड़ा ने जियोस्टार पर कहा, गुजरात टाइटन्स के लिए शीर्ष तीन बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वे खुद को कोई दूसरा उपाय खोजने का मौका नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, कई लोग शायद इस बात पर यकीन न करें लेकिन ग्लेन फिलिप्स के 25 रन वास्तव में आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। उनसे और अधिक निरंतरता की उम्मीद की जाती है। वाशिंगटन सुंदर को भी तेजी से रन बनाने की जरूरत है। चोपड़ा ने टीम के चयन और बल्लेबाजी क्रम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, उन्होंने शाहरुख खान को टीम में बनाए रखा है, लेकिन मुझे लगता है कि कुमार कुशाग्र भी चयन के हकदार थे। गुजरात को अपने चौथे, पांचवें और छठे नंबर के बल्लेबाजों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

चोपड़ा ने गिल की कप्तानी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, उनकी रणनीति समझ से परे है। जब मैच लगभग खत्म हो चुका था तब भी मोहम्मद सिराज के दो ओवर बचे थे और प्रसिद्ध कृष्णा को काफी देर से गेंदबाजी के लिए लाया गया। कुल मिलाकर शुभमन गिल की कप्तानी में कुछ कमियां नजर आईं।

# टी20 : जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत




एजेंसी

मुंबई। विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच 2026-27 सत्र के लिए निर्धारित की गई दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में से पहली श्रृंखला होगी। जिम्बाब्वे अगले साल के शुरू में तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। यह मैच तीन, छह और नौ जनवरी को क्रमशः कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले महीने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता था। इससे पहले भारत 2024 और 2007 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका है।

भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां उसने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 4-1 से जीती थी। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पदार्पण मैच में ही नाबाद अर्धशतक लगाने वाले कूपर कॉनली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया का यह युवा बल्लेबाज इस सत्र की खोज होगा। कॉनली अभी 22 वर्ष के हैं। उन्होंने नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब किंग्स को मंगलवार को यहां अपने पहले मैच में गुजरात टाइटन्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। चहल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह अभी केवल 22 साल का है, लेकिन उसमें जीत की प्रबल इच्छा है। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए अपने पहले ही मैच में उसने जिस तरह का प्रदर्शन किया और मैच जिताने वाली पारी खेली, उससे पता चलता है कि वह मानसिक रूप से कितना परिपक्व है।

## कोनोली के शॉट्स शानदार थे : अय्यर

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइटंस को हराने के बाद कूपर कोनाली की बल्लेबाजी की प्रशंसा की जो अंत तक टिककर टीम को जीत तक ले गए। कोनोली की 44 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से शिकस्त दी। अय्यर इस दौरान कोनोली के शॉट से चोटिल भी हुए थे। उन्होंने मैच के बाद कहा, हाथ अब अच्छी स्थिति में है। मैं सकारात्मक रहना चाहता हूं। उन्होंने कोनोली की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, कोनोली ने कुछ ऐसे शॉट्स खेले जो देखने लायक थे, राशिद (खान) को जो उन्होंने बैकफुट पर खेला वो अविश्वसनीय था। अय्यर ने कहा, मैं हाथ पर बर्फ लगा रहा था और अचानक हमने विकेट गंवाना शुरू कर दिया था। संदेश यही था कि मैच को अंत तक ले जाना है। कूपर को मैंने पहले भी प्रदर्शन करते देखा है और हमें उम्मीद है कि वह इस प्रदर्शन को जारी रखेंगे।

# कांग्रेस खुलकर घुसपैठियों का समर्थन करती है

## सत्ता में आई तो वह असम में घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लायेगी: मोदी

असम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे।

मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था। मोदी ने कहा, कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं-एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था। बिस्वनाथ जिले के



बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं कियौ, जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर विकास-विरोधी और भ्रष्टाचार की जननी होने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा के साथ समझौता किया है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को राज्य के विभिन्न जिलों में सत्रों, नामघरों और मंदिरों की जमीनों पर बसने के लिए उकसा रही है, ताकि एक वोट बैंक बनाया जा सके। उन्होंने कहा, भाजपा ने इस सिलसिले में कार्रवाई की है और कब्जा की गई जमीन को अवैध प्रवासियों के चंगुल से मुक्त करा रही है। मोदी ने कहा, कांग्रेस का भ्रष्टाचार कई क्षेत्रों में फैल गया, जिसके कारण वन भूमि और अभयारण्यों पर अतिक्रमण हुआ तथा एक सींग वाले गैंडे का अस्तित्व संकट में आ गया। लेकिन भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने कड़ी कार्रवाई की और स्थिति को पूरी तरह से बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर चाय बागान के मजदूरों को मकान बनाने के लिए भूमि अधिकार न देने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया, असम में चाय उद्योग 200 साल पुराना है। कांग्रेस 60 साल से भी ज्यादा समय तक सत्ता में रही। पार्टी ने चाय बागान के मजदूरों को उनके बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर मजबूर किया, लेकिन भाजपा इस गलती को सुधार रही है। मोदी ने कहा कि भाजपा ने चाय बागान के श्रमिकों को भूमि अधिकार देना शुरू कर दिया है, जो कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं दे पाई। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा असम में फिर से सत्ता में आई तो वह 'राज्य की पहचान की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी और छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया, भाजपा के 10 साल के शासन ने असम में सेवा और सुशासन के नये दौर की शुरुआत की है।

# शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज की आत्मा को आकार देते हैं : मुर्मू



कर्नाटक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज एवं राष्ट्र की आत्मा को आकार देते हैं तथा उनकी आध्यात्मिक विरासत उनके देहावसान के बाद भी देश का पोषण करती रहती है।

अपने अनुयायियों के बीच त्रिविध दासोही (भोजन, आश्रय और शिक्षा) के लिए प्रसिद्ध शिवकुमार स्वामी सिद्धगंगा मठ के पीठाधीश्वर थे। उनका 21 जनवरी 2019 को 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, लोकसेवा और राष्ट्रसेवा परस्पर जुड़े हुए हैं तथा आध्यात्मिकता इन दोनों के लिए एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान करती है। यहां श्री सिद्धगंगा मठ में संत की 119वीं जयंती और गुरुवंदना समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मेरा मानना है कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत हमारे समाज और राष्ट्र की आत्मा को आकार देते हैं। उनका भौतिक शरीर वर्ष 2019 में पंचतत्व में विलीन हो गया, लेकिन उनकी विरासत आज भी समाज और देश का पोषण कर रही है। मुर्मु ने कहा कि गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित संत का जीवन कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति का एक अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने अपनी आध्यात्मिक साधना के माध्यम से कई वर्षों तक मानवता को समृद्ध किया। गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित उनका जीवन तथा कल्याणकारी कार्यों के जरिए आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति एक अनूठा उदाहरण है। कहा जाता है कि इस मठ के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षा की व्यवस्था की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि वंचित और गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना देश का भविष्य निर्माण करना और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाना है।

## संक्षेप

### गेहूं खरीद में देरी पर किसान संगठनों ने आक्रोश जताया

इंदौर। मध्यप्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की सरकारी खरीद में देरी को लेकर किसान संगठनों ने बुधवार को गहरी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर व्यवस्थाओं में लापरवाही का आरोप लगाया। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। मध्यप्रदेश, देश के शीर्ष गेहूं उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार ने निर्णय किया है कि वह गेहूं की खरीद के दौरान किसानों को 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी देगी। यानी राज्य सरकार द्वारा किसानों का गेहूं 2,625 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर खरीदा जाएगा। भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत (इंदौर-उज्जैन संभाग) के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, हर वर्ष 15 मार्च के आस-पास एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद शुरु हो जाती है, लेकिन इस साल इसकी तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से गलत दावा किया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्लास्टिक की बोरियों की किल्लत के चलते गेहूं खरीद टल रही है। गेहूं खरीद में देरी के कारण बैंकों और सहकारी समितियों का कर्ज नहीं चुका पाने से करीब 60 प्रतिशत किसान बकायादार घोषित किए गए हैं।

# इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को हल्के मशीनगन की पहली खेप भेजी

यरुशलम। लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 41,000 इकाइयों के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62ग51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# खेती और तकनीक का संगम ही विकसित भारत का आधार

नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को खेती और तकनीक के संगम को विकसित भारत का आधार बताते हुए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों से जलस्तर में सुधार, कृषि विकास और शहरी खेती को बढ़ावा देने में योगदान का आह्वान किया।

गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए अधिक वृक्षारोपण, वर्टिकल गार्डनिंग, (दीवार, जाली, स्टैंड या पाइप पर पौधे लगाना) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया। गुप्ता ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई) के 122वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कि कहा कि उनकी सरकार ने पहली बार रिज क्षेत्र के लगभग 4200 हेक्टेयर को अधिसूचित कर हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है और आईएआरआई से मिट्टी की उर्वरता, शहरी हरियाली व वैज्ञानिक पौधरोपण के लिए सहयोग मांगा है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और



विद्यार्थियों से जल स्तर में सुधार, कृषि विकास और शहरी खेती को बढ़ावा देने में योगदान का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने खेतों को प्रयोगशालाओं से जोड़ते हुए हरित क्रांति से लेकर आधुनिक तकनीकों तक भारत की खेती को नई दिशा दी है और खाद्य सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न, पोषण और आजीविका सुरक्षा के लिए उन्नत फसल किस्में और प्रिसिशन फ्लोरिकल्चर व लैंडस्केप डिजाइन पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में लगी प्रदर्शनी का दौरा भी किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इन्द्राज सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव एवं महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट समेत कई लोग उपस्थित थे। दिल्ली के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सिंह ने कहा कि दिल्ली के पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करना और पुनर्जीवित करना बेहद जरूरी है क्योंकि इससे दिल्ली के जल स्तर और पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# एक परिवार असम को लूट रहा है : प्रियंका गांधी

असम। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है।

वाद्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। वाद्रा ने दावा किया, असम में एक परिवार सब कुछ लूट रहा है और जब वे लूटपाट नहीं कर रहे होते हैं तो खदानें, जमीनें और हर संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है। उन्होंने असम में



भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। वाद्रा ने दावा किया, भाजपा ने कहा था कि उसने डबलइंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम रहने के लिए भाजपा सरकार पर हमला किया और इस बात पर जोर दिया कि बागानों के लोग संघर्ष कर रहे हैं। लोकसभा सदस्य ने कहा कि विभिन्न जनजातीय समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की वर्षों से मांग कर रहे हैं। भाजपा ने उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि असम की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना अरुणोदय से उनके नाम हटाने की धमकी देकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की रैलियों में जबरन शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की किताब का विमोचन किया

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि भारत में लोकतांत्रिक परंपरायें निरंतर, समावेशी और समाज की गहराइयों में रची-बसी रही हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि ये परंपराएं एक व्यापक सभ्यतागत लोकाचार का अभिन्न हिस्सा हैं, जो संवाद, सहमति और विविध मतों के सम्मान को सर्वोपरि मानता है।

राधाकृष्णन ने राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की किताब टाइड्स ऑफ टाइम : भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का विमोचन करने के बाद संसद परिसर में अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तर में वैशाली से लेकर दक्षिण में कुडावोलाई प्रणाली तक, भारत में लोकतांत्रिक परंपराएं हमेशा से चली आ रही हैं, जो समाज में गहराई से समाई हुई हैं और सभी को शामिल करती हैं। टाइड्स ऑफ टाइम : भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का प्रकाशन लोकसभा सचिवालय ने किया है। इसके विमोचन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद थे। राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने कहा कि ये परंपराएं एक व्यापक सभ्यतागत लोकाचार का हिस्सा हैं, जो संवाद, आम सहमति और विविध मतों का सम्मान करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि यही बात भारत को लोकतंत्र की जननी बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान सदन (पुराना संसद भवन) में मौजूद भित्तिचित्र केवल कलाकृतियां ही नहीं हैं, बल्कि भारत की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाने वाली दृश्य कथाएं हैं। महान तमिल कवि सुब्रमण्य भारती को उद्धृत करते हुए राधाकृष्णन ने भारत के समृद्ध ज्ञान, गरिमा, परोपकार और सांस्कृतिक गहराई पर प्रकाश डाला।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'राजा शिवाजी' का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का पहला टीजर आज जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ डायरेक्शन की कमान भी संभाल रहे हैं। हाल ही में फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' के साथ सिनेमाघरों में इसका एक्सक्लूसिव प्रिव्यू दिखाया गया।

अब इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए ऑनलाइन जारी कर दिया गया है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे मराठी के साथ-साथ हिंदी और तेलुगू भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख के साथ बॉलीवुड और मराठी सिनेमा के कई दिग्गज कलाकार नजर आएंगे। इनमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेन्द्र जोशी जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा बोमन ईरानी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख भी अहम किरदारों में दिखेंगे। मेकर्स ने इस फिल्म को एक बड़े पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की असाधारण विरासत और 'स्वराज्य' की स्थापना के उनके संकल्प पर आधारित है।

टीजर में फिल्म की भव्यता और इमोशनल गहराई की झलक मिलती है। रितेश देशमुख ने एक एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर इस फिल्म में विजुअल ग्रैंड्योर और साहस की कहानी को पिरोने की कोशिश की है। फिल्म के एक्शन सीन्स और सिनेमैटोग्राफी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए फेमस संतोष सिवन को बतौर सिनेमैटोग्राफर जोड़ा गया है। फिल्म को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए बड़े नामों को जोड़ा गया है। फिल्म का जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है।

# सलमान खान की अगली फिल्म में नयनतारा की एंट्री



मुंबई। सलमान खान की अगली बड़ी फिल्म में एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब ये दो बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसबीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। इस फिल्म में दर्शकों को एक्टिंग के दो अलग-अलग स्कूल देखने को मिलेंगे। सलमान खान जहां अपने खास स्वैग वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं, वहीं नयनतारा अपनी इंटेंस और कैरेक्टर-ड्रिवन परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। मेकर्स का मानना है कि सलमान की स्टार पावर और नयनतारा की गहराई वाली एक्टिंग का यह मिश्रण पर्दे पर एक नई केमिस्ट्री पैदा करेगा।

> मेगा प्रोजेक्ट में पहली बार साथ दिखेंगे दोनों कलाकार, अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग

# अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का दुबई शूट कैंसिल



**मुंबई।** ईरान-इजरायल जंग के बीच कई देशों में तनाव है, जिससे कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का शेड्यूल बदला जा रहा है। हाल ही में शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म किंग का दुबई शूट कैंसिल किया गया है, जो 9 अप्रैल से होने वाला था। इसके बाद अब अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल की भी दुबई में होने वाली शूटिंग रद्द कर दी गई है। फिल्म के डायरेक्टर अहमद खान एक गाना दुबई में पूरी स्टारकास्ट के साथ शूट करना चाहते थे। डायरेक्टर ने हालात बेहतर होने का काफी दिनों तक इंतजार किया, लेकिन फिर दुबई शूट कैंसिल करने का फैसला लिया है। अब वो दुबई की जगह मुंबई में ही सेट तैयार करवाएंगे।

> तनाव के चलते मेकर्स अब मुंबई में बनायेंगे सेट, शाहरुख की किंग का भी शेड्यूल बिगड़ा

# जुमानजी 3 पूरी, ड्वेन ने शेयर किए बीटीएस मोमेंट्स



**मुंबई।** फिल्म में डैनी डेविटो, निक जोनास, मारिन हिंकल, बेबे न्यूविर्थ, लैमोर्न मॉरिस और राइस डार्बी जैसे कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन, जिन्हें 'द रॉक' के नाम से भी जाना जाता है, उनकी अगली फिल्म पूरी हो गई है। ये खुशखबरी उन्होंने अपने फैंस को भी दी है। एडवेंचर फिल्म 'जुमानजी 3' के सेट से उन्होंने कुछ बिहाइंड द सीन्स तस्वीरें भी साझा की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। ड्वेन ने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि यह उनके करियर के सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक रहा है। उन्होंने पूरी टीम और कास्ट की जमकर तारीफ की और बताया कि पिछले 10 सालों से इस फ्रेंचाइज के साथ काम करना उनके लिए बेहद खास रहा है। फिल्म का निर्देशन जेक कासडन कर रहे हैं, जबकि इसे सोनी पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहा है। 'जुमानजी' फ्रेंचाइज की पिछली फिल्मों को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके बाद तीसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट पहले से ही हाई है। रिलीज की बात करें तो पहले यह फिल्म 11 दिसंबर 2026 को आने वाली थी लेकिन अब इसे क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर 2026 के लिए शिफ्ट कर दिया गया है।

> ड्वेन ने लिखा – करियर के सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक रहा है




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com